R.N.I. Rg. No. : 35394/77
E-mail : dvp.jhs@gmail.com / vishwapariwar@rediffmail.com
Web. : www.dainikvishwapariwar.com

दैनिक विश्व परिवार

झांसी (उ.प्र.) एवं रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित

● अंक : 179 ● वर्ष : 49 ● झाँसी : शनिवार 4 मई, 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 4 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष श्री कैलाश चन्द्र जैन

सुविचार

दान जीवन में
मिठास भरता है
और संग्रह जीवन
को खारा बनाता है।

आर्यिका श्री 105
पूर्णमति माता जी

संक्षिप्त समाचार

कुत्तों के हमले में डॉक्टर की मौत

अलीगढ़ (एजेंसी)। घटना 16 अप्रैल 2023 की सुबह हुई थी। मेडिकल रोड निवासी यूनीसेफ से सेवानिवृत्त डॉक्टर सफदर अली खान (65) टहलने गए थे। इसी दौरान एएमयू कैंपस में कुत्तों के झुंड ने उन्हें घेर लिया और नोंच-नोंच कर मौत के घाट उतार दिया। घटनाक्रम का सीसीटीवी फुटेज भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय परिसर में कुत्तों के हमले में बुजुर्ग सेवानिवृत्त डॉक्टर की मौत पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने सख्त रुख अपनाया है। आयोग ने इस मामले में अधिकारियों की लापरवाही पर टिप्पणी की है। साथ में पीड़ित परिवार को साढ़े सात लाख रुपये मुआवजे की संस्तुति कर आठ सप्ताह में अनुपालन आख्या मांगी है।

यह घटना पिछले वर्ष 16 अप्रैल की सुबह हुई थी। तब मेडिकल रोड निवासी यूनीसेफ से सेवानिवृत्त डॉक्टर सफदर अली खान (65) टहलने गए थे। इसी दौरान एएमयू कैंपस में कुत्तों के झुंड ने उन्हें घेर लिया और नोच-नोचकर मौत के घाट उतार दिया। घटनाक्रम का सीसीटीवी फुटेज भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। उसके कुछ दिन बाद ही राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने प्रकरण में स्वतः संज्ञान लेकर घटना पर गंभीर चिंता व्यक्त की थी। साथ में प्रदेश के मुख्य सचिव, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के कुलपति और अलीगढ़ नगर निगम के आयुक्त को नोटिस जारी कर 6 सप्ताह के भीतर मामले में विस्तृत रिपोर्ट मांगी थी। राज्य सरकार से यह सूचित करने की अपेक्षा की गई थी कि क्या मृतक के निकटतम संबंधी को कोई राहत दी गई है या नहीं।

गजरौला में दिल्ली की स्पेशल सेल का छापा

गजरौला (अमरोहा) (एजेंसी)। गजरौला के सलेमपुर गौसाई में नशीली दवाएं बनाने की फैक्टरी पकड़ी गई है। यहां दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने छापा मारा। मौके से भारी मात्रा में रसायन, दवाइयां और नकली दवाइयां बनाने का सामान बरामद किया गया है।दिल्ली की स्पेशल सेल ने गजरौला के सलेमपुर गौसाई में नशीली दवाएं बनाने वाली फैक्टरी पकड़ ली। फैक्टरी से हटाकर अहरौला तेजवन में ग्रामीण के घर रखा भारी मात्रा में कच्चा माल बरामद किया। स्पेशल टीम ने ड्रग इंस्पेक्टर अमरोहा, नारकोटिक्स व फोरेंसिक टीम के साथ सुबह से देर शाम तक कार्रवाई की। पुलिस दिल्ली से हरिद्वार के एक युवक को साथ लेकर आई थी। दिल्ली की स्पेशल सैल ने मंगलवार को हरिद्वार निवासी युवक को पकड़ा था। ये युवक दिल्ली में दवाइयों की सप्लाई करता था। आरोप है कि वह दवाइयों की आड़ में नशीली दवाओं का कारोबार करता है।

पूर्व कांग्रेस नेता संजय निरुपम ने थामा शिवसेना का दामन

मुंबई (एजेंसी)। कहा जा रहा था कि निरुपम कांग्रेस के टिकट पर मुंबई उत्तर-पश्चिम लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन एमवीए सहयोगियों के बीच सीट-बंटवारे के समझौते के तहत यह सीट शिवसेना (यूबीटी) की झोली में चली गई। कांग्रेस से निष्काषित संजय निरुपम एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना में शामिल हो गए हैं। मुख्यमंत्री शिंदे की उपस्थिति में उन्होंने शिवसेना की सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस ने अनुशासनहीनता और पार्टी विरोधी बयानों के चलते उन्हें छह वर्षों के लिए निष्काषित किया था। शिवसेना में शामिल होने के बाद, निरुपम ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि मैं 20 साल बाद फिर से शिवसेना में आ गया हूं। मेरी सांसों में शिवसेना ही रही है। हम पार्टी को मजबूत करेंगे और मुख्यमंत्री शिंदे की ताकत को बढ़ाएंगे।

सभा में स्वामी प्रसाद मौर्य पर युवक ने फेंक कर मारा जूता

आगरा (एजेंसी)। स्वामी प्रसाद मौर्य के काफिले को देख आगरा में हंगामा हो गया। अखिल भारत हिंदू महासभा के कार्यकर्ताओं ने काले झंडे दिखाए और कार पर स्याही फेंक दी। इसके बाद डौकी में आयोजित जनसभा में जूता फेंक कर मारा गया।

उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के प्रत्याशी उत्तम सिंह निषाद के समर्थन में डौकी के सती जनसभा करने आए पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य पर अखिल भारतीय हिंदू महासभा के पदाधिकारी बृजेश भदौरिया ने जूता फेंक दिया।इसके पहले फतेहाबाद में भी हिंदू महासभा के कार्यकर्ताओं ने काफिले को रोका था। काले झंडे दिखाकर उनकी गाड़ी पर स्याही फेंकी थी।

पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य फतेहाबाद में होतम सिंह निषाद के समर्थन में आयोजित सभा में जैसे ही माइक पर आए। हिंदू महासभा के पदाधिकारी भदोरिया ने जूता फेंक कर मारा जो कि माइक पर जाकर लगा। पुलिसकर्मियों ने ग्रामीणों के साथ उसे पकड़ लिया।

इससे पहले स्वामी प्रसाद मौर्य के काफिले को रोक लिया गया। आक्रोशित अखिल भारत हिंदू महासभा के कार्यकर्ताओं ने काले झंडे दिखाए। इतनी ही नहीं कार पर स्याही भी फेंक दी गई। इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच तकरार भी हुई। ऐसे विरोध को देख स्वामी प्रसाद मौर्य वापस लौट गए। फतेहबाद क्षेत्र में शुक्रवार को स्वामी प्रसाद मौर्य पहुंचे थे। उनके आगमन की जानकारी जैसे ही अखिल भारत हिंदू महासभा के कार्यकर्ताओं को हुई तो वे एकजुट हो गए। फतेहाबाद चौराहे पर स्वामी प्रसाद मौर्य के काफिले को रोक लिया गया। इस दौरान जोरदार नारेबाजी के साथ स्वामी प्रसाद मौर्य वापस जाओ के नारे लगना शुरू हो गए। पुलिस ने किसी तरह हिंदू महासभा के कार्यकर्ताओं के रोकने का प्रयास भी किया, लेकिन गुस्सा शांत नहीं हो पा रहा था। इस दौरान स्वामी प्रसाद मौर्य के काफिले को काला झंडा दिखाते हुए उनकी कार पर स्याही फेंक दी गई। स्थिती को काबू में करने के लिए पुलिस आगे आई तो महासभा के कार्यकर्ताओं से तीखी तकरार हो गई। इस दौरान अखिल भारत हिंदू महासभा के संजय जाट, मनीष पंडित, सौरभ शर्मा, अंकित चौहान, बाबू भाई, मनीष कुमार, फतेहाबाद विधानसभा अध्यक्ष महेंद्र महंत, राधेश्याम दास महाराज, शांति भाई, वीरेंद्र सिंह समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

उत्तराखंड में बेकाबू हो रही आग

◆ 24 घंटे में 64 जगह धधके जंगल, दो की मौत, सीएम धामी ने बुलाई हाई लेवल मीटिंग

देहरादून/हल्द्वानी (एजेंसी)। उत्तराखंड में शुक्रवार को जंगलों की आग और भड़क गई। 24 घंटे के भीतर वनाग्नि की 64 घटनाएं सामने आई हैं। वहीं, सोमेश्वर के स्यूनराकोट के जंगल में लगी आग दो नेपाली परिवारों पर भारी पड़ी है। जंगल की आग की चपेट में आने से एक श्रमिक की बृहस्पतिवार को मौके पर ही मौत हो गई थी। दूसरे श्रमिक ने बृहस्पतिवार देर रात बेस अस्पताल में तो महिला श्रमिक ने हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) में दम तोड़ दिया है। एक और महिला श्रमिक का हल्द्वानी में इलाज चल रहा है। अब शनिवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वनाग्नि रोकथाम को लेकर उच्च स्तरीय बैठक बुलाई है।

शुक्रवार को प्रदेश में सामने आई वनाग्नि की 64 घटनाओं में गढ़वाल में 30, कुमाऊं में 29 और वन्यजीव क्षेत्रों में पांच घटनाएं शामिल हैं। 24 घंटे के भीतर 74.67 हेक्टेयर जंगल आग की चपेट में आया।

अब तक प्रदेश में 868 घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें गढ़वाल में 344, कुमाऊं में 456 और वन्यजीव क्षेत्रों में 68 घटनाएं शामिल हैं। इनमें कुल 1085.998 हेक्टेयर जंगल आग की चपेट में आ चुका है।

आग पर काबू पाने में विभागों का दम फूल रहा है। उधर, शनिवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी नई दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में वनाग्नि को रोकने के लिए किए जा रहे प्रयासों की उच्चाधिकारियों के साथ समीक्षा करेंगे।

सीएम की ओर से मुख्य सचिव, प्रमुख वन संरक्षक(हॉफ), पुलिस महानिदेशक के साथ ही वनाग्नि से प्रभावित जिलों के जिलाधिकारियों को पूर्व में भी वनाग्नि को रोकने के लिए प्रभावी कार्ययोजना के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए थे।

पुर्तगाली झंडे वाले मालवाहक जहाज के चालक दल को ईरान ने किया रिहा, 16 भारतीय भी हुए आजाद

नई दिल्ली (एजेंसी)। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, चालक दल में 25 लोग शामिल थे, जिसमें 17 भारतीय भी थे। हालांकि, भारतीय चालक दल के सदस्यों में शामिल एकमात्र महिला कैडेट एन टेसा जोसेफ को ईरान की सेना ने पहले ही रिहा कर दिया था।

ईरान ने पुर्तगाली झंडे वाले मालवाहक जहाज एमएससी एरीज के सभी चालक दल को रिहा कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ईरानी विदेश मंत्री अमीर अब्दुल्लाहियन ने शुक्रवार को एस्टोनिया के विदेश मंत्री मार्गस त्साहकना के साथ पर फोन पर बातचीत की और इसी दौरान उन्होंने चालक दल के रिहाई की जानकारी दी।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, चालक दल में 25 लोग शामिल थे, जिसमें 17 भारतीय भी थे। हालांकि, भारतीय चालक दल के सदस्यों में शामिल एकमात्र महिला कैडेट एन टेसा जोसेफ को ईरान की सेना ने पहले ही रिहा कर दिया था। व्हाइट हाउस की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता एड्रिएन वॉटसन ने बताया था कि चालक दल में भारतीय, फिलिपिनो, पाकिस्तानी, रूसी और एस्टोनियाई नागरिक शामिल थे।

ईरान के इस्लामी गणराज्य के क्षेत्रीय जल में जब्त किए गए पुर्तगाली जहाज के बारे में अमीरबदोल्लाहियन ने बातचीत में कहा कि जहाज ने हमारे जल क्षेत्र में अपना रडार बंद कर दिया। उन्होंने नेविगेशन सुरक्षा को खतरे में डाला था। इसलिए उन्हें न्यायिक नियमों के तहत हिरासत में लिया गया था। बातचीत के दौरान अमीरबदोल्लाहियन ने बताया कि ईरान ने पहले ही मानवीय आधार पर जहाज के सभी चालक दल को रिहा कर दिया है।

17 भारतीयों में शामिल एक अकेली महिला कैडेट ऐन टेसा जोसेफ को 18 अप्रैल को रिहा कर दिया गया था। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जयसवाल ने बताया था कि शेष 16 भारतीय चालक दल की रिहाई में कुछ तकनीकी बातें शामिल हैं। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा था कि जहाज में मौजूद सभी भारतीयों का स्वास्थ्य फिलहाल ठीक है। उन्हें ईरानी अधिकारियों द्वारा भारतीय दल तक कॉन्सुलर सेवाएं प्रदान की गई थी। भारतीय अधिकारी लगातार चालक दल के संपर्क में हैं।

इस्राइली अरबपति इयाल ओफर के इस मालवाहक जहाज का नाम एएससी एरीज है। आखिरी बार इस जहाज को दुबई से होर्मुज की तरफ जाते हुए देखा गया था। बताया गया है कि जहाज ने अपना ट्रैकिंग डेटा बंद किया हुआ था। दरअसल, इस्राइल के जहाजों द्वारा इस क्षेत्र से गुजरते समय अक्सर ट्रैकिंग डेटा बंद कर दिया जाता है। ईरानी सेना ने होर्मुज जलडमरूमध्य के पास यह कार्रवाई की थी। जहाज फारस की खाड़ी में मौजूद था। एमएससी एरीज पर पुर्तगाल का झंडा लगा हुआ है।

एमएससी एरीज जहाज कार्गो हेजार्ड ए कैटेगरी का मालवाहक जहाज है। इसकी लंबाई 366 मीटर और चौड़ाई 51.11 मीटर है। जानकारी के मुताबिक एमएससी एरीज 15.5 नॉटिकल मील की रफ्तार से चल रहा था।

गोकशी के बारे में सोचने वालों के लिए खोल दिए जाएंगे जहन्नुम के द्वार : योगी

बरेली (एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में गोकशी करना दूर की बात है कोई उसके बारे में सोचेगा तो उसके लिए जहन्नुम के द्वार पहले ही खुल जाएंगे। फरीदपुर में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए योगी ने सपा और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। बरेली के फरीदपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में अल्पसंख्यकों को खाने-पीने की स्वतंत्रता देने की बात कही है। दरअसल, अल्पसंख्यक समाज को गोमांस पसंद है लेकिन हम ऐसा होने नहीं देंगे। हम गोमाता की रक्षा के लिए जान भी देंगे। गोकशी तो दूर की बात, प्रदेश में कोई इसके बारे में सोचेगा भी तो उसके लिए जहन्नुम के द्वार खोल दिए जाएंगे।

सनकी पूर्व मंत्री ने बीवी को पीट-पीटकर सुलाया मौत की नींद

अस्ताना (एजेंसी)। कजाखस्तान के पूर्व मंत्री कुआंडिक बिशिम्बायेव को अपनी पत्नी की हत्या के आरोप में 20 साल की सजा हो सकती है। इस हत्याकांड का आठ घंटे लंबा सीसीटीवी वीडियो अदालत में दिखाया गया है।

कजाखस्तान के पूर्व मंत्री कुआंडिक बिशिम्बायेव पर अपनी पत्नी साल्टानैट नुकेनोवा की पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप लगा है और इस वारदात की सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है। अब एक बार फिर से कजाखस्तान में इस हत्याकांड की चर्चा हो रही है। 31 वर्षीय साल्टानैट नुकेनोवा को नवंबर 2023 में एक रेस्तरां में मृत पाया गया था। इस रेस्तरां में नुकेनोवा ने अपने पति और कुआंडिक बिशिम्बायेव के साथ रात बिताई थी। बताया गया था कि यह रेस्तरां कुआंडिक के किसी रिश्तेदार का है। अदालत में हुई सुनवाई के दौरान सरकारी वकील ने न्यायाधीश को आठ घंटे लंबा सीसीटीवी वीडियो दिखाया गया, जिसमें पूर्व मंत्री अपनी पत्नी को बुरी तरह से पीटते नजर आ रहे हैं। वीडियो में यह भी दिखा कि 44 वर्षीय कुआंडिक अपनी 31 वर्षीय पत्नी को हाथ और घूंसों से पीट रहे हैं। इसके बाद पूर्व मंत्री अपनी पत्नी साल्टानैट नुकेनोवा के बालों से खींचकर उस कमरे में ले जाते दिखते हैं, जहां कोई कैमरा नहीं था।

सरकारी वकील ने सुनवाई के दौरान कहा कि जब नुकेनोवा ने शौचालय में छिपने की कोशिश की, तो बिशिम्बायेव ने दरवाजा तोड़ दिया और अपनी पत्नी को बाहर निकालकर पिटाई जारी रखी। उन्होंने आगे कहा कि शौचालय से बाहर निकलने के बाद बिशिम्बायेव ने नुकेनोवा को गला दबोचा, जिस वजह से वह अपने होश खोने लगीं। जब वह खून से लथपथ होकर फर्श पर गिरीं, तो बिशिम्बायेव ने उस भविष्यवक्ता को फोन किया, जिसने नुकेनोवा के सुखद भविष्य का आश्वासन दिया था। इस घटना के 12 घंटे के बाद एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घटनास्थल पर ही पूर्व मंत्री की पत्नी को मृत घोषित कर दिया।

एक रिपोर्ट के अनुसार साल्टानैट नुकेनोवा की मौत मस्तिष्क आघात (ब्रेन ट्रॉमा) की वजह से हुई। उनकी नाक की एक हड्डी टूट गई थी और चेहरे, सिर और हाथों पर कई चोटें थीं। उनके पति कुआंडिक बिशिम्बायेव पर अत्यधिक यातना और हिंसा के साथ हत्या का आरोप लगाया गया है, जिस वजह से उन्हें 20 साल तक जेल की सजा भुगतनी पड़ सकती है। कजाखस्तान के लोग अदालत में चले हत्या के मुकदमे को सोशल मीडिया पर देख रहे हैं और देश में लैंगिक समानता को लेकर नई बहस छिड़ गई है।

पीएम मोदी 14 मई को करेंगे नामांकन दाखिल

***वाराणसी** (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी लोकसभा सीट से 14 मई को नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे। इससे पहले 13 मई को वाराणसी में रोड शो भी करेंगे। बता दें कि वाराणसी लोकसभा सीट पर एक जून को वोटिंग होगी।*

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी लोकसभा सीट से 14 मई को नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे। इससे पहले 13 मई को वाराणसी में रोड शो भी करेंगे। बता दें कि वाराणसी लोकसभा सीट पर एक जून को वोटिंग होगी। पार्टी प्रधानमंत्री मोदी की जीत को ऐतिहासिक बनाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। भाजपा के राष्ट्रीय और प्रदेशों के नेता मई के दूसरे सप्ताह से वाराणसी पहुंचना शुरु हो जाएंगे। यहां छोटी-छोटी जनसभाएं करेंगे, पन्ना प्रमुखों के साथ बैठकें करेंगे और मतदाताओं से संपर्क भी करेंगे। इसके अलावा समाज के अलग-अलग लोगों के साथ बैठकें की जाएगी।

बनारस पहुंचने वाले नेताओं की सूची भी तैयार की जा रही है और कार्यकर्ताओं से भी सूची मांगी जा रही है। प्रधानमंत्री के रोड शो को भव्य बनाने के लिए भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल और गुजरात से आए जगदीश पटेल ने बैठकें शुरू कर दी हैं।

इसमें महिला मोर्चा की भी प्रमुख भूमिका रहने वाली है। महिलाओं के ग्रुप के अलावा, युवा बाइकों से भी रहेंगे और नामांकन के एक दिन पहले सभी शीर्ष नेता भी वाराणसी पहुंच जाएंगे। इसके बाद कुछ नेता मतदान तक बनारस में ही प्रवास करेंगे और यहां चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी संभालेंगे। वहीं कुछ महिला नेताओं की एक सूची भी तैयार की जा रही है, अंतिम सप्ताह में कुछ छोटी-छोटी जनसभाएं अपना दल की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल से भी कराई जाएंगी और ग्रामीण क्षेत्र में सुभासपा के ओमप्रकाश राजभर जनसभाएं करेंगे। इसी बीच रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

इंडिया गठबंधन की ओर से पीएम मोदी को इस बार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय से टक्कर मिलेगी। वहीं, बहुजन समाज पार्टी ने सैयद नियाज अली मंजू को उम्मीदवार घोषित किया है। बसपा ने इससे पहले अतहर जमाल लारी को टिकट दिया था लेकिन, उनका टिकट काटकर अब सैयद नियाज अली को मौका दिया है।

तिहाड़ में खूनी खेल : खाने को लेकर दो कैदी भिड़े

◆ अफगानी अपराधी ने हाथ से बनाए हथियार से कर दी हत्या

नई दिल्ली (एजेंसी)। तिहाड़ जेल नंबर तीन में एक कैदी ने दीपक नाम के कैदी की हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि खाने को लेकर दोनों में विवाद हुआ था। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

एशिया की सबसे सुरक्षित तिहाड़ जेल में शुक्रवार दोपहर दो कैदियों के बीच खूनी झड़प हो गई। जेल नंबर तीन में बंद एक अफगानी कैदी से खाने को लेकर हुए विवाद में दीपक सोनी नाम के कैदी को चाकूनुमा हथियार से हत्या कर दी। आरोपी ने हाथ से तैयार हथियार से दीपक के सीने पर वार कर दिया। झड़प के दौरान आरोपी और एक जेलकर्मी भी घायल हो गए। तीनों को डीडीयू अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने दीपक को मृत घोषित कर दिया। वहीं दोनों को प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी। पुलिस हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। साथ ही मामले की न्यायिक जांच के आदेश दे दिए गए हैं। मृत दीपक सोनी (29) शकूरपुर इलाके का रहने वाला था। उसे 2018 में पश्चिम विहार इलाके में लूटपाट के दौरान हुई हत्या के एक मामले में गिरफ्तार किया गया था। वह जेल नंबर तीन में बंद था। वह जेल में सेवादार का काम करता था। वहीं आरोपी की पहचान अफगानी निवासी अब्दुल बशीर अखोंदजादा (44) के रूप में हुई है। वह लाजपत नगर में फुटपाथ पर रहता था। 2019 में लाजपत नगर में हत्या के प्रयास के एक मामले में उसे गिरफ्तार किया गया था। उसके बाद से वह जेल नंबर तीन में बंद था।

जेल सूत्रों के मुताबिक शुक्रवार दोपहर 12.30 बजे दोनों कैदी एक वार्ड में मौजूद थे। इसी दौरान उनके बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। उसके बाद बशीर ने हाथ से बने हथियार से दीपक पर हमला कर दिया।

राहुल गांधी के पास 20 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति

◆ नहीं है खुद की कोई गाड़ी, 49 लाख की है देनदारी भी

रायबरेली (एजेंसी)। राहुल गांधी के पास अपनी खुद की कोई गाड़ी नहीं है। हालांकि उनकी आर्थिक हैसियत 20 करोड़ से ऊपर की है। उनके पास सोन और चांदी के जेवर भी हैं। कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी के आगे भाजपा के प्रत्याशी और प्रदेश के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह की हैसियत बहुत कम है। राहुल गांधी के पास 20.29 करोड़ की चल-अचल संपत्ति है तो दिनेश की हैसियत 4.51 करोड़ है। यह दीगर बात है कि दिनेश की हैसियत पांच साल में 1.55 करोड़ बढ़ी है। 2019 में उनकी हैसियत 2.96 करोड़ थी। उनके नाम पिस्टल, रायफल हैं। 2019 में दिनेश के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन, सड़क जाम समेत तीन मुकदमे विचाराधीन थे, लेकिन वर्तमान में एक भी मामला नहीं है। दो लग्जरी गाड़ियों में अब एक ही बची है। लोकसभा चुनाव में भाजपा से पर्चा दाखिल करने वाले दिनेश प्रताप सिंह ने अपनी चल-अचल संपत्ति का ब्योरा दिया है।

यमुना नहर में 12वीं के दो छात्र डूबे, गोताखोरों की मदद से शव निकाले

यमुनानगर (हरियाणा) (एजेंसी)। पश्चिमी यमुना नहर में कृष व मयंक नहाते हुए नहर में ज्यादा अंदर चले गए। गहराई होने के कारण वहां पर पानी के कुंड बने हुए थे। दोनों ही खुद को संभाल नहीं सके और पानी में डूब गए। यमुनानगर के प्रतापनगर खंड के भूड़कलां में ताउ देवी लाल हर्बल पार्क के पास पश्चिमी यमुना नहर में आज दोपहर 12वीं कक्षा में पढ़ने वाले दो छात्र डूब गए। दोनों छात्र अपने सात-आठ अन्य दोस्तों के साथ नहाने के लिए पश्चिमी यमुना नहर में गए थे। नहाते समय भंगेड़ा गांव निवासी 17 वर्षीय कृष और कड़कौली निवासी 17 वर्षीय मयंक गहराई में चले गए।

नहाते समय दोनों डूबने लगे तो बाकी छात्र घबरा कर बाहर आ गए। वह उन्हें बचाने के लिए लोगों से मदद मांगने लगे। परंतु इससे पहले की कोई मदद के लिए आगे आता दोनों पानी में डूब गए। सूचना पाते ही दोनों के परिजन व पुलिस मौके पर पहुंची। गोताखोरों की मदद से दोनों के शव नहर से निकाल लिए गए। दोनों का पोस्टमार्टम शनिवार को कराया जाएगा। कृष व मयंक के अलावा जो अन्य छात्र नहर में नहाने गए थे वह सभी राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रतापनगर के छात्र हैं। सभी छात्रों का 11वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम तीन दिन पहले ही आया था। सभी अब 12वीं कक्षा में हुए थे।

शिवराज ने विदिशा में की सभा, बोले- चिंता मत करना दिल्ली जा रहा हूं फिक्र अभी बाकी है

विदिशा/भोपाल (एजेंसी)। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान विदिशा में प्रचार कर रहे हैं। चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने भावुक भाषण दिया। उन्होंने कहा कि मैं भारी मन से कह रहा हूं कि, आपको छोड़ नहीं सकता। मैं जिऊंगा तो आपके लिए और मरूँगा तो आपके लिए। ये चुनाव परिवार का चुनाव है।

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को विदिशा लोकसभा के रेहटी, बकतरा, शाहगंज और उमरावगंज में जनसंपर्क कर जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि तुम चिंता मत करना अब मैं दिल्ली जा रहा हूं, फिक्र अभी बाकी है, और अपनी जनता-जनार्दन की जिंदगी बेहतर बनाने के लिए वहां से भी काम करना है। शिवराज ने कहा मैं नेता और आप जनता नहीं हैं, हम सब एक परिवार है। तुमसे ही मेरा अस्तित्व है और मैंने पूरे हिंदुस्तान में तुम्हारी पहचान बनाने की कोशिश की है। मेरे लिए जनता की सेवा ही भगवान की पूजा है। यहां रहकर मैंने आप लोगों की एक-एक तकलीफ दूर करने की कोशिश की है। अब पार्टी ने तय किया है कि मैं दिल्ली जाऊं। अब विधायक के नाते मेरा विदाई का समय है। इसलिए आज मैं आपसे कहने आया हूँ, कि अगर मैंने अच्छा काम किया है, तो ऐसी विदा देना कि पूरे देश में मेरा काम दिखे। मैं भारी मन से कह रहा हूं कि, आपको छोड़ नहीं सकता। मैं जिऊंगा तो आपके लिए और मरूँगा तो आपके लिए। ये चुनाव परिवार का चुनाव है। इस चुनाव में सांसद का फैसला नही होना बल्कि इस चुनाव में फैसला होना है कि कोई अच्छा काम करता है तो जनता उसे उठाकर कैसे ऊपर ले जाती है।

पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, तुम ही शिवराज हो, तुम ही विदिशा से उम्मीदवार हो, सभी भाई, सभी बहनें और भांजे-भांजियां घरों से निकलें और चार दिन बचे हैं, ये चार दिन मुझे दे दीजिए और चुनाव प्रचार में जुट जाएं। घर-घर संपर्क करें और भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान के लिए लोगों को प्रेरित करें। गर्मी के दिन हैं लेकिन ये राष्ट्र के भविष्य और निर्माण का चुनाव है। इसलिए 100 प्रतिशत मतदान होना चाहिए। वहीं शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मैंने विधायक रहते भी इस क्षेत्र की जनता की दिन-रात सेवा की है और आगे भी जितना जीवन बचा है वो जनता की सेवा में ही न्यौछावर करूंगा। तुम चिंता मत करना अब मैं दिल्ली जा रहा हूं, फिक्र अभी बाकी है, और अपनी जनता-जनार्दन की जिंदगी बेहतर बनाने के लिए वहां से भी काम करना है। अब विदिशा में विकास कार्यों को आगे बढ़ाना है, चाहे सिंचाई की व्यवस्था हो, चाहे शिक्षा हो, बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए सीएम राइज् स्कूल खोले गए हैं। गरीब के बेटा-बेटी के लिए मेडिकल और इंजीनियरिंग की फीस माता-पिता नहीं बल्कि राज्य सरकार भरेगी। हर वर्ग के विकास के लिए भाजपा ने काम किए हैं। हम सबको मिलकर विदिशा संसदीय क्षेत्र को आदर्श लोकसभा बनाना है। पूर्व सीएम ने कहा कि, आप जीत का रिकॉर्ड बनाएं और मैं विकास का रिकॉर्ड बनाऊंगा।

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, मैं हर कार्यक्रम का शुभारंभ बहन-बेटियों की पूजा कर करता हूं। बहनें मेरे लिए देवी की मूर्तियां हैं और बेटियां साक्षात देवी हैं। मैं बहन-बेटियों के पैर धोकर पानी माथे से लगाता हूं तो मेरे काम करने की ऊर्जा कई गुना बढ़ जाती है। बचपन में मैंने बेटा-बेटी में भेदभाव होते देखा था, बहनों के दुख-दर्द और तकलीफ देखी थी। तब मन में बहुत पीड़ा होती थी। इसलिए मुख्यमंत्री बनते ही सबसे पहले लाड़ली लक्ष्मी योजना शुरू की और 50 लाख से ज्यादा बेटियों को लाड़ली लक्ष्मी बनाया। फिर कन्या विवाह योजना के अंतर्गत लाखों बेटियों की शादी करवाई। स्थानीय निकायों में बहनों को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया, ऐसा करने वाला मध्यप्रदेश पूरे देश में पहला राज्य है। फिर लाड़ली बहना योजना बनाकर एक झटके में ही 1 करोड़ 32 लाख बहनों को लाड़ली बहना बनाकर उनके खाते में पैसे डाले। इस योजना ने बहनों का जीवन बदल दिया, बहनों का आत्मविश्वास और सम्मान बढ़ा दिया, लेकिन अब यहीं नहीं रूकना है। अब बहनों को लखपति दीदी बनाना है। लखपति दीदी का मतलब हर बहन की सालाना आय 1 लाख रूपए से अधिक हो। पूर्व सीएम ने कहा कि, मोदी जी युगपुरूष, युगदृष्टा हैं। मोदी जी के नेतृत्व में एक सम्पन्न और समृद्ध भारत का निर्माण हो रहा है। कांग्रेस की सरकार में दुनिया में कहीं भी भारत का कोई मान-सम्मान नहीं था।

संक्षिप्त समाचार

फर्जीवाड़े पर बीएसए ने नोटिस देकर मांगा जवाब

बांदा। एमडीएम में जमकर गड़बड़ झाला किया जा रहा है। छात्रों की अधिक संख्या दिखाकर अपनी जेबें भरने का काम जिम्मेदार कर रहे हैं। बेसिक शिक्षा के क्रियान्वयन हेतु लागू किए गए प्रेरणा तकनीकी फ्रेमवर्क के अंतर्गत प्राथमिक एवम उच्च प्राथमिक विद्यालयों के निरीक्षण कार्य के दौरान कमियां उजागर हुई।इस दौरान विद्यालय में तैनात प्रधानाध्यापकों के द्वारा फर्जी छात्रांकन दिखाकर राशन का गबन किए जाने के मामले में बेसिक शिक्षा अधिकारी ने नोटिस देकर विभिन्न विद्यालयों से जवाब मांगा गया। प्रेरणा निरीक्षण ऐप पर लगातार घपले बाजी की जा रही थी।इस दौरान ब्लाक स्तरीय टास्क फोर्स और खंड शिक्षा अधिकारी सहित जिला समन्वयको द्वारा ब्लाक क्षेत्र के विद्यालयों का निरीक्षण कर फर्जीवाड़े की सूचना जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय को दी गई।इस दौरान प्राथमिक विद्यालय लहुरेटा,में निरीक्षण के दौरान नामांकन 338 के सापेक्ष में छात्र उपस्थिति और एमडीम पंजिका में प्रतिदिन फर्जी तरीके से एक सैकड़ा से अधिक छात्र छात्राओं की उपस्थिति दर्शाए जाने का कार्य,और बच्चो की फर्जी उपस्थिति दर्शाकर विभाग को भ्रामक सूचनाएं देकर खाद्यान्न का गबन किया जा रहा था।साथ ही विद्यालय के डिजिताइजेशन के अंतर्गत प्रेरणा ऐप पर छात्र उपस्थिति पंजिका एवम एमडियम को अद्यतन नही किया जा रहा था।इसी प्रकार प्राथमिक विद्यालय जबरापुर भाग एक में नामांकित 55 बच्चो के सापेक्ष निरीक्षण के दौरान स्कुल में आठ बच्चे उपस्थित पाए गए।विद्यालय के प्रधानाध्यापक के द्वारा छात्र उपस्थिति एवम मिड डे मिल पंजिका में प्रतिदिन 24से अधिक बच्चो की उपस्थिति दर्शाए जाने का कार्य किया जा रहा था।वही निरीक्षण के दौरान प्राथमिक विद्यालय बरकोला कला में नामंकित 110 बच्चो के सापेक्ष मात्र 7 छात्र-छात्राएं मौके पर उपस्थित मिले।जबकि छात्र उपस्थिति और मिड डे मिल पंजिका में प्रतिदिन 70 से अधिक बच्चो की उपस्थिति दर्शा कर फर्जीवाड़ा कर खादान्य का गबन किया जा रहा था।इस संदर्भ में बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रिंशी मौर्या मामले को संज्ञान लेकर दोषी शिक्षको को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

महिला जैन मिलन ने की गौ सेवा और चैराहे पर दी पानी की टंकी

ललितपुर। भारतीय जैन मिलन के 59 वे स्थापना दिवस पर नगर में वढते तापमान पर जैन समाज ने मूक पशुओं एवं जरूरतमंदों के लिए पुण्य के कार्य शुरू किए इसी के अन्तर्गत भारतीय जैन मिलन अरिहंत शाखा ने नगर के वर्णी चैराहे स्थित राजकीय पशु चिकित्सालय में पहुचकर बीमार पशुओं को औषधि, चारा पानी का प्रबंध कर सेवा की। चिकित्सालय एवं चैराहे पर पानी की टंकी रखवाई जिसके माध्यम से मूक पशु भीषण गर्मी में इधर उधर न भटक सकें। जैन मिलन की अध्यक्ष मधु खजुरिया ने बताया कि जैन मिलन का प्रयास है कि नगर के सभी चैराहों पर पानी की टंकी की व्यवस्था की जाए जिससे मूक पशुओं को पानी की व्यवस्था हो सके और कोई पशु प्यासा न रहे। इस मौके पर अध्यक्ष मधु खजुरिया, मीना जैन, किरण सतभैया, जयंती अलया, संध्या नायक, श्रद्धा जैन, सुधा जैन, छाया सिंघई, वीणा जैन, रेखा जैन, नम्रता जैन, अनीता जैन उमा किरण जैन आदि मौजूद रहे।

तीन अभियुक्तों को न्यायालय ने किया जिला बदर

बांदा। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में पुलिस द्वारा लगातार ऐसे अराजक तत्वों पर कार्यवाही की जा रही है जो लोकसभा चुनाव को प्रतिकूल तरीके से प्रभावित कर सकते है । इसी क्रम में 03 अभियुक्तों को गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट बांदा द्वारा 06 माह के लिये जिला बदर घोषित कराया गया । गौरतलब हो कि अभियुक्त भूरू तिवारी पुत्र बग्गड़ उर्फ रमाशंकर तिवारी निवासी गिरवां थाना गिरवां जनपद बांदा । संत कुमार उर्फ संतु पुत्र रामदीन निवासी भरखरी थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा तथा रोमन उर्फ रोमा वर्मा पुत्र रुपनारायण निवासी धौसड़ थाना तिन्दवारी जनपद बांदा लगातार आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त है जिन पर क्रमशः थाना गिरवां, थाना कोतवाली नगर तथा तिन्दवारी पर अभियोग पंजीकृत है । अभियुक्त किसी न किसी माध्यम से लोकसभा चुनाव को प्रतिकूल तरीके से प्रभावित कर सकते थे । पुलिस द्वारा अभियुक्तों पर कार्यवाही करते हुए न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट बांदा द्वारा गुण्डा अधिनियम 1970 के तहत गुण्डा घोषित कराते हुये 06 माह के लिये जिला बदर कराया गया ।

भाजपा प्रत्याशी के लिए किया जन सम्पर्क

एरच। झाँसी भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी के समर्थन मे घर घर जाकर के बोट मांग कर सरकार की उपलब्धियो को बताया प्रदेश सयोंजक एंव पूर्व राज्य सभा सदस्य जयप्रकाश निषाद के निर्देशन पर क्षेत्रीय सह सयोंजक मत्सय प्रकोष्ठ कानपुर बुदेलखंड रविन्द्र केवट ने क्षेत्र के कई गांव मे पार्टी कार्यकर्ताओ के साथ भ्रमण कर समाज के लोगो से सर्म्पक कर उन्हे केन्द्र एंव् प्रदेश सरकार के द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओ के बारे मे अबगत कराते हुए बताया कि आज देश सर्वोच्च उचाई पर है ओर प्रदेश मे अमन चेन का माहौल है भाजपा ही सभी बर्गो के साथ लेकर चलने बाली पार्टी है इसमे मे सभी का हित है उन्होने जालौन गरोठा भोगनीपुर प्रत्याशी भानुप्रताप सिंह वर्मा को बिजयी बनाने की अपील की है इस अबसर पर दीपक रत्नाकर,सोरभ राठोर,हिरदेश वर्मा,बिनोद केवट,नरेन्द्र केवट के अलावा कई लोग शामिल रहे

शादी समारोह मे महिलाओ से छेडछाड एंव लूटपाट करने का आरोप तीने के बिरूद्व मुकदमा दर्ज

एरच। झाँसी शादी समारोह के बाद धर पर चल रहे नाच गाने के बीच दंबगो ने आकर के महिलाओ से अभद्रता एंव लूटपाट किए जाने का मामला प्रकाश में आया है पुलिस ने पीडित की तहरीर पर तीन के बिरूद्व मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है थाना के गाव बिलाटी करके निवासी चिनोद पुत्र उदयभान अहिरवार ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि बीते 18 अप्रैल को उसके पुत्र की शादी थी शादी के बाद दसरे दिन बरात घर पर लोट आने के बाद खुशी का माहौल था घर पर नाच गाने के माहोल के बीच गांव के ही तीन लोग आए और वह महिलाओ के बीच जाकर के उनके साथ अभद्रता करने लगे जिसका वहां पर मौजद रिशतेदारो एंव परिजनों ने बिरोध किया तो दंबगो ने महिलाओ के दुपटटे एंव गले से मंगल सूत्र छीन कर गाली गलौच और मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए पीडित की तहरीर पर पुलिस ने निखिल , रणवीर , संतोष निवासीगण बिलाटी करके के बिरूद्व 392,354,323,504,506 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है घटना को लेकर के थाना प्रभारी निरीक्षक अमीराम सिंह का कहना है कि जांच के दोरान लूट एंव छेडछाड की घटना असत्य पाई गई है केबल मारपीट एंव गाली गलोच की घटना को अंजाम दिया गया है।

अंडर पास न बनने से नाराज ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव बहिष्कार की घोषणा की

उन्नाव । अचलगंज ्कानपुर लखनऊ एक्सप्रेस वे निर्माण से सिकन्दरपुर कर्ण ब्लॉक के ताजपुर नौबस्ता गाँव का संपर्क मार्ग बंद हो गया।नाराज एक सैकड़ा ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर लोकसभा चुनाव बहिष्कार की घोषणा की। सिकन्दरपुर कर्ण ब्लॉक के ताजपुर नौबस्ता गाँव से रायबरेली रोड पर जाने के लिए एक खड़ंजा लगा है।जिससे ताजपुर सहित एक दर्जन गांवों के लोग उन्नाव लालगंज राजमार्ग पर जाते हैं।कानपुर लखनऊ एक्सप्रेस वे बनने से इस खड़ंजे से गाँव का आवागमन बन्द हो गया है।ग्रामीणों का कहना है कि खड़ंजे पर अंडर पास क्यो नही बनाया गया।इसी मार्ग से ताजपुर नौबस्ता सहित अन्य गाँवों के लोग उन्नाव लालगंज मार्ग पर जाते हैं।सड़क के दूसरी ओर पड़ने वाले खेतों में जाने का यही एकमात्र रास्ता है।रास्ता बंद हो जाने से ग्रामीणों को कई किलोमीटर का चक्कर लगा कर जाना पड़ेगा।एक्सप्रेस वे में अंडर पास बनाये जाने को लेकर ग्रामीण मंगलवार से प्रदर्शन कर रहे हैं।ग्रामीणों ने कहा कि अगर अंडर पास नही बनाया गया तो पूरा गांव चुनाव का बहिष्कार करेगा।अंडर पास बनाये जाने के लिए केंद्रीय सड़क और परिवहन मंत्री नितिन गडकरी सहित मुख्यमंत्री, सांसद और क्षेत्रीय विधायक को पत्र भेजा गया है लेकिन किसी की तरफ से कोई आश्वासन नही मिला।निराश ग्रामीणों ने गांव के बाहर प्रदर्शन करते हुए चुनाव बहिष्कार करने का एलान किया है।

लोकसभा प्रेक्षक ने डीएम के साथ एमसीएमसी सेल का किया निरीक्षण

एफएसटी एवं एसएसटी द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की

बांदा। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 48-बांदा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्रीमती वी0कलाइराशि, आईएएस ने कलेक्ट्रेट में स्थापित नामांकन स्थल, नामांकक्ष में नामांकन से सम्बन्धित प्रक्रिया एवं व्यवस्था, डिस्ट्रिक कन्ट्रोल सेन्टर (डीसीसी) / सी-विजल एवं शिकायत अनुवीक्षण नियंत्रण कक्ष एवं काल सेन्टर तथा मीडिया सर्टिफिकेशन एण्ड मानीटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) सेल का निरीक्षण किया। उन्होंने डिस्ट्रिक कन्ट्रोल सेन्टर (डीसीसी) / सी-विजल एवं शिकायत अनुवीक्षण नियंत्रण कक्ष एवं कॉल सेन्टर में निर्वाचन से सम्बन्धित प्राप्त हो रही शिकायतों के सम्बन्ध में उपस्थित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त करते हुए शिकायतों के प्रतिदिन निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होंने सी-विजल ऐप के माध्यम से प्राप्त हो रही शिकायतों की प्रक्रिया एवं निस्तारण करने तथा एफएसटी एवं एसएसटी द्वारा किये जा रहे कार्यों के सम्बन्ध में भी जानकारी ली और निस्तारण अभिलेखों को भी चेक किया। इसके उपरान्त उन्होंने मीडिया सर्टिफिकेशन एण्ड मॉनीटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) सेल द्वारा किये जा रहे कार्यों मॉनीटरिंग के बारे में नोडल अधिकारी एमसीएमसी से जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के समय जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट श्रीमती दुर्गा शक्ति नागपाल ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन से सम्बन्धित नामांकन कार्यों एवं व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी।निरीक्षण में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0/उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक / प्रभारी अधिकारी एमसीसी अमिताभ यादव, कोषाधिकारी/नोडल अधिकारी ब्यय अनुवीक्षण विनोद कुमार, नोडल अधिकारी एमसीएमसी मनोज श्रीवास्तव व सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

तीसरे चरण के लिए अतिरिक्त पुलिस फोर्स को एएसपी ने ब्रीफ कर किया रवाना

बांदा। लोकसभा चुनाव-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु तृतीय चरण के मतदान हेतु जनपद बांदा से लगाये गये अतिरिक्त पुलिस बल को आज अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्र द्वारा पुलिसकर्मियों को पुलिस लाइन में ब्रीफ कर रवाना किया गया पुलिस बल की ब्रीफिंग कर उन्हे यात्रा तथा मतदान के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में हिदायत दी गयी साथ ही निर्देशित किया गया कि सतर्क एवं संवेदनशील रहकर चुनाव ड्यूटी करें यह एक महत्वपूर्ण ड्यूटी है । लोकतंत्र के इस महापर्व में अपना अभूतपूर्व योगदान देकर बूथ पर मतदाताओं के साथ विनम्र व्यवहार रखें तथा यह भी ध्यान रखें कि बूथ पर आने वाले मतदाताओं को किसी भी प्रकार की समस्या न होने पाये । सतर्क होने के साथ-साथ निष्पक्ष एवं तटस्थ रहें । अपर पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा हिदायत दी गई कि स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें तथा प्रदान की गई दवाओं की किट को हमेशा अपने पास रखें ताकि समय पर उपयोग किया जा सके । इस दौरान यदि किसी पुलिसकर्मी को कोई स्वास्थ समस्या या अन्य कोई पारिवारिक या व्यक्तिगत समस्या होती है तो वे सीधा उनसे सम्पर्क कर सकते हैं ।

नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप

पिता की शिकायत पर मनचले के खिलाफ मामला दर्ज

ललितपुर। थाना पाली क्षेत्र के कस्बे के बाहरी इलाके में रहने बाली एक नाबालिग किशोरी अचानक अपने गांव से उस समय गायब हो गई, जब वह काम को निपटाने के लिए गई थी। जब वह बापिस नहीं लौटी, तो पिता ने काफी खोजबीन की। इस खोजबीन में पिता को पता चला कि गांव का ही एक मनचला उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया है, तो उसने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया। कस्बा पाली अंतर्गत कस्बा के बाहरी इलाके में रहने बाले एक ग्रामीण ने पाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर अवगत कराया कि दिनांक 29 अप्रैल 2024 को दोपहर करीब तीन बजे उसकी 16 बर्षीय नाबालिग पुत्री निजी काम से गई थी, लेकिन वह बापिस नहीं लौटी। जब उसकी पुत्री उसे काफी दे तक दिखाई नहीं दी, तो उसने उसकी काफी खोजबीन की, परिजनों के साथ साथ आसपास के लोगों से पूंछतांछ की। इस पूंछतांछ के दौरान उसे पता चला कि उसकी पुत्री को गांव में ही रहने बाला दबंग प्रबृत्ति का मनचले किस्म का शौहदा गुल्ले पुत्र पप्पू बरार बहला फुसलाकर कर अपने साथ कहीं भगा ले गया है। थाना पाली पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर पीड़िता के पिता द्वारा दिये गए शिकायती पत्र पर आरोपी मनचले के खिलाफ धारा 363 में मामला पंजिकृत कर विवेचना प्रारम्भ कर दी है।

विकासखण्ड-मड़ावरा के ग्राम पंचायत वनगुवां एवं लखंजर में सोलर पावर प्लान्ट की हुई मरम्मत

ललितपुर। पूर्व में वित्तीय वर्ष 2015-16 में विकासखण्ड मडावरा के ग्राम पंचायत वनगुवां के 04 मजरों वनगुवां, बानई, हीरापुर, पापड़ा एवं ग्राम पंचायत लखंजर में सोलर पावर प्लान्ट मिनी ग्रिड की स्थापना की गयी थी लेकिन विभिन्न कारणां से यह विगत कई वर्षो से अक्रियाशील थे। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने इनकी मरम्मत कराकर क्रियाशील कराये है।

1-वनगुवां-में स्थापित 15 किलोवाट क्षमता के सोलर पावर प्लान्ट मिनी ग्रिड की मरम्मत सी0एस0आर0 फण्ड से कराकर क्रियाशील कराये गये है। इससे 70 घरों में 02 बल्ब एवं 01 पंखे को चलाने हेतु विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की गयी है। इसके साथ ही मजरे में 20 स्ट्रीट लाइट भी लगायी गयी है।

2-ग्राम पंचायट कुर्रट के राजस्व ग्राम लखंजर में स्थापित 25 किलोवाट क्षमता के सोलर पावर प्लान्ट मिनी ग्रिड की मरम्मत सी0एस0आर0 फण्ड से कराकर क्रियाशील कराये गये है। इससे 160 घरों में 02 बल्ब एवं 01 पंखे को चलाने हेतु विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की गयी है। इसके साथ ही मजरे में 25 स्ट्रीट लाइट भी लगायी गयी है।

3-बारई-में स्थापित 15 किलोवाट क्षमता के सोलर पावर प्लान्ट मिनी ग्रिड की मरम्मत सी0एस0आर0 फण्ड से कराकर क्रियाशील कराये गये है। इससे 65 घरों में 02 बल्ब एवं 01 पंखे को चलाने हेतु विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की गयी है। इसके साथ ही मजरे में 15 स्ट्रीट लाइट भी लगायी गयी है।

4-पापड़ा-में स्थापित 05 कलोवाट क्षमता के सोलर पावर प्लान्ट मिनी ग्रिड की मरम्मत जिला खनिज निधि से रू0 4.95 लाख कराकर क्रियाशील कराये गये है। इससे 25 घरों में 02 बल्ब एवं 01 पंखे को चलाने हेतु विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की गयी है। इसके साथ ही मजरे में 07 स्ट्रीट लाइट भी लगायी गयी है।

5-हीरापुर में स्थापित 05 किलोवाट क्षमता के सोलर पावर प्लान्ट मिनी ग्रिड की मरम्मत जिला खनिज निधि से रू0 4.95 लाख की लागत से कराकर क्रियाशील कराये गये है। इससे 22 घरों में 02 बल्ब एवं 01 पंखे को चलाने हेतु विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की गयी है। इसके साथ ही मजरे में 06 स्ट्रीट लाइट भी लगायी गयी है।

रक्तदान किए जाने से कई जिंदगियां को बचाया जा सकता है: दीपक राठौर

- जय अम्बे रक्तदान समिति ललितपुर (रजि.) की तरफ से दीपक सुनेजा ने किया 15वीं बार 15 वर्षीय कुमारी छाया निवासी ग्राम बामोरी कलां को रक्तदान

ललितपुर। रक्तदान श्रेष्ठदान व श्रेष्ठ कर्म है और प्रत्येक इंसान को इंसानियत की खातिर अपने जीवन में रक्तदान अवश्य करना चाहिए। इंसान द्वारा दान किया गया रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति के प्राणों की रक्षा करता है और इससे ज्यादा सुकून की बात किसी रक्तदाता के लिए नहीं हो सकती। इसी क्रम में जय अम्बे रक्तदान समिति ललितपुर (रजि.) द्वारा जिला चिकित्सालय में भर्ती 15 वर्षीय कुमारी छाया जिसे डॉक्टर ने रक्त की कमी बताई बच्ची के पिता और परिजन पहले ही अपनी बच्ची को ब्लड दे चुके थे और आज डॉक्टर ने पुनः एक यूनिट ब्लड के लिए बच्ची के पिता से कहा। लेकिन अब बच्ची के परिवार में कोई भी ब्लड देने वाला नहीं था जिससे कि वह काफी परेशान और चिंतित हो रहे थे जब बच्चे के पिता ने समिति के वरिष्ठ सदस्य से संपर्क किया तो उन्होंने बच्ची को तुरंत ब्लड उपलब्ध कराया और अपने साथी दीपक सुनेजा जी से संपर्क किया और संपर्क करने की तुरंत ही ब्लड बैंक पहुंचकर कुमारी छाया के लिए रक्तदान करके मानवता की मिसाल पेश की। रक्तदान करने के बाद दीपक सुनेजा ने कहा कि किसी जरूरतमंद के लिए रक्तदान करना बड़ा ही सौभाग्य की बात है क्योंकि हमारे द्वारा किए गए रक्तदान से किसी की जिंदगी बचाई जा सकती है इसलिए जब मौका मिले तो रक्तदान आवश्यक करें। और कहा की रक्तदान करने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है हमारे शरीर में नया खून बनता है। बच्ची के पिता ने रक्तदाता दीपक सुनेजा और समस्त जय अम्बे रक्तदान समिति का हदय से आभार एवं साधुवाद व्यक्त किया और कहा की आज आपकी समिति की वजह से हमारी बच्ची को ब्लड उपलब्ध हो सका है जिसके हम सदा आपके आभारी रहेंगे और कहा कि जब भी आपको हमारी जरूरत पड़ेगी तो हम भी आपकी समिति की तरफ से रक्तदान अवश्य करेंगे। इस मौके पर जय अम्बे रक्तदान समिति ललितपुर (रजि.) के अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के युवा नगर अध्यक्ष दीपक राठौर,कर्मचारी यूनियन जिला अध्यक्ष कन्हैयालाल रजक, चन्दन सिंह अहिरवार, बलराम राज, विवेक कुमार, रियाज मंसूरी, आकाश यादव राजघाट, तोहिद अली, खलक सिंह लोधी आदि मौजूद रहे।

बुलेरो की टक्कर से दो सगे भाई समेत तीन की मौत

सब्जी बेचकर बाइक से घर जा रहे थे तीनो लोग

बांदा। सब्जी बेचकर बाइक से घर जा रहे दो सगे भाईयो समेत तीन लोगो को बुलेरो ने टक्कर मार दिया। जिससे दो लोगो की मौके पर मौत हो गई। एक किशोर ने कानपुर ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कस्बा के सब्जी मंडी निवासी 21 वर्षीय गुलाम मोहम्मद पुत्र हुसैन अली, अपने 13 वर्षीय छोटे भाई जकी अहमद और पड़ोसी 26 वर्षीय कमलेश पुत्र केदारनाथ साहू सब्जी का धंधा करते थे। गुरूवार को मुसीवां गांव में सप्ताहिक बाजार लगती है। तीनो लोगो सब्जी बेचने के बाद एक ही बाइक में बैठकर गांव जा रहा था। तभी सिकरी मोड़ के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार बुलेरो ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे गुलाम मोहम्मद और कमलेश की मौके पर मौत हो गई। जकी अहमद गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। वहां से लोडर लेकर निकल रहे गुलाम के बड़े भाई गुलाब ने देखा तो जकी को उठाकर नजदीक के अस्पताल मे भर्ती कराया। जहां डॉक्टरो ने देखने के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घरवालो ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हालत में सुधार न होने पर परिजन जकी को कानपुर लेकर जा रहे थे। तभी बिंदकी के पास जकी ने दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में चीख पुकार मच गई। मृतको के परिजनो ने बताया कि तीनो लोग सब्जी का धंधा करते थे। पुलिस ने बुलेरो को कब्जे में ले लिया। पुलिस का कहना है कि चालक को तत्काल गिरफ्तार किया जाएगा।

विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर विशेष

क्यों पत्रकारों की आजादी पर लगता जा रहा है ग्रहण

NEWS
विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस

बांदा। लोकतांत्रिक देश में प्रेस की स्वतंत्रता एक मौलिक जरूरत है। भारत में अक्सर प्रेस की स्वतंत्रता को लेकर चर्चा होती रहती है। प्रेस की आजादी से यह बात साबित होती है कि उस देश में अभिव्यक्ति की कितनी स्वतंत्रता है। दुनिया के किसी भी देश के उदय और उसकी प्रगति में पत्रकारों की अहम भूमिका रही है। भारत की आजादी के वक्त भी पत्रकारों ने महत्वपूर्ण किरदार अदा किया है जिसे आज भी भुलाया नहीं जा सकता है। 3 मई को मनाये जाने वाले विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर प्रेस की स्वतंत्रता पर बातचीत होना जरूरी है। प्रेस की स्वतंत्रता को लेकर उच्च न्यायालय की अदालतों ने भी पत्रकारों की सुरक्षा की कई बार बात कही है ताकि पत्रकार बिना किसी भय के समाचार प्रकाशित कर सके। उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ भी पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर गंभीर है जनपद के अलाधिकारियों को हिदायत दे चुके है । उ0प्र0 के जनपद बांदा की बात करें तो पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह निष्क्रिय है। यही वजह है कि कई बार पत्रकारों के साथ मारपीट लूट जैसी बडी घटनायें हुई। जिसको लेकर पत्रकारों ने बार-बार जिले के जिम्मेदार आला अधिकारियों की चौखट पर चक्कर लगाते रहे लेकिन जांच के नाम पर पत्रकारों को गुमराह करने का काम किया गया है।

बांदा में पत्रकारों के साथ हुई लूट मारपीट पर प्रशासन का रवैया

बांदा। अपने कार्य को बखूबी निभाने के लिये जनपद में हो रहे तमाम अनियमित कामों व ग्रामीण स्तर पर विकास को लेकर व सरकार की योजनाओं को लेकर जनता तक पहुंचाने का काम कर रहे पत्रकारों पर भूमाफिया, धनमाफिया अराजकतत्व धमकाने का काम करते रहे। मारपीट लूट तक का अंजाम दे दिया। जैसे पत्रकार मनोज गुप्ता, रोहित, दीपक, बालेन्द्र तिवारी आदि लोगों ने बताया कि जिले में चला रहे खनन माफिया अवैध खनन पर खबर करने पर मारपीट की। पत्रकारों के यंत्रों को लूट लिया और भी तमाम चीजे है जिनको लूट लिया। इसकी शिकायत पत्रकारों ने जिले के जिम्मेदार अधिकारियों से की लेकिन जांच के नाम पर कई बार दौडा लिया। लेकिन कार्यवाही नहीं की यह कैसी प्रेस की आजादी और स्वतंत्रता है जबकि जिले के ऐसे तमाम पत्रकार है जिनकी शिकायत करने पर पुलिस प्रशासन पत्रकारों के खिलाफ मुकदमा लिखने में देर नहीं करती क्या यह प्रेस की आजादी है।

जब सरकारी तंत्र गुमराह करे मीडिया को

बांदा। जनपद में मान्यता प्राप्त पत्रकारों का कार्ड सूचना कार्यालय जिलाधिकारी से रिनुअल कराने के नाम पर जमा कराता है बाद में पुलिस मुकदमा लिखे होने की दावा करके गुमराह करते है और दौडाने के बाद कुछ दिन बाद एकाद पत्रकारों को मान्यता रिनुअल कार्ड वापस करते है जैसे विनय निगम ने बताया कि 2015 से मान्यता प्राप्त जिलाधिकारी से रिनुअल के नाम पर कार्ड मंगा लिया गया और मुझ पर फर्जी मुकदमा दिखाकर रिनुअल रोक लिया गया। जिसके बाद अधिकारियों से दोबारा जांच की मांग की गयी तो सूचना विभाग के अधिकारियों ने मान्यता कार्ड को पकडा दिया। पत्रकार निगम का कहना है कि समाज में फर्जी मुकदमे के नाम से मेरी छवि धूमिल की गयी है जिसकी शिकायत मुख्यमंत्री से की जायेगी कि पत्रकारिता की स्वतंत्रता आजादी का यही सिला है जो आपके अधीनस्थ अधिकारी अपनी सरकारी तंत्र की ताकत दिखाकर प्रतिष्ठित पत्रकारों के सम्मान में धब्बा लगा रहे है क्या यही बडी स्वतंत्रता है। इसी तरह पत्रकार मनोज गुप्ता का कहना है कि उ0प्र0 शासन निदेशालय ने मान्यता कार्ड दिसम्बर 2024 तक वैध बताकर भेजा था लेकिन सूचना कार्यालय ने रिनुअल के नाम पर मंगाकर मुकदमा होने की बात कहकर रोक लिया। जबकि सरकार से आया कार्ड दिसम्बर 2024 तक वैध है इस सम्बन्ध जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल से बताया गया और लिखित में दिया गया लेकिन शासन द्वारा जारी कार्ड जिला सूचनाधिकारी द्वारा अभी तक नहीं दिया गया। यही प्रेस की स्वतंत्रता और आजादी है।

पुलिस ने दो अभियुक्तों ने किया गिरफ्तार

बांदा। थाना नरैनी पुलिस द्वारा चोरी की घटना को अंजाम देने वाले दो अभियुक्तों को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। नरैनी कस्बे के सुभाष नगर में भोला प्रसाद के मकान में अज्ञात चोरों द्वारा 19/20 अप्रैल की रात्रि को चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसके सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना नरैनी पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे थे। इसी क्रम में आज थाना नरैनी पुलिस द्वारा चोरी की घटना में शामिल अभियुक्तों की पहचान करते हुए मुखबिर की सूचना पर अभियुक्तों को थाना नरैनी क्षेत्र के ग्राम नौहाई से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी के सामान बरामद हुए है। बरामदगी में 02 अदद् अंगूठी पीली धातु, 1 अदद् चेन पीली धातु, 1970 रुपये नगद है। गिरफ्तार अभियुक्तों में अभिषेक पुत्र रमेश कुशवाहा निवासी रामलीला मैदान अलीगंज व मनीष कुमार उर्फ हिमांचल पुत्र रामकिशोर निवासी बिजली खेड़ा थाना कोतवाली नगर है। इनके खिलाफ मु0अ0सं0 91/24 धारा 457/380/411 भादवि थाना नरैनी जनपद बांदा अभियोग पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्र0नि0 नरैनी सुरेश कुमार सैनी, उ0नि0 अनिल कुमार सिंह, हे0कां0 राजेश कुमार, हे0कां0 राजेन्द्र प्रसाद, कां0 दिनेश कुमार शर्मा शामिल रहे।

संक्षिप्त समाचार

पहले मतदान फिर जलपान लोकतंत्र का करो सम्मान

उरई । जिलाधिकारी जालौन के आदेश अनुसार पर मतदान जागरूकता यात्रा शुक्रवार को कदौरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत चमारी प्रधान बृजेश कुमार गौतम व ग्राम विकास अधिकारी पवन कुमार सोनी जूनियर स्कूल के प्रिंसिपल साहब संजय दुबे सहायक अध्यापक विनीत कुमार आंगनबाड़ी की कार्य कर्ता माधुरी व उप स्वास्थ्य केंद्र राठौर और स्वच्छता पंचायत कर्मी गजराज सिंह व ग्रामीण शिवराम वर्मा परमलाल वर्मा सुरेंद्र काफी संख्या में सभी लोगों ने मतदान यात्रा प्रईमरी जूनियर कंपोजिट स्कूल से शुरू कर गांव के सभी मतदाताओं को जागरूक किया और गली मोहल्ला हर घर तक जाकर आने वाली 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनावों को लेकर ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान करने की अपील की और लोकतंत्र के निर्माण में बढ़-चल कर लोग मतदाता हिस्सा लें और अपनी सरकार चुने जिसके लिए पंचायत चमारी में मतदाता जागरूकता यात्रा का समापन पंचायत भवन पर समापन किया गया।

भाजपा प्रत्याशी भानुप्रताप वर्मा के नामांकन जुलूस में बोले प्रदेश अध्यक्ष यूपी से हो रहा कांग्रेस का पलायन

उरई (जालौन)। आज शुक्रवार को जालौन-गरौठा व भोगनीपुर सुरक्षित लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी एवं वर्तमान सांसद भानुप्रताप वर्मा का अंतिम दिन शक्ति प्रर्दशन नामांकन जुलूस शहर के करमेर रोड़ स्थित जीआईसी मैदान से हजारों समर्थकों के साथ निकाला गया। नामांकन जुलूस में शामिल होने आये भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी का उत्तर प्रदेश से पलायन हो चुका है तथा विपक्ष जनता को गुमराह करने का काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि अब रायबरेली की जनता राहुल गांधी गुमराह करने का काम करेंगे।उन्होंने कहा कि भाजपा नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 400 सीटें पार करने जा रही है।इस मौके पर भाजपा सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, पूर्व पालिकाध्यक्ष विजय चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, भाजपा अध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, मीडिया प्रभारी मनोज यादव, लोकसभा मीडिया प्रभारी अशोक कुमार राठौर, शक्ति गहोई सहित हजारों की संख्या में भाजपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

आग का गोला बना डंपर चालक ने बचायी अपनी जान

खन्ना। बीती रात्रि कानपुर सागर नेशनल हाईवे पर एक डंपर चलते चलते अचानक चलते-चलते आग का गोला बन गया। गंभीर स्थिति को देखते हुए चालक अपनी जान बचाकर ट्रक छोड़कर भाग निकला। आगजनी में ट्रक का आगे का हिस्सा पूर्ण रूप से जलकर खाक हो चुका था। जब घटना को पास में ही मौजूद 112 नंबर पुलिस ने देखा तो उक्त घटना की सूचना थाना प्रभारी एवं अग्निशमन विभाग महोबा को दी। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से किसी प्रकार कडी मशक्कत कर आग पर काबू पाया।

बीती रात्रि ट्रक चालक कैलाश पुत्र विशुनता प्रजापति 40 वर्ष निवासी भारत सिंह नगर बार्ड नंबर 12 पंकज ऑटोमोबाइल्स कानपुर का डंपर लेकर कबरई से गिट्टी लेने आ रहा था। अर्धरात्रि के समय जैसे ही डंपर ग्राम चिचारा के बस स्टैंड से पहले मवई खुर्द मोड के पास पहुंचा, तभी डंपर के इंजन में अचानक आग लग गई और ट्रक धू धू कर जलने लगा। गंभीर स्थिति को भापकर ट्रक चालक कैलाश अपनी जान बचाकर वहां से भाग निकला। घटना के दौरान पास से ही गुजरती 112 नंबर पुलिस ने ट्रक को जलता देख तत्काल इसकी सूचना थाना प्रभारी एवं अग्नि समन विभाग महोबा को दी। घटना की सूचना पाकर थाना प्रभारी एस0एन0 नागर पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से आग बुझाने में जुट गए। पुलिस व ग्रामीणों ने कडी कडी मशक्कत कर किसी प्रकार आग पर काबू पाने का प्रयास किया। लेकिन तब तक ट्रक का आगे का हिस्सा जलकर खाक हो गया था। फायर ब्रिगेड टीम को बड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाने में सफलता मिली। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि उक्त आगजनी की घटना की जांच की जा रही है।

चौपहिया वाहन की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

चरखारी। चरखारी मुस्करा मुख्य सडक पर चौपहिया वाहन ने बाइक सवार महिला को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला को सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चरखारी ले लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने देखते ही महिला को मृत घोषित कर दिया। घटना को अंजाम देने वाले वाहन चालक को पुलिस ने गिरफ़्तार कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्बा के मुहल्ला घुसियाना निवासी श्रीमती प्रीति पत्नी नरेन्द्र विश्वकर्मा 30 वर्ष अपने भाई के साथ बाईक पर सवार होकर अपनी रिश्तेदारी में जा रही थी। जैसे ही बाईक चरखारी मुस्करा मुख्य सड़क पर हरिओम ग्रेनाइट स्थित जीडी कुशवाहा के फार्म हाउस के नजदीक पहुंचे। तभी अचानक फार्म हाउस से निकले वाहन ने बाईक पर जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार महिला की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसका भाई मामूली रूप से चोटिल हुआ है। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला को जीवित समझ उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। महिला अपने पीछे तीन बच्चियों को छोड़ गई है, जिसमें सबसे बड़ी पुत्री की उम्र करीब 5 वर्ष है। महिला की मौत से उसके बच्चों का रो रो कर बुरा हाल बना हुआ है। पुलिस ने महिला के शव को अपने कब्जे में ले पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए शव विच्छेदन गृह महोबा भेज दिया है।

पुलिस ने कई अभियुक्तो पर लगाया गुण्डाएक्ट

चित्रकूट। प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ राकेश कुमार मौर्य ने अभियुक्त अरुण कुमार पुत्र पप्पू पटेल निवासी बरगढ़, अंकेश शुक्ल उर्फ छोटू पुत्र सालिगराज शुक्ल निवासी कस्बा के विरूद्ध यूपी गुंडा एक्ट की कार्रवाई की। प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर रीता सिंह ने अभियुक्त रमेश पुत्र मुन्ना, रणधीर सिंह पुत्र लालमन, फूलचन्द्र पुत्र रामखेलावन निवासी गढ़चपा, धनपत पुत्र गयादीन निवासी पोखला, लालमन पुत्र चुन्नीलाल निवासी रम्पुरिया के विरुद्ध धारा 110जी सीआरपीसी की कार्यवाही की गयी।

एसपी ने ट्रांसपोर्टरो की बैठक ली

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री कार्यक्रम के दृष्टिगत ट्रान्सपोर्टरों के साथ गोष्ठी की गयी। गोष्ठी में समस्त ट्रान्सपोर्टर्स को निर्देशित किया गया कि कार्यक्रम के दृष्टिगत कानपुर जाने वाले तथा कानपुर होकर आगे जाने वाले मालवाहक वाहनों को रोका जाये तथा आगरा, दिल्ली जाने वाले वाहन एक्सप्रेस-वे होकर ही जा सकते हैं। इस दौरान पीआरओ प्रवीण कुमार सिंह एवं प्रभारी यातायात शैलेन्द्र कुमार सिंह उपस्थित रहे।

पुलिस ने शराब के साथ कई को पकड़ा

चित्रकूट। प्रभारी निरीक्षक मऊ अजीत कुमार पाण्डेय ने अभियुक्त राहुल पुत्र लल्लूराम निवासी मवई कलां को 20 लीटर कच्ची शराब, उनि राहुल कुमार पाण्डेय थाना कोतवाली ने सत्यकिशोर नाई पुत्र रामखिलावन निवासी रानीपुर थाना कमासिन जनपद बांदा को 19 लीटर कच्ची शराब, चौकी प्रभारी सरैंया यदुवीर सिंह ने बबलू पुत्र चुनवाद निवासी हनुवा को 19 क्वार्टर देशी शराब, उनि विपिन कुमार मिश्रा थाना पहाड़ी ने छोटेलाल उर्फ छोट्टन प्रजापति पुत्र भगवानदीन निवासी लोहदा को 17 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया।

न्यायालय ने अभियुक्तो को दंडित किया

चित्रकूट। न्यायालय द्वारा मारपीट एवं जान से मारने की धमकी के अभियुक्तों को दो-दो हजार रुपये का अर्थदण्ड से दण्डित किया। सहायक अभियोजन अधिकारी पीयूष कुमार ने न्यायालय सिविल जज (सी0डी0) सचिन कुमार दीक्षित ने बताया कि अभियुक्त अश्वनी पुत्र रामहित, संतोष पुत्र गज्जू निवासी चौरा को दो-दो हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

पैनल बदले जाने के कारण बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

कबरई। के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र कबरई में वी0सी0बी0 बदले जाने के कारण शनिवार को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। जानकारी के अनुसार जनपद महोबा के समस्त विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि विद्युत वितरण खंड द्वितीय, महोबा के अंतर्गत 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेंद्र कबरई में वी0सी0बी पैनल बदले जाने का कार्य कराए जाने के कारण उक्त उपकेंद्र से पोषित समस्त पौषको (कबरई टाउन, बांदा चौराहा, क्रेशर मंडी, रिवई, बघवा एवं सरस्वती इंडस्ट्रियल आदि पोषको की विद्युत आपूर्ति दिनांक 04/05/2024 दिन शनिवार को प्रातः 9 बजे से सायं 7 बजे तक बाधित रहेगी। इसलिए समस्त उपभोक्ताओं से अपील है ।

यूपी एमपी बॉर्डर के गांव से नाजायज गाँजे के साथ धरे गए दो शातिर

- दोनों के पास से करीब तीन किलोग्राम नाजायज गांजा बरामद
- चेकिंग एवं गस्त अभियान के दौरान पुलिस को मिली सफलता

ललितपुर। आगामी लोकसभा चुनावों को देखते हुए जनपद पुलिस बड़ी चौकन्नी नजर आ रही है और जनपद में शातिर अपराधियों पर लगाम लगाने और आपराधिक घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से उनके खिलाफ लगातार चेकिंग और गस्त अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के दौरान पुलिस ने दो शातिर को अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की जो कहीं बेचने की फिराक में घूम रहे थे। पुलिस में दोनों को गिरफ्तार कर मामला पंजीकृत करते हुए न्यायालय के समक्ष भेज दिया है।

पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुश्ताक के निर्देशन मे अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एंव क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध शातिर अपराधियों के साथ शराब/मादक पदार्थो के विरूद्ध चेकिंग व गस्त अभियान चलाता जा रहा है। इसी अभियान के क्रम में सदर कोतवाली पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर यूपी एमपी बॉर्डर पर स्थित राजघाट के प्रेमनगर काँटा के से उस समय दो शातिर अभियुक्तों को अबैध गाँजे के साथ गिरफ्तार किया, जब वह गांजा बेचने की फिराक में थे। पूंछतांछ के दौरान अभियुक्तों ने अपना नाम 43 बर्षीय कैलाश बरार पुत्र जमुनाप्रसाद निवासी ग्राम प्रेमनगर काँटा राजघाट चौकी और दूसरे ने अपना नाम 24 बर्षीय सोनू राजा बुन्देला पुत्र शंकर सिंह निवासी ग्राम करगन नयाखेडा बताया। तालासी के दौरान अभियुक्तों के कब्जे से 03 किलोग्राम नाजायज गांजा बरामद हुआ । बरामदगी के आधार पर थाना कोतवाली पर मु0अ0सं0-323/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक शशिभूषण , उ0नि0 प्रभारी चौकी राजघाट ललित उज्ज्वल, उ0नि0 राहुल कुमार, का0 मनोज कुमार मीना, महिला का0 सावित्री शामिल रहीं।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ने अलविदा कह दिया क्षेत्र के लोगों ने उनके घर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी

उरई/जालौन। ब्लॉक क्षेत्र ग्राम लौना निवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लल्लूराम वर्मा लगभग नौ वर्ष पूर्व निधन हो गया था। गुरुवार की शाम उनकी पत्नी ने भी 105 वर्ष की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। क्षेत्र के लोगों ने उनके घर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी। शुक्रवार की सुबह उनके बड़े बेटे ने उन्हें मुखाग्नि दी। 21 नवंबर 1916 को ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम लौना में जन्मे लल्लूराम वर्मा पुत्र बदलू वर्मा माता पिता की इकलौती संतान थे। तीन वर्ष की आयु में ही इनकी मां परलोकवासी हो गईं। जिसके बाद पिता ने दूसरी शादी कर ली। मात्र 17 वर्ष की आयु में धगवां गांव निवासी राजरानी से इनका विवाह हुआ। उस समय राजरानी की उम्र भी लगभग 14-15 साल रही होगी। विवाह के समय गांव के जमींदार से लिए 11 रुपये का कर्ज दो बार चुकाने के बाद भी जब जमींदार ने और रुपये माहे तो उन्होंने विरोध किया और जमींदार के खिलाफ शिकायत की। इसी के बाद से लल्लूराम वर्मा ने भारत को स्वतंत्रता दिलाने के अभियान में जुड़ने का फैसला किया। जिसमें उनकी पत्नी राजरानी ने बराबर सहयोग किया। 22 मई 1941 को अंग्रेजों के खिलाफ प्रदर्शन में उनकी गिरफ्तारी होने के बाद पत्नी राजरानी ने न केवल घर को संभाला बल्कि बच्चों को भी यह अहसास नहीं होने दिया कि उनके पिता जेल में हैं। 19 नवंबर 2015 को लल्लूराम वर्मा का निधन हुआ। तो गुरुवार की शाम उनकी पत्नी राजरानी ने भी 105 वर्ष की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। उनके निधन की खबर सुनकर गांव व क्षेत्र के लोगों ने उनके घर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। शुक्रवार की सुबह उनका अंतिम संस्कार हुआ। उनके बड़े पुत्र चंद्रशेखर ने उन्हें मुखाग्नि दी। वही पुलिस प्रशासन श्रद्धांजलि पर नहीं पहुंचे ने जिसको लेकर परिवार के लोगों में पुलिस प्रशासन की तरफ काफी दुखी नजर आए वहीं उन्होंने बताया इसकी सूचना देने के बाद भी प्रशासनिक अधिकारी नहीं पहुंचे लेकिन अब देखना यह है कि सूचना मिलने के बाद परिजनों से मिलने के लिए पुलिस प्रशासन पहुंचता है या नहीं।

आंत में छेद व स्तन में कैंसर की गांठ का मेडिकल कॉलेज में सफल हुआ ऑपरेशन, लौटी मुस्कान

प्राचार्य व सीएमएस नें सफल ऑपरेशन के लिए डॉक्टरों के टीम कों दी बधाई

उरई/जालौन। मेडिकल कॉलेज के डाक्टरों की टीम द्वारा पहले मरीज के आंत में छेद होने व दूसरे मरीज राममूर्ति कों स्तन में कैंसर की गांठ का सफल ऑपरेशन किया गया। शुक्रवार के दिन दोनों मरीज को पूर्णतया स्वस्थ होने के उपरांत डिस्चार्ज किया गया। दोनों मरीजों का मेडिकल कॉलेज की सर्जरी ओटी में सफल ऑपरेशन किया गया। पहले मरीज की आंत में छेद का जटिल आपरेशन कियागया, दूसरे मरीज की स्तन कैंसर की गांठ को जड़ से निकाल दिया गया। डॉक्टरों की टीम ने मरीज के परिवार वालों के चेहरों की मुस्कान लौटाई। वहीं प्राचार्य डा. आर के मौर्या व सीएमएस डॉ प्रशांत निरंजन व सर्जरी विभागध्यक्ष डॉ निशान्त सक्सेना ने मेडिकल टीम की सराहना की।

बता दें कि एक माह पूर्व मरीज 65 वर्षीय चेतराम पुत्र घनश्याम निवासी कालपी को पेट में दर्द उठा था। मरीज ने कई जगहों पर अपना उपचार कराया, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों ने उसे आंत में छेद होने की शिकायत बताई। इसके बाद सभी ने मरीज को लखनऊ व दिल्ली जा कर इलाज की सलाह दी। करीब एक हफ्ता पूर्व मरीज राजकीय मेडिकल कॉलेज आया। मरीज की हालत गंभीर थी और उसकों ऑपरेशन की सख्त जरूरत थी। मरीज के अमाशय में 2-3 सेमी का छेद था। जिसको डॉ नीरज राजपूत सर्जन ने देखा और ऑपरेशन द्वारा छेद बंद करके पेट से दूसरा रास्ता बनाया। अब मरीज ठीक है। वही दूसरा मरीज 63 वर्षीय राममूर्ति पत्नी लालता निवासी औरैया को दाए तरफ स्तन में कैंसर की गांठ हो गई थी। जिससे के मरीज ह्बबहुत जगह दिखाया। पैसे के अभाव में अपना ईलाज नहीं करा पा रहे थे। मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर कों दिखाने के बाद डॉक्टर नें मरीज की सभी जाँच करके रिपोर्ट आने के बाद मरीज का सफल ऑपरेशन किया गया। आज दोनों मरीज ज़ब डिस्चार्ज हुए तब दोनों के चेहरे पर मुस्कान लौट आई। दोनों मरीजों नें मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य, सी एम एस, डॉक्टरों और स्टॉफ को बधाई दी। डा. नीरज राजपूत ने मरीज चेत राम की सभी जांच को देखा। उसके परिवार वालों को आंत में छेद होने के लिए गंभीर आपरेशन के लिए बताया।मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों की टीम ने आंत में छेद का सफल आपरेशन किया। दोनों मरीजों के सफल आपरेशन करने वाली टीम में डा. नीरज राजपूत, डॉ आदर्श डांडे, डॉ रेनू गौतम जे आर टू, डॉ अरुण चौधरी जे आर वन,एनेथिसिया टीम में डा. कीर्ति डॉ भावना ओटी स्टाफ में नर्स वंदना सचान रही।

हत्या के मामले मे अदालत ने सुनाई सजा

चित्रकूट। हत्या के मामले में कोर्ट ने शुक्रवार को फैसला सुनाया। सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम की अदालत ने आरोपियों को दोषी करार देते हुए पति-पत्नी और उनके बेटे को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 11-11 हजार जुर्माना लगाया। कोर्ट ने दोषियों को पड़ोसी को घर से घसीट कर लाने और उसकी गला काट कर हत्या करने के मामले में दोषी ठहराया है। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्याम सुंदर मिश्रा ने बताया कि लगभग 1 साल पहले हुए इस हत्याकांड में कड़ैहा पुरवा, सर्दी खुर्द निवासी हेतराम आदिवासी ने बरगढ़ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी गई तहरीर में वादी ने कहा था कि उसका भतीजा राम कैलाश (46) बीती 1 मई को रात 9 बजे अपने घर में था। इस दौरान पड़ोस में रहने वाला धर्मराज आदिवासी अपने पिता समरजीत और मां सरोज देवी के साथ राम कैलाश के दरवाजे के दरवाजे पहुंचकर गाली-गलौज करने लगा।

प्रबंध समिति ने किया शिक्षक एवम मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह

चिरगांव। आज राष्ट्रकवि डॉक्टर मैथिलीशरण गुप्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिरगांव की प्रबंध समिति के द्वारा श्री संदीप यादव सहायक अध्यापक का चयन पीसीएस की परीक्षा में राजकीय प्रधानाचार्य के पद चयन होने पर एवं हाई स्कूल की परीक्षा में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। जिसमें क्रमशः दीपेश यादव ने 84 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम ,ऋतिक विश्वकर्मा ने तीसरा 83 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय एवं मुस्कान सोनी ने 79 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंध समिति के श्री प्रमोद कुमार पुरोहित प्रबंधक श्री सतपाल यादव उपाध्यक्ष, श्री राजेंद्र जैन कोषाध्यक्ष, जगदीश शिवहरे, सुरेश पाठक, झड़ी यादव, मुन्ना कुशवाहा, संजय कुमार दुबे ,राजकुमार सविता, अन्नू पुरोहित, गुरुजी, हरिमोहन तिवारी प्रधानाचार्य, उमेश चंद्र, स्नेहलता दिवाकर, कविंद्र वर्मा, अमित गौर, प्रीति गुप्ता, हरीश उपाध्याय, राजीव नायक, महेंद्र, राधेश्याम यादव, श्यामानुज चतुर्वेदी लिपिक, कैलाश राहुल, पंकज, नितिन, संजू दुवे आदि उपस्थित रहे ।

आखिरकार फरार विष्णुचन्दन पर कब होगी कार्रवाई

चित्रकूट। पुलिस अभिलेखो मे दर्ज बतौर जुआडी विष्णुचन्दन इन दिनो भरतकूप पुलिस के संरक्षण मे कई लाख का नालबंद जुआं खिला रहे है। एक पुरानी बाजार बालाजी तो दूसरा मछली मण्डी मे चोरी छिपे निवास कर रहे है। यह जुआं पिछले कई हफ्तो से बदस्तूर जारी है। इस जुएं मे कई गैर जिलो के दर्जनो लोग गाडियो से लैष होकर दिन मे डेढ बजे के लगभग कान्हा रेस्टोरेन्ट के बगल से अंदर को एक हाते के बाहर जुआं खिलाया जा रहा है। भरतकूप पुलिस का एक कारखास और एक दरोगा प्रतिदिन हजारो रूपये की वसूली कर रहे है। गौरतलब है कि पुलिस अभिलेखो मे दर्ज कुख्यात फ्ढबाज विष्णुचंदन जुआडी जुएं को अंजाम दे रहे है। यहां सभी बडे घरो के बिगडैल अधेड लाखो रूपये का जुआं खेलते है जुएं की नाल से दो तीन घरो का पेट चलता है। इसके बाद सुरासुंदरी का दौर शुरू हो जाता है। कई बार जुआं खेलते इन लोगो पर पुलिस ने बडी कार्रवाई की थी। सिर मे चौराहा बनाकर यातायात चौराहे से कलेक्टेऊट तक पैदल ले गयी थी यह सभी जुआडी पुलिस अभिलेखो मे दर्ज है। पुलिस मे षिकायत करने के बावजूद घर के आसपास बार बंद नही हो सका। इस मामले मे पुलिस ने बात नही की ऐसे मे पक्ष नही जाना जा सका। फ्लिहाल फरार विष्णुचन्दन को पुलिस ढूंढ नही पा रही है जबकि इसके जुएं से एक युवक की नदी मे डूबकर मौत हो गयी थी तब से लेकर आज तक पुलिस लगातार इसे ढूंढ रही है।

मंडी में गेहूं की नीलामी न होने पर किसानों ने काटा हंगामा

चिरगांव। गल्ला मंडी चिरगांव में किसानों द्वारा लाए गेहूं की नीलामी न होने से किसानों ने मंडी परिसर में जमकर हंगामा काटा। बाद में किसानों के दबाव में अधिकारियों ने गेहूं की नीलामी कराई। शासन द्वारा चिरगांव क्षेत्र में खुले गेहूं क्रय केंद्रों पर किसानों के न आने से गेहूं की खरीद प्रभावित हो रही थी ।जिससे अधिकारी परेशान थे।जबकि प्रतिदिन दर्जनों टैक्टर ट्रालिया गेहूं से भरी मंडी में आ रही थी।किसान अपना गेहूं मंडी में बेच रहे थे।उन्हें 2350 रुपए के नगद दाम मिल रहे थे।जबकि क्रय केंद्रों पर 2275 रुपए निर्धारित है। सरकारी क्रय केंद्रों पर किसानों के न आने से अधिकारियों ने मंडी सचिव को निर्देश दिए कि मंडी में गेहूं की खुली नीलामी न कराई जाय।अगर कोई व्यापारी खरीद करता है तो उसका गेट पास न बनाया जाय। शुक्रवार को जब मंडी के नीलामी चबूतरा पर पचास से अधिक किसानों के टैक्टर गेहूं लेकर आ गए।जब दोपहर एक बजे तक नीलामी शुरू नहीं हुई तो किसानों ने हंगामा शुरू कर दिया।खबर लगते ही कांग्रेसी नेता बलवान सिंह यादव,राजपाल सिंह बुंदेला,श्रीप्रकाश सैनी मौके पर पहुंचे उन्होंने अधिकारियों से बात की।हंगामा बढ़ता देख मंडी सचिव ने व्यापारियों से नीलामी कराने को कहा।तब कहीं नीलामी हो सकी।

मंडी सचिव देवेंद्र शर्मा ने बताया कि ए डी एम के निर्देश पर उन्होंने मंडी में गेहूं की खुली नीलामी रुकवाई थी।क्योंकि क्रय केंद्रों पर गेहूं नहीं पहुंच रहा था।यह प्रक्रिया पूरे जिले की मंडियों में अपनाई जा रही है।लेकिन जब किसानों ने हंगामा किया तो उन्हे मजबूरन खरीद की इजाजत देनी पड़ी।

गला व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेश जैन ने कहा की अधिकारियों द्वारा गेहूं न खरीदने के कोई लिखित आदेश नहीं है।जब हम खरीद की सिक्स आर काट रहे हैं ।तो खरीद करने से क्यों रोका जा रहा है। जबकि गल्ला मंडी के बाहर बराबर व्यापारी खरीद रहे हैं। अगर हमने आज गेहूं की खरीद नहीं की तो यहां का किसान मध्य प्रदेश की मंडी में गेहूं बेचने चला जाएगा ।जिससे निश्चित ही व्यापारियों तथा मंडी को नुकसान होगा।

सर्राफा व्यावसायी लूटकांण्ड के दो आरापी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

महोबा। मोहल्ला राजावार्ड निवासी सर्राफा व्यवसायी राजेन्द्र कुमार पुत्र प्रेमचन्द्र सोनी थाना अजनर अपनी दुकान बन्द करके ऑटो से अपने घर के लिये वापस जा रहा था। तभी कुलपहाड़ रेलवे अण्डर पास ग्राम जैतपुर के पास बाइक सवार अज्ञात वदमाशों ने उसको तमंचा दिखाकर गोली मारने की धमकी देते हुए इनके पास मौजूद बैग से नगद रुपये व आभूषण से भरा बैग छीनकर फरार हो गये थे। जिस पर पुलिस ने कुलपहाड़ में कोतवाली में धारा 392 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया। घटना की सूचना पर पुलिस उपमहानिरीक्षक अजय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता द्वारा संयुक्त रुप से घटना स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया गया था, साथ ही व्यवसायी से वार्ता कर उनके साथ हुई लूट की घटना के शीघ्र ही सफल अनावरण किये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता द्वारा घटना के सफल अनावरण व आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित किये जाने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम, सीओ कुलपहाड हर्षिता गंगवार के पर्यवेक्षण में जनपद स्तर पर विभिन्न टीमों का गठन करते हुए टीमों को सक्रिय किया गया था। जिस पर पुलिस टीम को मुखबिर खास द्वारा सूचना मिली कि सर्राफा व्यापारी के साथ लूट की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी थाना क्षेत्र अजनर के रहने वाले हैं। जिनके पास लूटा गया माल भी है, इस बात की पूरी उम्मीद है कि किसी गाँव के ही रास्ते से सन्नाटे में निकलकर ट्रेन या बस पकड़कर कहीं बाहर भाग जायेंगे। मुखबिर की इस सूचना पर पुलिस टीम ने ग्राम मुढ़ारी क्षेत्र होकर स्टेशन की ओर व राजमार्ग की ओर जाने वाले रास्तो के पास चेकिंग शुरु कर दी कि तभी मुढ़ारी की ओर से बेलाताल रोड पर करीब 200 मीटर पर एक मोटर साइकिल लहराती हुयी कार की रोशनी मे आती दिखायी दी। टार्च की रोशनी मारते हुये मोटर साइकिल पर सवार दो व्यक्तियों को टोका गया, तो दोनो व्यक्ति मोटरसाइकिल छोड़ कर पास के खेतो की ओर भागने लगे, जिससे पुलिस टीम ने दबिश देकर उन दोनो व्यक्तियों को मौके पर ही पकड़ लिया। पुलिस टीम द्वारा नाम पता पूछते हुये जामा तलाशी ली गयी तो एक ने अपना नाम मंगल राजपूत पुत्र महेन्द्र राजपूत निवासी ग्राम बिजौरी थाना अजनर जनपद महोबा 20 वर्ष बताया तथा दूसरे ने अपना नाम प्रदीप अनुरागी पुत्र अर्जुन अनुरागी निवासी ग्राम इन्द्रहटा थाना अजनर जनपद महोबा 23 वर्ष बताया। इस दौरान आरोपियों के कब्जे से लूटी गयी सम्पत्ति सहित दो अवैध तमंचा 315 बोर दो जिन्दा कारतूस 315 बोरवं एक मोटर साइकिल बरामद की गई है। गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि लूट की घटना में उनके 2 अन्य साथी देवेन्द्र राजपूत व नरेन्द्र अहिरवार भी सम्मिलित थे, जिनके साथ मिलकर इन्होने इस तरह की घटना को अंजाम दिया हैं, यह लोग सतारी मउपुरा रेलवे क्रासिंग के आगे जंगल के पास अपने साथियों की प्रतीक्षा में खडे हैं। इस सटीक सूचना पर गठित जनपदीय स्वॉट एवं थाना कुलपहाड़ की संयुक्त पुलिस टीमें मौके पर पहुंची तो देखा कि 02 व्यक्ति खडे हैं, जिनके पास एक काले रंग का बैग भी था। पुलिस टीम को देखकर दोनो ने भागने का प्रयास किया। दोनो व्यक्तियों को रुकने के लिये बोला गया तो दोनो व्यक्तियों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। पुलिस टीम ने आत्मरक्षार्थ फायर किया जिसमें दो व्यक्तियों के पैर में गोली लगी और वह गिर पड़े। पास जाकर देखा तो 2 आरोपियों देवेन्द्र राजपूत पुत्र इन्द्रपाल राजपूत 25 वर्ष निवासी ग्राम बिजौरी थाना अजनर जिला महोबा तथा नरेन्द्र अहिरवार पुत्र भग्गू अहिरवार निवासी ग्राम नगाराडांग थाना अजनर जिला महोबा 22 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान आरोपियो के कब्जे से दो तमंचा 315 बोर मय तीन जिन्दा कारतूस 315 बोर व 2 खोखा कारतूस 315 बोर नाजायज व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल सहित लूटी गयी सम्पत्ति को बरामद किया गया है।

बसपा के ब्राहमण शंख बजायेगा और हांथी बढता जायेगा: मिश्र

चित्रकूट। बसपा प्रत्याशी मयंक दिवेदी ने आज नामांकन के अंतिम दिन चौथा नामांकन पत्र दाखिल किया। बसपा प्रत्याशी आज पूरे लाव लश्कर के साथ नामांकन कराने पहुंचे।

नामांकन के दौरान मौजूद बसपाइयो ने वर्ष 2007 का नारा दिया कि ब्राहाण शंख बजायेगा हाथी बढता जायेगा। आज इस नारे की महत्ता को लोगो ने समझा और जितना दूसरे दलो के प्रत्याषियो से नाराज है वह सभी बसपा के साथ एक मंच पर नजर आये। बसपा के लोग अति उत्साहित नजर आये। बसपा प्रत्याशी मयंक द्विवेदी ने बताया कि उन्हे लगातार जनता का प्यार और आर्षीवाद मिल रहा है। बसपा प्रत्याशी नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद राजकीय इंटर कालेज मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे प्रदेष मे बहन कु0 मायावती के कार्यकाल की आज भी चर्चा की जाती है। लोग बरबस कहते है कि बहन जी की सरकार मे लोगो को न्याय मिलता था अधिकारियो मे खौफ था जनता का कार्य होता था। यहां मिले अपार समर्थन को उन्होने कहा कि एक बार उन्हे भी मौका मिलना चाहिये उनके पिता को यहां की जनता ने विधायक बनाया था अब उन्हे सांसद बनाकर अपनी सेवा का मौका दे।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष षिवबाबू वर्मा, विजय त्रिपाठी, विनय पाल, अवधेष बख्शी, इकराम वर्मा, राजेष रैकवार, श्यामलाल रैकवार समेत हजारो लोग मौजूद रहे।



दिगम्बराचार्य विद्यासागर जी महाराज द्वारा रचित
हाइकु

बिना चर्बण, रस का रसना का, मूल्य ही क्या है?

भावार्थ- बिना चर्बण के रस व रसना का मूल्य ही नहीं है क्योंकि चबाने पर ही लार के संयोग से भोजन पाचक बनता है और तभी वह अस्थि, मांस, मज्जा, रस आदि सप्त धातु रूप में परिवर्तित होकर शरीर को हृष्ट पुष्ट बनाता है। उसी प्रकार मोक्षमार्ग में भी बिना समता भाव के बहुत तपस्या का ही कुछ मूल्य नहीं है।

सम्पादकीय

सुप्रीम कोर्ट ने रामदेव को पिलाया कानून का काढ़ा

योग गुरु के रूप में मिली लोकप्रियता के सहारे आयुर्वेदिक दवाओं के निर्माण एवं बिक्री का पतंजलि के नाम से बड़ा व्यवसायिक साम्राज्य खड़ा करने वाले बाबा रामदेव तथा उनके सहयोगी आचार्य बालकृष्ण को सुप्रीम कोर्ट ने कानून के महत्व तथा ताकत का एहसास कराया। शीर्ष अदालत ने उनके खिलाफ दायर एक मामले की सुनवाई के दौरान उनके द्वारा कोर्ट के आदेशों की अवहेलना के लिये जमकर फटकार तो लगाई ही, उन्हें इसके परिणाम भुगतने के लिये तैयार रहने को भी कहा। सुप्रीम कोर्ट ने चेताया कि उनके खिलाफ झूठी गवाही का मामला भी बनता है। अदालत ने केन्द्र को भी नहीं बत्शा जो पतंजलि के झूठे विज्ञापनों की ओर से आंखें बंद किये बैठी रही। सुप्रीम कोर्ट का लहज़ा इतना सत्त्त था कि भारतीय जनता पार्टी के संरक्षण में बढ़े रामदेव एवं बालकृष्ण दोनों ही माफी मांगते नज़र आये। मामला इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की ओर से पिछले वर्ष एक याचिका दायर की गई थी जिसमें पतंजलि के इस दावे को गलत बताया था कि योग अस्थमा व डायबिटीज़ को पूरी तरह से ठीक कर सकता है। इसके मद्देनज़र सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि को निर्देश दिया था कि वह कोई भी भ्रामक विज्ञापन प्रिंट या इलेत्त्ट्रॉनिक मीडिया में प्रकाशित या प्रसारित न करे। नवत्बर, 2023 में पतंजलि की ओर से दायर शपथ पत्र में ऐसा करने का आश्वासन दिये जाने के बावजूद कंपनी की ओर से विज्ञापन दिये जाते रहे। उस सुनवाई में कंपनी के वकील द्वारा भी निर्देशों के पालन का भरोसा जताया गया था। इतना ही नहीं, रामदेवबालकृष्ण की ओर से इस विषय पर प्रेस कांफ्रेंस भी की गई। यह बात कोर्ट के संज्ञान में आई और पतंजलि को जारी नोटिस की मंगलवार को हुई सुनवाई में दोनों को फटकार लगाई गई। कोर्ट ने नाराजगी जतलाई कि एक ओर तो पतंजलि अपने दायर हलफनामे में माफी मांग रही है, वहीं वह भ्रामक विज्ञापन भी जारी कर रही है। इतना ही नहीं, उसकी ओर से मीडिया कांफ्रेंस भी की जाती है। यह माफी मांगने का तरीका बिलकुल नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने अगली सुनवाई 10 अप्रैल को मुकर्रर की है जिसमें दोनों को फिर से उपस्थित रहने का आदेश दिया गया है। साथ ही केन्द्र को भी नोटिस जारी की गई है।

सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस हिमा कोहली एवं जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच ने इस बात पर भी नाराज़गी व्यक्त की कि अपने हलफनामा में पतंजलि ने कुछ ऐसे दस्तावेज जोड़े हैं जो सुनवाई के बाद की तारीखों के हैं। इसलिये इसे झूठी गवाही और गलत हलफनामा दायर करने का भी मामला बतलाते हुए दोनों को आगाह किया कि वे इसके परिणाम भुगतने के लिये तैयार रहें। देखना यह है कि आगामी सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट त्त्या फैसला लेता है। अपने हलफनामे में पतंजलि के इस कथन से भी कोर्ट नाराज़ था जिसमें कहा गया था कि ड्रग्स एंड कॉस्मेटित्त्स (मैजिक रेमेडीज़) एत्त्ट काफी पुराना हो गया है। इसे लेकर भी कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी की कि हर विद्यमान कानून का सत्त्मान होना चाहिये, चाहे वह किसी भी अदालत का हो। न्यायालय ने कहा कि दोनों ने (रामदेव बालकृष्ण) हर सीमा लांघ दी है। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि दोनों को अदालत में दिये गये आश्वासनों का पालन करना ही होगा। सुप्रीम कोर्ट की नाराजगी की गाज केन्द्र पर भी गिरी। अदालत ने आश्चर्य जताया कि जब पतंजलि कोविड के दौरान बाजार में यह कह रही थी कि उसका (कोरोना) एलोपैथी में कोई इलाज नहीं है तब केन्द्र त्त्यों आंखें बंद रखे हुई थी।

उल्लेखनीय है कि 2011 के अन्ना हजारे के नेतृत्व में हुए लोकायुक्त आंदोलन में और भी ज्यादा लोकप्रियता बटोरकर तथा भाजपा सरकार की शह पाकर एक बड़ा कारोबारी साम्राज्य खड़ा करने वाले रामदेव अपने विवादास्पद बयानों एवं गतिविधियों के लिये जाने जाते हैं। कांग्रेस के डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाले कार्यकाल में रामदेव भ्रष्टाचार के खिलाफ एक बड़े झंडाबरदार बन गये थे। उन्होंने ही दावा किया था कि विदेश में रखा काला धन आने पर लोगों से टैत्त्स लेने की ज़रूरत नहीं होगी और पेट्रोल 35 रुपये प्रति लीटर मिलने लगेगा। यह अलग बात है कि पिछले दस वर्षों से योगाचार्य इस मामले में मौन धारण किये हुए हैं। स्वदेशी उत्पादों तथा परंपरागत चिकित्सा पद्धति का राग अलापने वाले रामदेव ने बाजार के रूझान को देखते हुए वे सारी चीजें बनानी व बेचनी शुरू कर दीं जो आधुनिक जीवन पद्धति के हिस्से हैं। इनमें तरहतरह के सौंदर्य प्रसाधनों से लेकर खाद्य सामग्रियां शामिल हैं। इतना ही नहीं, कंपनी मैगी जैसे पदार्थ भी बनाने लगी जो विदेशी व्यंजन तो है ही, स्वास्थ्य के लिये बेहद खतरनाक भी हैं। आज भारत का शायद ही कोई शहर होगा जहां पतंजलि उत्पादों की बिक्री न होती हो और कोई गांव ऐसा नहीं मिलेगा जहां पतंजलि द्वारा निर्मित किसी न किसी उत्पाद के उपभोक्ता न हों। वैसे यह भी जानना ज़रूरी है कि पतंजलि के ज्यादातर उत्पाद गुणवत्ता के मानकों पर खरे नहीं उतरे हैं।

सुप्रीम कोर्ट में आज जो रामदेव अपने सहयोगियों के साथ कानून के सामने शीर्षासन करते नज़र आये, उन्होंने भारत के लोगों का कोरोना काल में बड़ा अहित किया था। एक तो उनके कारण बड़ी संत्त्या में लोगों का भरोसा वैज्ञानिक तरीकों से तैयार की गई संक्रमणरोधी दवाओं पर से विश्वास उठ गया तथा उसके एवज में पतंजलि ने आननफानन में तैयार की गई दवा का बड़े पैमाने पर निर्माण कर बाजार में खूब पैसा कमाया। पर्याप्त प्रयोगों व उनके परिणामों की वैज्ञानिक जांच के बिना कोई भी दवा लाभ की बजाय नुकसानदेह ही होती है पर रामदेव ने अंग्रेजी दवाओं को बेकार बतलाते हुए लोगों को बरगलाया भी था।

महिलाओं की सेहत के लिए वरदान है चिया सीड्स

अनन्या मिश्रा

वर्तमान समय में चिया बीज स्वास्थ्यवर्धक आहार का अहम हिस्सा बन गए हैं। चिया सीड्स महिलाओं के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद हो सकते हैं। स्वास्थ्य को सुधारने के साथसाथ चिया सीड्स महिलाओं की सेहत को भी कई विशेष फायदे प्रदान करते हैं।

आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको महिलाओं के लिए चिया सीड्स के फायदों के बारे में बताने जा रहे हैं। आइए जानते हैं चिया सीड्स के सेवन से महिलाओं को त्त्या फायदे हो सकते हैं।

हार्ट हेल्थ के लिए फायदेमंद

बता दें कि चिया सीड्स में ओमेगा3 फैटी एसिड्स भरपूर मात्रा में पाया जाता है। यह दिल को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करता है। फैटी एसिड्स रक्तचाप को कंट्रोल करने में मददगार होता है। साथ ही दिल संबंधी बीमारियों के जोखिम को कम करता है।

हॉर्मोनल बैलेंस को सुधार

चिया सीड्स में भरपूर मात्रा में आयरन, मैग्नीशियम, जिंक, विटामिन बी और आयोडीन जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। यह हॉर्मोन्स को सही मात्रा में सफलतापूर्वक कंट्रोल करने में मददगार होते हैं। वहीं महिलाओं के पीरियड्स की नियमितता को बनाए रखने में सहायक होता है। इसके अलावा चिया सीड्स के सेवन से पीरियड के दर्द से भी राहत पाई जा सकती है।

बोन हेल्थ

चिया सीड्स में कैल्शियम, मैग्नीशियम और फॉस्फोरस जैसे मिनरल्स पाए जाते हैं। यह हड्डियों के स्वास्थ्य के लिए काफी अच्छा माना जाता है। ऐसे में जो महिलाएं अपनी बोन हेल्थ का त्त्याल रखना चाहती हैं। इन्हें अपनी डाइट में चिया सीड्स को जरूर शामिल करना चाहिए।

वेट लॉस में सहायक

अगर आप बारबार कुछ न कुछ खाते रहते हैं और इस आदत को कंट्रोल करना चाहती हैं, तो इसमें चिया सीड्स आपकी मदद कर सकता है। बता दें कि चिया सीड्स के सेवन से आपका पेट लंबे समय तक भरा रहेगा। ऐसे में आप बारबार नहीं खाएंगे। ऊबले हुए पानी में फूलने से चिया सीड्स वजन में वृद्धि कर आपकी भूख को दबा सकती है। जिससे आप कम मात्रा में भोजन करेंगी। इससे आपका वेट लॉस भी होगा।

स्किन केयर

चिया सीड्स में विटामिन ई और ओमेगा3 फैटी एसिड्स पाया जाता है। जो आपकी स्किन में ग्लो लाता है। साथ ही उसकी नमी को बनाए रखने में सहायक होता है। चिया सीड्स में प्रोटीन की भी भरपूर मात्रा पायी जाती है। जो आपकी स्किन को रिपेयर कर अंदर से ग्लो लाने में मदद करती है।

नहीं डालेंगे अपना वोट तो सरकार से कैसे कर सकेंगे सवाल?

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

पहले चरण के मतदान के दौरान देश के कई हिस्सों में कई मतदान केन्द्रों पर मतदान का बहिष्कार के समाचार भी देखने सुनने को मिले। यह भी अपने आप में सही विकल्प नहीं कहा जा सकता। आखिर मतदान का बहिष्कार कर हम अपना ही नुकसान कर रहे हैं।

18 वीं लोकसभा के लिए पहले चरण का 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों के लिए मतदान संपन्न हो चुका है। दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रेल को देश के 13 राज्यों के 89 लोकसभा सीटों के लिए होने जा रहा है। पहले चरण का मतदान 2019 की तुलना में कम हुआ है। यह अपने आप में चिंतनीय हो जाता है। मतदान कम होने के कारणों का विश्लेषण करने का ना तो यह सही समय है और ना ही यह विश्लेषण का समय है कि मतदान कम होने से किसे लाभ होगा या किसे हानि होगी। लाभहानि का आकलन करना राजनीतिक दलों का विषय हो सकता है। पर दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नागरिकों द्वारा मताधिकार का उपयोग नहीं करना अपने आप में गंभीर हो जाता है। एक और हम निर्वाचित सरकार से अपेक्षाएं रखते हैं और रखनी भी चाहिए वहीं हम अपनी सरकार चुनने के लिए घर से मतदान करने के लिए भी निकलना अपनी तोहिन समझने लगते हैं। आखिर इतनी गैर जित्त्मेदार नागरिक हम कैसे हो सकते हैं? यहां पर बरबस देश की सर्वोच्च अदालत की टिप्पणी पर ध्यान चला जाता है कि जब हम मतदान के दायित्व को पूरा नहीं कर सकते तो फिर चुनी हुई सरकार से सवाल करने या उससे किसी तरह की अपेक्षा रखने का हक भी हमें नहीं होना चाहिए। एक एनजीओ के द्वारा दायर पीएल को इसी भावार्थ के साथ खारिज कर दिया गया था। वैसे भी हमारा दायित्व हो जाता है कि लोकतंत्र के इस महापर्व में हम थोड़ा सा समय निकाल कर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। पांच साल में एक बार मिलने वाले अवसर को नकारात्मक सोच या गैरजित्त्मेदारी से खो देना किसी भी हालात में उचित नहीं माना जा सकता।

लोकतंत्र के महायज्ञ में प्रत्येक मतदाता को अपने मताधिकार का उपयोग कर मतदान करके अपनी आहुति देने का अवसर मिलता है। ऐसे में मतदान का बहिष्कार या फिर लापरवाही के कारण मतदान नहीं करना किसी अक्षत्त्य अपराध से कम नहीं कहा जा सकता है। वर्तमान सिनेरियों में नोटा प्रयोग भी मंथन का विषय होना चाहिए। नोटा के प्रवधान को लेकर पक्ष विपक्ष में अनेक तर्क दिए जा सकते हैं पर समय आ गया है कि उस पर बड़ी बहस हो और उसको अधिक प्रभावी या कारगर बनाने के प्रावधान किये जाये। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मतदान को लेकर की गई टिप्पणी भी इस मायने में महत्वपूर्ण हो जाती है कि यदि हम मताधिकार का प्रयोग नहीं करते हैं तो फिर सरकार के खिलाफ किसी तरह की ग्रिवेंस करना उचित नहीं ठहराया जा सकता। सजग व जित्त्मेदार नागरिक के रुप में प्रत्येक मतदाता का दायित्व हो जाता है कि वह अपने मताधिकार का प्रयोग करे। अब तो निर्वाचन आयोग ने मतदान सुविधाजनक भी बना दिया है। बुजुर्ग व दिव्याग मतदाताओं को घर बैठे मतदान का अवसर प्रदान कर दिया हैं वहीं मतदाताओं के लिए जागरुकता अभियान से लेकर निष्पक्ष चुनाव के लिए कारगर कदम उठाये जाने लगे हैं। मुत्त्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव तिथियों की घोषणा करते समय साफ कर दिया कि आयोग चार एम पर प्रभावी कार्यवाही करने को प्रतिवद्ध है और उसकी सूक्ष्म मोनेटरिंग की जा रही है।

भले ही सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद ईवीएम में नोटा यानी कि नन ऑफ द अवोव का प्रावधान कर दिया गया हो पर एक जागरुक व जित्त्मेदार मतदाता के लिए नोटा के प्रयोग को समझदारी भरा निर्णय नही माना जा सकता। कारण साफ है नोटा का बटन दबाकर अपनी भावना तो व्यक्त कर सकते हैं पर उसका इस मायने में कोई अर्थ नहीं रहता कि किसी की जीत हार में उसका असर नहीं पडता। नोटा के प्रयोग के स्थान पर उपलत्त्ध विकल्पों में से ही किसी एक को चुनना ज्यादा बेहतर माना जा सकता है। हांलाकि एक समय था जब कई बूथों पर विरोध स्वरुप मतदान का बहिष्कार करने का निर्णय कर लिया जाता था या फिर लोगों द्वारा उपलत्त्ध उत्त्मीद्वारों में किसी को भी मत देने योग्य नहीं समझने के कारण विरोध का मत यानी कि नोटा के प्रयोग की मांग की जाती रही। नोटा का परिणाम प्रभावी तरीके से राइट टू रिजेत्त्ट होता तो अधिक कारगर होता। तस्वीर का दूसरा पक्ष यह भी है कि अमेरिका सहित दुनिया के कई देशों में उसकी कारगरता के अभाव के कारण नोटा के प्रावधान को हटाया जा चुका है। यों कहे कि कई देषों में नोटा के प्रावधानों को कारगर नहीं पाने के कारण हटा दिया गया है। अमेरिका की ही बात करें तो वहां नोटा का प्रावधान रहा है पर 2000 आते आते उसे हटा दिया गया। इसी तरह से रुस ने 2006 और पाकिस्तान में 2013 में नोटा प्रावधान को हटाया जा चुका है। देश के प्रबुद्ध नागरिकों, वुद्धिजीवियों, राजनीतिक विश्लेषकों, कानूनविद् को नोटा को लेकर गंभीर बहस छेड़नी होगी जिससे नोटा को वास्तव में चुनावों में हथियार के रुप में उपयोग किया जा सके। आज की तारीख में बात करें तो नोटा केवल और केवल आपके विरोध को दर्ज कराने तक ही सीमित माना जा सकता है।

पहले चरण के मतदान के दौरान देश के कई हिस्सों में कई मतदान केन्द्रों पर मतदान का बहिष्कार के समाचार भी देखने सुनने को मिले। यह भी अपने आप में सही विकल्प नहीं कहा जा सकता। आखिर मतदान का बहिष्कार कर हम अपना ही नुकसान कर रहे हैं। बहिष्कार से कुछ हासिल होना नहीं है। बल्कि आप जिस किसी से भी नाराज है तो उसके खिलाफ मतदान कर अपनी बात को रख सकते हैं। ऐसे में मतदान का बहिष्कार या नोटा का प्रयोग के स्थान पर मतदान अवश्य करना चाहिए। पहले चरण के कम मतदान को लेकर यह कहा जा रहा है कि गर्मी तेज थी, जागरुकता का अभाव, शादी विवाह होना या मुद्दों का ना होना जैसी बात की जा रही है पर यह सब बहाने निरर्थक है। मतदान केन्द्र कुछ ही दूरी पर है तो जागरुकता की जित्त्मेदारी हमारी है। चुनाव आयोग लगातार जागरुक करने के साथ ही अब तो राजनीतिक दलों पर निर्भरता भी पूरी तरह से समाप्त कर दी है। शादी विवाह होने के बावजूद हमें समय निकाल कर मतदान तो करना ही चाहिए।

एक दूसरी बात और जिस पर गंभीर चिंतन की आवश्यकता है। आजादी के 75 साल बाद और दुनिया की सबसे बेहतरीन चुनाव व्यवस्था के बावजूद मतदान प्रतिशत 90 से 100 प्रतिशत के आंकड़े को नहीं छूना चिंता का विषय है। आज हालात बदल चुके हैं। कोई भी किसी को मतदान के अधिकार से जोर जबरदस्ती या अन्य कारण से रोक नहीं सकता। भारतीय चुनाव आयेग की निष्पक्ष चुनाव व्यवस्था को सारी दुनिया द्वारा सराहा जाता है और लोहा मानते हैं। इस सबके बावजूद मतदान का प्रतिशत कम होना गंभीर है। ऐसे में मतदान का बहिष्कार या मतदान नहीं करना जित्त्मेदार मतदाता का काम नहीं हो सकता। पांच साल में एक बार आने वाले इस अवसर का उपयोग सकारात्मक सोच व उपलत्त्ध विकल्पों के आधार पर ही बेहतर तरीके से किया जा सकता है। इसलिए मतदान को अपना कर्तव्य समझ कर घर से बाहर निकलें और मताधिकार का उपयोग अवश्य करें यह सभी मतदाताओं के दिलोदिमाग में होना चाहिए। गैरसरकारी संगठनों व मीडिया को भी इसके लिए आगे आना चाहिए ताकि हम कह सके कि यह सरकार कम मतदान प्रतिशत के आधार पर चुनी हुई नहीं हैं। जिस तरह से रोजमर्रा के काम जरुरी है उसी तरह से हमें मतदान को समझना होगा और बाकी 26 अप्रेल और इसके बाद के चरणों के मतदान पर्व को पर्व की तरह ही मनाना होगा।

घरेलू नुस्खे....

भगवान शिव को बेहद प्रिय है बेल पत्र... इसके सेवन से स्वास्थ्य को होते हैं कई लाभ

रितिका कमठान

बेल पत्र भगवान शिव को चढ़ाने के अलावा स्वास्थ्य के लिहाज से भी काफी अहम है। बेल पत्र को हिंदू धर्म में काफी पवित्र माना जाता है। बेल के पेड़ को भगवान शिव का स्वरूप माना जाता है और सावन के पवित्र महीने के दौरान इसकी पत्तियों का विशेष महत्व है।

श्रावण के महीने को भगवान शिव का प्रिय महिना माना जाता है, जिसमें महादेव के पूजन, आराधना का विशेष महत्व होता है। भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए सावन में श्रद्धालु उपवास, पूजन, अभिषेक करते है। इस महीने में भगवान शिव की उपासना करने से भक्तों के सभी कष्ट दूर होते है।

भगवान शिव के पूजन में कई तरह की सामग्री का उपयोग किया जाता है। इसमें भांग, धतूरा, शहद, दही, दूध, जल, चावल के अलावा बेल पत्र सबसे अहम होता है। बेल पत्र खास तरह का पत्ता होता है जिसे शिव पूजन में उपयोग किया जाता है। इसका शिव पूजा में विशेष महत्व है। भगवान शिव को बेल पत्र चढ़ाने से भोले बाबा जल्दी प्रसन्न होते है।

बता दें कि बेल पत्र भगवान शिव को चढ़ाने के अलावा स्वास्थ्य के लिहाज से भी काफी अहम है। बेल पत्र को हिंदू धर्म में काफी पवित्र माना जाता है। बेल के पेड़ को भगवान शिव का स्वरूप माना जाता है और सावन के पवित्र महीने के दौरान इसकी पत्तियों का विशेष महत्व है। यह भक्तों को नकारात्मक ऊर्जाओं और बुरी शक्तियों से बचाता है। बेल पत्र के अलावा बेल के फल का भी काफी अहमियत बताई गई है। बेल के पेड़ पर लगने वाली पत्तियों और फल को काफी सात्विक और पवित्र माना जाता है। माना जाता है कि भगवान शिव को बेल पत्र अर्पित करने से मन, शरीर और आत्मा शुद्ध और शुद्ध हो जाते हैं। इसके अलावा, सावन के दौरान बेल पत्र के सेवन से कई स्वास्थ्य लाभ भी होते है।

बता दें कि बेल पत्र की एक पत्ती में तीन पत्तियां होती है, जिससे भगवान शिव का पूजन होता है। इसकी एक पत्ते में समाई तीन पत्तियां भगवान शिव की तीन आंखों का प्रतिनिधित्व करती है। भगवान शिव की तीन आंखें ज्ञान, निर्णय लेने और कार्रवाई से संबंधित है। गौरतलब है कि बेल के पत्तों में कई औषधीय गुण होते है। बेल पत्र में शुद्ध करने वाले गुण होते हैं।

लिपिड्स इन हेल्थ एंड डिजीज में प्रकाशित 2018 के एक अध्ययन के अनुसार, बेल पत्र के अर्क में एल्कलॉइड्स, इमोडिन, फेरिक त्त्लोराइड, लेड एसीटेट, जिलेटिन, फेनोलित्त्स जैसे तत्व होते है। ये सभी तत्व औषधीय गुणों से भरपूर होते है। स्टडी में सामने आया है कि बेल पत्र के अर्क आमतौर पर दवा कंपनियों द्वारा आधुनिक और प्रभावी दवाएं बनाने के लिए उपयोग किया जाता है। बेल पत्र को जूस या अर्क के तौर पर सेवन में लाया जा सकता है।

पाचन में मददगार = बेल पत्र का सेवन करने से पाचन में सुधार होता है। ये कत्त्ज से राहत देने में मददगार है। पाचन एंजाइमों के स्राव को बढ़ावा देकर और मल त्याग को आसान बनाकर ये कई गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल विकारों को ठीक करता है।

श्वसन स्वास्थ्य = बेल की पत्तियों का उपयोग श्वसन स्वास्थ्य को सुधारने में किया जाता है। ये श्वसन नली में सूजन को कम करके, श्वसन पथ को शांत करते है। इसके उपयोग से श्वसन पथ का जमाव होता है जिससे खांसी, सर्दी और अस्थमा जैसी श्वसन समस्याओं में राहत मिलती है।

कूलिंग प्रभाव = बेल पत्र शरीर पर शीतल प्रभाव डालता है। इसका सेवन करने से शरीर की गर्मी कम होता है। ये हीटस्ट्रोक को रोकता है। इसका सेवन करने से गर्मियों और मॉनसून के दौरान होने वाली बीमारियों से राहत मिल सकती है।

डिटॉत्त्सिफाई = बेल पत्र शरीर से विषात्त पदार्थों को खत्म करने में सहायक है। ये शरीर के खून को साफ करता है और लिवर को काम करने में मदद करता है। इसके सेवन से शरीर अच्छे से डिटॉत्त्सिफाई होता है।

एंटी इंत्त्लेमेट्री प्रॉपर्टीज = बेल के पत्तों में टैनिन होता है जिससे सूजन कम करने में मदद मिलती है। ये गठिया, जोड़ों के दर्द और सूजन से संबंधित समस्याओं में राहत दिलाता है।

इत्त्यूनिटी करे बूस्ट = बेल पत्र में विटामिन सी उच्च मात्रा में होता है जिससे ये इत्त्यूनिटी को मजबूत करता है। संक्रमण के खिलाफ शरीर की रक्षा को बढ़ाता है। इसके सेवन से स्वास्थ्य में सुधार होता है।

एंटी माइक्रोबायल इफेत्त्ट = बेल के पत्ते उपयोग करने से हानिकारक बैत्त्टीरिया, वायरस का विकास नहीं होता है। इसके सेवन से कई तरह के माइक्रोबियल संक्रमणों से बचाव होता है।

एंटी ऑत्त्सीडेंट से भरपूर = विटामिन सी के अलावा बेलपत्र में त्त्लेवोनोइड और फेनोलिक कंपाउंड के अलावा एंटी ऑत्त्सीडेंट्स ह ोते है। ये ऑत्त्सीडेटिव तनाव को कम करने, हृदय रोग और कैंसर जैसी बीमारियों का खतरा कम करने में सहायक है।

त्त्लड प्यूरिफायर = बेल के पत्तों का सेवन करने से त्त्लड सर्कुलेशन में सुधार होता है। ये शरीर से टॉत्त्सिन बाहर निकालने में मददगार है। इसके सेवन से त्त्लड प्रेशर सामान्य होता है। रक्त संबंधी विकारों को ठीक करने में सहायक सिद्ध होता है।

न्यूट्रिशनल वैल्यू = बेल पत्र में विटामिन ए, सी और बी कॉत्त्प्लेत्त्स भरपूर मात्रा में होता है। इसमें कैल्शियम, पोटेशियम और फोसफोरस जैसे मिनरल्स पाए जाते है। इसमें फाइबर की अच्छी मात्रा होती है जिससे ये पूरे स्वास्थ्य के लिए काफी उपयोगी साबित होता है।

ग्रोथ हार्मोन की वजह से रूक सकती है बच्चे की हाइट

अनन्या मिश्रा

बच्चे की ग्रोथ के लिए कई कारक अहम और जित्त्मेदार होते हैं। बच्चों के ब्रेन के पिट्यूटरी ग्लैंड से ग्रोथ हार्मोन रिलीज होता है। यदि इस हार्मोन में कमी होने लगे तो बच्चे को कई तरह की समस्याएं हो जाती हैं। इस हार्मोन को बच्चे के विकास के लिए काफी ज्यादा जरूरी माना जाता है। इस हार्मोन से बच्चे की हड्डियों और मांसपेशियों का विकास होता है। बच्चों के सही ग्रोथ के लिए इस हार्मोन के लेवल का सही होना काफी ज्यादा जरूरी होता है। यदि इस हार्मोन में कमी होने लगे तो बच्चे को कई तरह की समस्याएं हो जाती हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको ग्रोथ हार्मोन की कमी के कारणों के बारे में बताने जा रहे हैं।

आनुवंशिक

ग्रोथ हार्मोन के रिलीज होने की प्रक्रिया कुछ आनुवंशिक बदलावों के कारण बाधित हो सकती हैं। यह बदलाव पिट्यूटरी ग्लैंज को प्रभावित भी कर सकता है। जिससे इस हार्मोन में कमी आने लगती है।

कॉग्नेटल कंडिशन

कॉग्नेटल कंडिशन (जन्मजात स्थितियों) जैसे प्रेडरविली सिंड्रोम व टर्नर सिंड्रोम और ऑप्टिक डिसप्लेसिया आदि के साथ जिन बच्चों का जन्म होता है। उनमें ग्रोथ हार्मोन की कमी का खतरा बढ़ जाता है।

ब्रेन ट्यूमर

ग्रोथ हार्मोन के रिलीज के साथ ही ब्रेन ट्यूमर इसके सामान्य कार्य को बाधित कर सकता है। ब्रेन की सर्जरी या उस हिस्से में लेजर थेरेपी के कारण भी यह ग्रोथ हार्मोन को प्रभावित करने का काम कर सकती है।

इंफेत्त्शन और सूजन

ब्रेन को प्रभावित करने वाले इंफेत्त्शन, जैसे मेनिनजाइटिस या एन्सेफलाइटिस पिट्यूटरी ग्रंथि को दबाव डाल सकते हैं। इससे ग्रोथ हार्मोन में कमी आ सकती है।

ग्रोथ हार्मोन की कमी के लक्षण

ग्रोथ का रुकना

बच्चे में इस हार्मोन की कमी होने पर उसकी ग्रोथ रुक जाती है। या फिर ग्रोथ धीमी हो जाती है। ऐसे में बच्चा अपनी उम्र के अन्य बच्चों से छोटा रह जाता है।

प्यूबर्टी का डिले होना

बता दें कि बच्चे में ग्रोथ के अलावा, ग्रोथ हार्मोन प्यूबर्टी में भी मुत्त्य भूमिका निभाता है। इस हार्मोन की कमी होने पर किशोरों की प्यूबर्टी में देरी हो सकती है।

कमजोर मांसपेशियां

ग्रोथ हार्मोन की कमी से बच्चे मांसपेशियों की ग्रोथ प्रभावित हो जाती है। इससे बच्चे की मांसपेशियां कमजोर हो जाती हैं।

एनर्जी की कमी

ग्रोथ हार्मोन में कमी होने पर बच्चों का मेटाबॉलिज्म प्रभावित हो सकता है। बता दें शरीर के सभी अंगो को मेटाबॉलिज्म एनर्जी प्रदान करता है। लेकिन इसकी कमी से बच्चे में एनर्जी की कमी देखी जा सकती है।

कोलेस्ट्रॉल का बढ़ना

ग्रोथ हार्मोन की कमी होने पर बच्चे के लिपिड प्रोफाइल में बदलाव हो सकते हैं। जिसके कारण एलडीएल कोलेस्ट्रॉल यानी की खराब कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढ़ सकता है।

सोशल और भावनात्मक चुनौती

ग्रोथ हार्मोन की वजह से जिन बच्चों का कद छोटा रह जाता है, उनको सामाजिक व भावनात्मक चुनौतियों का भी सामना करना पड़

इंफेक्शन होने पर बच्चों के गले में हो सकती है खराश

अनन्या मिश्रा

गले में खराश व दर्द को स्ट्रेस थ्रोट के नाम से भी जाना जाता है। यह बैत्त्टीरियल संक्रमण होता है, जो ग्रुप ए स्ट्रेप की वजह होती है। कुछ दवाओं से बैत्त्टीरियल इंफेकशन का इलाज किया जा सकता है। इसके साथ ही इससे बचने के लिए डॉत्त्टर कुछ सावधानियां बरतने को बताते हैं।

मानसून में बच्चे को इंफेत्त्शन का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में बच्चों को सिर दर्द, खांसी, जुकाम, बुखार व गले में दर्द की समस्या देखने को मिलती हैं। मानसून में बच्चों को खासकर सर्दीजुकाम और गले में खराश की समस्या हो सकती है। बता दें कि गले में खराश व दर्द को स्ट्रेस थ्रोट के नाम से भी जाना जाता है। यह बैत्त्टीरियल संक्रमण होता है, जो ग्रुप ए स्ट्रेप की वजह होती है। बैत्त्टीरिया मुत्त्य रूप से बच्चों और टिन्स को इंफेत्त्शन करता है।

कुछ दवाओं से बैत्त्टीरियल इंफेकशन का इलाज किया जा सकता है। इसके साथ ही इससे बचने के लिए डॉत्त्टर कुछ सावधानियां बरतने को बताते हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि बच्चों के गले में खराश या दर्द होने पर त्त्या करें और इसके त्त्या कारण होते हैं।

बैत्त्टीरियल इंफेत्त्शन

बच्चों में स्ट्रेप थ्रोट का मुत्त्य कारण ग्रुप ए स्ट्रेप्टोकोकस बैत्त्टीरिया होता है। यह बैत्त्टीरिया इंफेत्त्टेड होता है। इससे संक्रमित व्यक्ति की खांसी और छींक से निकलने वाली सांस से इंफेत्त्शन फैलता है। भीड़ भरे माहौल जैसे स्कूलों या डेकेयर सेंटरों में बच्चे अत्त्सर बैत्त्टीरिया से संक्रमित हो जाते हैं। इसलिए बच्चे को हाथ धोने के साथ खांसते या छींकते समय मुंह पर हाथ जरूर रखने की आदत डलवाएं।

कमजोर इत्त्यून सिस्टम

बता दें कि बच्चों में 5 से 15 साल की आयु में इत्त्यून सिस्टम डेवलप हो रहा है। ऐसे में बच्चों को इंफेत्त्शन की संभावना ज्यादा अधिक होता है। बच्चों की इत्त्यूनिटी बैत्त्टीरिया से लड़ने के लिए मजबूत नहीं होती है। इत्त्यून सिस्टम कमजोर होने के कारण बदलते मौसम सर्दी जुकाम में बच्चे गले में खराश जैसे कुछ संक्रमणों की चपेट में आ सकता है।

बैत्त्टीरिल ट्रांसमिशन

अत्त्सर ऐसे वातावरण में स्ट्रेप थ्रोट तेजी से फैलता है। जैसे बच्चे स्कूल और घर के संपर्क में ज्यादा होते हैं। यहां तक कि बर्तन, पेय या संक्रमित लोगों से बातचीत करने से भी बैत्त्टीरिया काफी आसानी से फैल जाता है। ऐसे में बच्चे को बैत्त्टीरियल इंफेत्त्शन से बचाने के लिए बच्चे को बीमार लोगों से दूर रखें। इसके साथ अन्य चीजों को इस्तेमाल करने से मना करें।

ऐसे करें बच्चे का इलाज

एंटीबायोटित्त्स

इंफेत्त्शन होने पर बच्चों के गले में खराश व दर्द की समस्या हो सकती है। कुछ मामलों में बच्चों के गले में सूजन की समस्या भी देखने को मिल सकती है। स्ट्रेप थ्रोट की वजह से कई बार कुछ बच्चे खाना नहीं खा पाते हैं। ऐसे में बच्चों को डॉत्त्टर एंटीबायोटित्त्स दवाएं देते हैं। इसके अलावा डॉत्त्टर कुछ घरेलू टिप्स को भी फॉलो करने की सलाह देते हैं।

आराम करें और पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं

बैत्त्टीरिलय इंफेत्त्शन से लड़ने के लिए बच्चों के शरीर को एनर्जी की जरूरत होती है। ऐसे में डॉत्त्टर बच्चों को ज्यादा से ज्यादा आराम करने की सलाह देते हैं और पर्याप्त मात्रा में पानी पिए जानें की सलाह देते हैं।

नमक के गरारे

डॉत्त्टर बच्चे के गले में सूजन व दर्द की समस्या कम करने के लिए दिन में दो से तीन बार नमक के गुनगुने पानी से गरारे करने की सलाह देते हैं।

बृजभूषण का कटेगा टिकट?

नई राह की तलाश में दल, भाजपा इन पर दांव लगाने की तैयारी

बलरामपुर। यूपी की कैसरगंज सीट पर बसपा को छोड़ सपा और भाजपा ने अभी तक अपना प्रत्याशी तय नहीं किया है। नामांकन अंतिम दौर में है। आज सपाभाजपा अपने अपने पत्ते खोल सकते हैं।

सूबे की सियासी तपिश के केंद्र कैसरगंज को लेकर मंथन राजधानी से लेकर दिल्ली तक चल रहा है। प्रत्याशी तय करने में पार्टियां नफा नुकसान पर इतनी गंभीर हैं कि नाम तय करने में पसीना छूट रहा है।

अंतिम दौर में पहुंचे नामांकन में अब प्रत्याशी तय करना मजबूरी सा हो गया है। भाजपा ही नहीं तीनों दलों में घमासान मचा है कि आखिर कमान किसके हाथ में दी जाए, जिससे राजनीतिक इज्जत बची रहे। इसी दांव में भाजपा ने नई राह निकाली है। इसमें किसी दिग्गज को या फिर महिला नेतृत्व के हाथ में क्षेत्र की कमान दी जा सकती है।

बुधवार को पूरे दिन सियासी पारा इसी के आसपास उठतागिरता रहा। कैसरगंज की नुमाइंदगी कर रहे सियासी अखाड़े के दिग्गज से भाजपा ने आंख त्त्या फेरी, दावा तय करने में देरी की इंतहां हो गई। सजे मैदान में सियासी सेना पूरे एक माह से कदमताल कर रही है।

सेनापति के न होने से जंग छिड़ ही नहीं पा रही। कैसरगंज के चुनावी इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ कि कोई दल प्रत्याशी तय करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा। बुधवार को राजनीतिक गलियारों में कई नाम सामने आते रहे, यह अलग बात रही कि किसी नाम पर मुहर नहीं लग सकी। दिल्ली की बैठक का जिक्र जोरों पर रहा कि अब कर्नाटक की घटना के बाद नारी नेतृत्व के हाथ में कैसरगंज की चाभी दी जाए। इसके लिए समाजवादी घराने की बहू जो भगवा रंग धारण किए हैं का नाम भी चर्चा में रहा। वहीं स्थानीय सियासी घराने का नाम भी सुर्खियों में आया।

देर शाम तक सिर्फ नामों की चर्चा रही। इसी बीच प्रदेश सरकार के एक डिप्टी सीएम का नाम भी तैरता रहा। समय कम होने से सभी को जल्द फैसले की उत्मीद है। अब एक ही बात की चर्चा है कि आखिर किसके हाथ में फूल महकेगा।

बात सपा की करें तो चार संभावितों ने नामांकन पत्र तो लिया है, लेकिन अभी दाखिल करने की हरी झंडी नहीं मिली है। सपा भी भाजपा के दांव का अंतिम समय तक इंतजार करने के मूड में दिख रही है, वहीं बसपा भी किसी का इंतजार ही कर रही है। वह भी शुक्रवार के पहले पूरा हो जाएगा।

अब यहां देखना अहम होगा कि इस इंतजार में बेकरार कौन होता है। इसी पर पूरे समीकरण का दारोमदार टिका है। ऐसा भी हो सकता है कि बेकरारी बगावत तक पहुंच जाए।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, कैसरगंज सीट से मौजूदा भाजपा बृजभूषण शरण सिंह पर गाज गिर सकती है। उनकी जगह उनके छोटे बेटे को टिकट देने की चर्चाएं हैं। या फिर किसी महिला को भी मैदान में उतारा जा सकता है।

फर्जी सूची से बढ़ी हलचल, लोग रहे दंग

कैसरगंज में प्रत्याशी तय करने के चले जा रहे दांवपेच में फर्जीवाड़ा भी हो रहा है। बुधवार दोपहर अचानक भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव की ओर से कैसरगंज सीट के प्रत्याशी तय करने का फर्जी पत्र जारी हो गया। इससे लोग दंग रह गए। राजनीतिक जोड़ घटाव में शुरू हो गया। चंद समय बाद ही फर्जी सूची में शामिल शत्त्स लाइव आया और सूची को सिरे से खारिज किया। एफआईआर की चेतावनी के साथ ही नाम बदनाम करने की साजिश करार दिया। यह पत्र त्त्यों जारी हुआ, इसे लेकर भी कयास लगाए जा रहे हैं। कहा तो यह जा रहा है कि यह भी बड़ा खेल था।

सीएम महाराष्ट्र दौरे पर, दिल्ली के फैसले पर टिकी नजर

टिकट तय होने की दौड़ लखनऊ से लेकर दिल्ली तक चल रही है। सीएम के महाराष्ट्र चुनावी रैली में होने के कारण पार्टी के दिग्गज नेताओं को मायूसी ही हाथ लगी, वहीं दिल्ली से भविष्य तय होने की चर्चाएं जोर पकड़े रहीं। माना जा रहा है कि दिल्ली के दिग्गज बड़े फैसले की ओर बढ़े हैं।

खामोशी साधी, पर चर्चाओं ने पकड़ा जोर

दबदबा और दाबमदाब की ओर बढ़ रहे कदम रोककर अखाड़ेबाज की खामोशी भी चर्चा में है। दो दिनों से सियासी फिजा से दूरी त्त्या बनाई कि तेजी से लोगों की निगाहें उनके दांव पर टिक गई।

जरवलरोड के देवकुमार कहते हैं कि यह चुप्पी बड़े संकेत दे रही है। आने वाला वक्त ही बताएगा कि त्त्या होने वाला है।

फिलहाल रोहित तो भरोसा जताते हैं कि भाजपा को उन पर भरोसा है, लेकिन टिकट न मिलने पर यह खामोशी बड़ा बदलाव लाएगी। वह मैदान में आए तो परिणाम पर असर पड़ना तय है।

घर के बाहर तख्त पर बैठे चार लोगों को अनियंत्रित कार ने मारी टक्कर

लखनऊ। श्रावस्ती जिले के गिरंट थाना क्षेत्र के कस्बे में हुए भीषण हादसे में एक अनियंत्रित कार ने घर के बाहर तत्त्त पर बैठे चार लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में दो की मौत हो गई।

श्रावस्ती जिले के गिरंट कस्बे में बुधवार देर रात घर के बाहर बैठे चार लोगों को तेज रत्तार कार ने टक्कर मार दी। घटना में घायल चारों लोगों को बहराइच के अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने दो को मृत घोषित कर दिया जबकि दो की हालत गंभीर होने के कारण उसे मेडिकल कालेज लखनऊ रेफर किया गया है।

हरदत्त नगर गिरंट थाना क्षेत्र के कस्बे में बुधवार देर रात दिलदहला देने वाली घटना घटी। बदला चौराहे की तरफ से आ रही तेज रत्तार कार ने यूपी 46 त्त्यू 8704 सड़क के किनारे बैठे चार लोगों को ठोकर मार दी। यह चारों घर के बाहर तत्त्त पर बैठे थे।

घटना में कस्बा निवासी निजामुद्दीन (60) पुत्र अत्तुल हक, मुशाहिब (45) पुत्र फारूक, रशीद (60) पुत्र अत्तुल हक तथा बहराइच के कुन्ननपुर निवासी काजी मौलाना (35) गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें मौके पर पहुंची चौकी पुलिस ने एंबुलेंस से मेडिकल कालेज बहराइच पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने मुसाहिब अली व निजामुद्दीन को मृत घोषित कर दिया। जबकि राशिद अहमद और मौलाना की हालत गंभीर होने के कारण दोनों को लखनऊ मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया है। जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। वहीं, घटना में पास में खड़ी एक मोटर साईकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने दोनों वाहनों को अपने कत्जे में ले लिया है।

राहुल गांधी को लेकर दिल्ली में खामोशी, इधर अमेठी में आज नामांकन की तैयारियां हुई शुरू

लखनऊ। राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़ेंगे या नहीं इस बात का रहस्य गहराता ही जा रहा है। दिल्ली इस मामले में अब तक खामोश है। उधर अमेठी में आज नामांकन की तैयारियां शुरू हो गई हैं।

हाईप्रोफाइल सीटों में शुमार अमेठी में कांग्रेस की सियासी चुप्पी पहली बार दिख रही है। अजीब कशमकश है। प्रत्याशी का इंतजार है। कुछ के नाम पर सहमति है तो कुछ के नाम पर असहमति... इन सबके बीच अमेठी का सियासी रण दिलचस्प मोड़ पर पहुंच गया है। कांग्रेस नेता का इंतजार अभी जस का तस है। इन सबके बीच बुधवार को यहां पहुंचे सोनिया गांधी के प्रतिनिधि किशोरी लाल शर्मा ने संदेश दिया कि किसी को हताश होने की आवश्यकता नहीं है। सभी लोग तीन मई के नामांकन की तैयारी में जुट जाएं। मतलब साफ है...अमेठी के सियासी संग्राम में आने वाले दो दिन बेहद अहम हैं। अमेठी गांधी परिवार की परंपरागत सीट मानी जाती है। यहां से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

ई-निविदा सूचना संख्या : झाँसी-इन्जी0-सी-2024-79 **कार्य का नाम :** (ए) उरई : प्रोवीजन ऑफ रिमैनिंग मिनिमम एसेंशियल एमेनिटीज एंड फेसिलिटीस फॉर दिव्यांगजन एट उरई स्टेशन। (बी) पुखरायां : प्रोवीजन ऑफ रिमैनिंग मिनिमम एसेंशियल एमेनिटीज एंड फेसिलिटीस फॉर दिव्यांगजन एट पुखरायां स्टेशन।

अनुमानित लागत रू : 7033235.02, **अमानत राशि :** 140700.00, **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि :** 09 माह।

ई-निविदा सूचना संख्या : झाँसी-इन्जी0-सी-2024-80 **कार्य का नाम :** कानपुर - पतारा सेक्शन : पम्पिंग आउट ऑफ स्टैगनैन्ट वाटर एट डिफरेंट लोकेशन ऑफ सब वे (12 नंबर) इन एसीईएन/कानपुर सब डिवीजन फॉर 02 ईयर।

अनुमानित लागत रू : 6496755.90, **अमानत राशि :** 129900.00, **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि :** 24 माह।

ई-निविदा सूचना संख्या : झाँसी-इन्जी0-सी-2024-82 **कार्य का नाम :** बीना - झाँसी सेक्शन : पम्पिंग आउट ऑफ स्टैगनैन्ट वाटर एट डिफरेंट लोकेशन ऑफ सब वे (10 नंबर) इन एसीईएन/ललितपुर सब डिवीजन फॉर 02 ईयर।

अनुमानित लागत रू : 7050879.50, **अमानत राशि :** 141000.00, **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि :** 24 माह।

निविदा बन्द होने की तिथि : 28/05/2024 at 15:00 hrs • निविदा दिनांक 28/05/2024 को 15:00 बजे तक आन लाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। **781/24(AN)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @northcentralrailway @CPRONCR

स्कूल वैन का रेडिएटर फटा, खौलते कूलेंट से झुलस गई चार छात्राएं

आगरा। स्कूल वैन के रेडिएटर का बॉल उछलने से छात्राओं पर खौलता हुआ कूलेंट गिरा तो वे चीख उठीं। ये देख राहगीर मददगार बन गए और बच्चों को वैन से बाहर निकाला।

आगरा के हाथरस मार्ग पर सोमवार को ट्रांस यमुना स्थित जोंस मेरी स्कूल के विद्यार्थियों को लेकर जा रही वैन में हादसा हुआ। रेडिएटर का बॉल दबाव के कारण उछलने से करीब बैठीं छात्रछात्राएं झुलस गईं। चीखपुकार पर चालक ने वैन रोक दिया। राहगीरों ने बच्चों को बाहर निकाला। सूचना पर स्कूल प्रबंधन और बच्चों के अभिभावक पहुंच गए। झुलसी चार बच्चियों को प्राथमिक उपचार दिलाया गया।

हादसा दोपहर तकरीबन 1~30 बजे हुआ। फाउंड्री नगर निवासी हाईस्कूल की छात्रा कृतिका, कक्षा तीन की छात्रा शांभवी, कक्षा 2 की छात्रा वंशिका और कक्षा 4 की छात्रा खुशबू झुलसीं। परिजन का कहना था कि चालक अनिल रोजाना 10 12 बच्चों को स्कूल से लेकर आता है। बच्चियां पिछले हिस्से में लगे रेडिएटर के पास सीटों पर बैठी थीं। घटना में पांचछह अन्य बच्चों के शरीर पर भी खौलते कूलेंट के छींटे पड़ गए।

इस मामले में स्कूल मैनेजर दिनेश खंडेलवाल ने बताया कि अनिल वाहन लेकर आ रहा था। वाहन में पीछे की तरफ रेडिएटर लगा है। उसका ढक्कन खुलने से हादसा हुआ था। खुशबू के पैर झुलस गए। बाकी को मामूली दिक्कत हुई।

स्कूली वाहनों से हो रहे हादसे

शहर में स्कूली वाहनों से कई बार हादसे हो चुके हैं। इसके बावजूद संबंधित विभाग के अधिकारी खानापूर्ति कर रहे हैं। स्कूली वाहनों की फिटनेस की जांच तक नहीं होती है। क्षमता से अधिक विद्यार्थियों को बैठाया जाता है। सुरक्षा के इंतजाम भी नहीं होते हैं। चालकों की जांच नहीं होती है। हादसों के बाद स्कूल प्रबंधन अपना पल्ला तक झाड़ लेते हैं।

आरआई उमेश कटियार ने बताया कि वाहनों के इंजन को ठंडा करने के लिए रेडिएटर में कूलेंट डाला जाता है, ताकि वह तापमान को नियंत्रित रख सके। कई बार बॉल खराब होने के कारण लगातार रासायनिक प्रक्रिया से बॉल फट जाता है। इससे उसमें भरा कूलेंट लीक हो जाता है। इसके लिए रेडिएटर को चेक करते रहना चाहिए।

उत्तर मध्य रेलवे

आवश्यक सूचना

वैगन मरम्मत कारखाना, झाँसी उत्तर मध्य रेल, द्वारा दिनांक 15 जून 2024 को पेंशन अदालत का आयोजन।

रेलवे बोर्ड के **निर्देशानुसार** वैगन मरम्मत कारखाना झाँसी द्वारा दिनांक **15.06.2024 (शनिवार)** को **समय 11.00 बजे** मुख्य कारखाना प्रबंधक कार्यालय के मीटिंग हाल में **पेंशन अदालत** आयोजित की जायेगी। सेवानिवृत्त कर्मचारी/मृतक कर्मचारियों के आश्रित, यदि उन्हें सेवानिवृत्ति देय या **पेंशन** से सम्बन्धित कोई शिकायत है, तो अपना आवेदन विहित रूप में **दिनांक 15.05.2024** तक कार्यालय में रखी गई पेटिका में डालें या निम्नलिखित पते पर डाक द्वारा भेज सकते हैं।

पता जिस पर आवेदन भेजना है।	आयोजन - स्थल
उप मुख्य कार्मिक अधिकारी, वैगन मरम्मत कारखाना, उत्तर मध्य रेल, झाँसी।	मीटिंग हॉल, मुख्य कारखाना प्रबंधक, कार्यालय।

आवेदन का प्रारूपः- 1- आवेदन/आवेदिका का नाम- 2.- भूतपूर्व कर्मचारी का नाम- 3. टिकट संख्या/कर्मचारी संख्या 4.- पदनाम एवं अन्तिम कार्यस्थल 5- पूर्व कर्मचारी के साथ आवेदक/आवेदिका का सम्बन्ध 6- वर्तमान पता- 7- सेवा निवृत्ति तिथि- 8- सेवानिवृत्ति का प्रकार (सामान्य/स्वैच्छिक/अनिवार्य) 9- पी.पी.ओ. संख्या (छायाप्रति संलग्न की जाये।)- 10- अन्तिम वेतन एवं वेतनमान- 11- शिकायत का विस्तृत विवरण- 12- मोबाइल नं0 एवं सम्बधित पे ग्रुप संख्या

नोट- कृपया लिफाफे के ऊपर पेंशन अदालत जून 2024 का उल्लेख करें तथा आवेदन 03 प्रतियों में समस्त प्रपत्रों सहित उपलब्ध करायें। 777/24(K)

@CPRONCR @northcentralrailway North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in

गांधी परिवार के अधिवक्ता देर रात पहुंचे रायबरेली

राहुल और प्रियंका के मैदान में उतरने की संभावना बढ़ी

लखनऊ। कांग्रेस के एक नेता ने नाम न छापने के अनुरोध के साथ बताया कि अगर गांधी परिवार के सदस्य इन दोनों सीटों से चुनाव नहीं लड़ते तो केसी कौशिक को यहां नामांकन के कागज तैयार करने के लिए नहीं भेजा जाता।

लंबे समय से गांधी परिवार के नामांकन का काम देख रहे सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता केसी कौशिक बुधवार देर शाम रायबरेली पहुंच गए। इससे अमेठी और रायबरेली से राहुल गांधी व प्रियंका गांधी के उतरने की संभावना बढ़ गई हैं। बताते हैं कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के दखल के बाद इन दोनों प्रतिष्ठित सीटों पर परिवार के लोगों के लड़ने पर सहमति बन गई है।

गांधी परिवार के पारिवारिक सूत्रों के अनुसार रायबरेली और अमेठी को लेकर प्रियंका और राहुल के बीच ही सहमति नहीं बन पा रही थी। इस प्रकरण ने पारिवारिक विवाद का रूप ले लिया। इसके चलते कांग्रेस नामांकन की अंतिम तिथि के दो दिन पहले तक प्रत्याशियों की घोषणा नहीं कर सकी। पारिवारिक सूत्रों की मानें तो मंगलवार शाम इस मुद्दे पर सोनिया गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे की बात हुई। खड़गे ने कहा कि इससे देश में ठीक संदेश नहीं जा रहा है। भाजपा को भी दुष्प्रचार करने का मौका मिलेगा। इस पर मंगलवार को ही सोनिया गांधी ने राहुल और प्रियंका को बैठाकर बात की।

इसी बातचीत का नतीजा है कि सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता केसी कौशिक बुधवार देर शाम नामांकन के पर्चे तैयार करवाने पहुंच गए। कौशिक, सोनिया गांधी के भी नामांकन का काम देखते रहे हैं। कांग्रेस के एक नेता ने नाम न छापने के अनुरोध के साथ बताया कि अगर गांधी परिवार के सदस्य इन दोनों सीटों से चुनाव नहीं लड़ते तो कौशिक को यहां नामांकन के कागज तैयार करने के लिए नहीं भेजा जाता। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि इन दोनों सीटों पर प्रत्याशी की घोषणा न होने से मतदाताओं के बीच अच्छा संदेश नहीं जा रहा है।

स्थानीय कार्यकर्ताओं को राहुल के ही लड़ने का भरोसा

अमेठी की स्थानीय कमेटी ने राहुल गांधी के नामांकन को लेकर हर स्तर पर तैयारी पूरी कर ली है। स्थानीय नेताओं को भरोसा है कि नामांकन के अंतिम दिन वह पहुंच सकते हैं। इसी बीच बुधवार को कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के रायबरेली में सांसद प्रतिनिधि व पार्टी के राष्ट्रीय सचिव किशोरी लाल शर्मा भी अमेठी पहुंच गए। उनके साथ पूरी टीम मौजूद रही। बैठकों का दौर शुरू हुआ। बूथ स्तर तक बात हुई।

सूत्रों का कहना है कि शर्मा के समर्थकों ने उनके चुनाव लड़ने की बात कही लेकिन शर्मा ने खुद चुनाव लड़ने की बात नहीं की। इतना जरूर रहा कि उन्होंने हर कार्यकर्ता को चुनाव के लिए हर स्तर पर तैयार रहने का आह्वान किया। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि राहुल के मैदान में न उतरने की स्थिति में किशोरी लाल शर्मा उत्मीदवार हो सकते हैं। सूत्रों का यह भी कहना है कि लंबे समय तक कांग्रेस की राजनीति करने वाले भाजपा के एक वरिष्ठ नेता भी अचानक कांग्रेस में जाकर अमेठी से उत्मीदवार हो सकते हैं। त्योंकि उनकी टीम भी अपने स्तर पर लोकसभा क्षेत्र में तैयारी कर रही है।

वहीं, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का कहना है कि बृहस्पतिवार दोपहर बाद तक सस्पेंस खत्म हो जाएगा। अभी दोनों सीट पर उत्मीदवार के नाम की अधिकृत सूचना नहीं मिली है। जो भी उत्मीदवार होगा, पार्टी का हर कार्यकर्ता उसके साथ रहेगा।

लू से बचने के लिए आपदा मित्र चलाएंगे अभियान, लगाएंगे पोस्टर

लखनऊ श्रावस्ती। जिले में गर्मी ने अपना कहर बरपाना शुरू कर दिया है। ऐसे में तराईवासियों को हीट स्ट्रोक के खतरे से बचाने के लिए जिले में शुक्रवार से डीएम ने विशेष अभियान चलाया। कलेत्त्ट्रेट में आपदा मित्रों को हीटवेव से बचाने के लिए पोस्टर प्रदान किया। इस दौरान डीएम कृतिका शर्मा ने कहा कि बढ़ती गर्मी से आमजन खासकर गर्भवती महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों व मधुमेह रोगियों में लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए पंचायत भवनों, राशन की दुकानों, विद्यालयों व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर आपदा मित्र जन जागरूकता अभियान चलाएंगे। इसके लिए उन्हें पोस्टर भी प्रदान किया गया। जिसे सार्वजनिक स्थानों पर लगाया जाएगा। आपदा विशेषज्ञ अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि गर्मी प्रतिवर्ष बढ़ रही है। ऐसे में लोगों को जागरूक करना जरूरी है।इसके लिए राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा करने के लिए चार तरह के पोस्टर डिजाइन किए हैं। जिनके माध्यम से हीटवेव की स्थिति में त्त्या करें त्त्या न करें, हीटवेव से बचाव के उपाय, हीट एत्त्शन प्लान व हीटवेव के लक्षणों के बारे में लोगों को जागरूक किया जा सकेगा।

जिले के पूर्व प्रशिक्षित आपदा मित्र इन पोस्टरों को न केवल सार्वजनिक स्थानों पर लगाएंगे, बल्कि उपस्थित लोगों को हीटवेव के प्रति जागरूक भी करेंगे। यह अभियान जिले में कई चरणों में चलाया जाएगा।

प्रियंका के न लड़ने पर इस ब्राह्मण चेहरे पर दांव लगा सकती है कांग्रेस

लखनऊ। रायबरेली सीट पर अभी भी कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी घोषित नहीं कर सकी है। यह असमंजस बना हुआ है कि गांधी परिवार का कोई व्यक्ति चुनाव लड़ेगा या किसी और पर दांव लगाया जाएगा। रायबरेली से प्रियंकागांधी के मैदान में उतरने की संभावना लगभग खत्म होती नजर आ रही है। त्योंकि वह एक से तीन तक मध्य प्रदेश, गुजरात और फिर उत्तर प्रदेश के दौरे पर हैं। अभी तक रायबरेली का कोई कार्यक्रम तय नहीं है। हालांकि उनके चुनाव लड़ने पर फैसला हुआ तो बह दौरा बीच में छोड़कर रायबरेली पहुंच सकती हैं, लेकिन सूत्र इससे इंकार कर रहे हैं। यह भी कहा जा रहा है कि प्रियंका तैयार नहीं हुई तो कांग्रेस विधान मंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना को उत्मीदवार बनाया जा सकता है। वहीं, कांग्रेस का एक धड़ा यहां से दलित उत्मीदवार उतरने पर जोर दे रहा है। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को कुछ दलित नाम भी भेजे गए हैं। रायबरेली से दलित उत्मीदवार होने के भविष्य के फायदे भी बताए गए हैं। इस संबंध में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का कहना है कि बृहस्पतिवार दोपहर बाद तक सस्पेंस खत्म हो जाएगा। अभी दोनों सीट पर उत्मीदवार के नाम की अधिकृत सूचना नहीं मिली है। जो भी उत्मीदवार होगा, पार्टीका हर कार्यकर्ता उसके साथ रहेगा।

अमेठी को लेकर भी दुविधा

अमेठी की स्थानीय कमेटी की ओर से राहुल गांधी के नामांकन को लेकर हर स्तर पर तैयारी पूरी कर ली गई है। स्थानीय नेताओं को भरोसा है कि नामांकन के अंतिम दिन वह पहुंच सकते हैं। इसी बीच बुधवार को कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के रायबरेली में सांसद प्रतिनिधि और पार्टी के राष्ट्रीय सचिव किशोरी लाल शर्मा भी अमेठी पहुँच गए ।उनके साथ पूरी टीम मौजूद रही। बैठकों का दौर शुरू हुआ। बूथ स्तर तक बात हुई। सूत्रोंका कहना है कि शर्मा के समर्थकों ने उनके चुनाव लड़ने की बात कही, लेकिन शर्मा ने खुद अपने मुंह से चुनाव लडने की बात नहीं की। इतना जरूर रहा कि उन्होंने हर कार्यकर्ता को चुनाव के लिए हर स्तर पर तैयार रहने का आवाहन किया। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि राहुल गांधी के मैदान में न उतरने की स्थिति में किशोरी लाल शर्मा उत्मीदवार हो सकते हैं। सूत्रों का यह भी कहना है कि लंबे समय तक कांग्रेस की राजनीति करने वाले भाजपा के एक वरिष्ठ नेता भी अचानक कांग्रेस में जाकर अमेठी से उत्मीदवार हो सकते हैं। त्योंकि उनकी टीम भी अपने स्तर पर लोकसभा क्षेत्र में तैयारी कर रही है।

मसीहागंज (आंशिक) नाथ की कोठी वार्ड नं. 5 के नलों में पानी ना आने की समस्या से जूझ रही जनता

0- नाथ की कोठी मुहल्ले के नलों में पानी न आने के कारण बच्चे व बूढ़े पड़ रहे बीमार

0- नलों में पानी ना आने पर तीन किलोमीटर हैण्डपम्प से पानी भरना पड़ रहा है

0- महेश पार्षद से जागृति सैनी सभी मोहल्लेवासियों का कहना है कि शीघ्र ही नलो की लाइन ठीक कराई जाये जिससे घर के नल में पानी आने पर जनता को पानी की गंभीर समस्या से जूझना ना पड़े, बच्चे व बूढ़े व्यक्ति को गर्मी में पानी की कमी से बीमार होने से बचाया जा सकता सके।

>klhA elhgkxt ¼vkf'kd½ ukFk dh dkBh eg'k ik"kn okM u- 5 से जागृति सैनी व सभी मोहल्लेवासियों का कहना है कि आपके क्षेत्र नाथ की कोठी के नल की लाइन काफी दिनों से खराब पड़ी है जिसके कारण घर के नलों में पानी नहीं आ रहा भीषण गर्मी में नलों में पानी की समस्या इतनी गंभीर है कि पीने के लिये पानी न होने के कारण बच्चे व बूढ़े सभी व्यक्ति गंभीर बीमारी का शिकार हो रहे है हैजा, दस्त, डायरिया होने से अस्पताल लेकर जाना पड़ रहा है।

महेश पार्षद से जनता का कहना है कि नल की लाइन शीघ्र ही ठीक कराई जाये जिससे गर्मी में जनता को घर के नलों से पानी पर्याप्त मात्रा में मिल सके।

ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों का संचालन

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के संचालन किये जाने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैं :-

गाड़ी सं. 04022/04021 नई दिल्ली-भागलपुर-नई दिल्ली आरक्षित ग्रीष्मकालीन विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी

04022 नई दिल्ली-भागलपुर			04021 भागलपुर-नई दिल्ली	
आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	आगमन	प्रस्थान
---	13:20	नई दिल्ली	21:15	---
21:00	21:05	कानपुर सेंट्रल	04:25	04:30
00:05	00:10	प्रयागराज जं.	01:20	01:25
11:30	--	भागलपुर	--	13:30

• नई दिल्ली से : गाड़ी सं. 04022, सोमवार व गुरूवार दिनांक 06.05.2024 से 30.05.2024 • भागलपुर से : गाड़ी सं. 04021, मंगलवार व शुक्रवार दिनांक 07.05.2024 से 31.05.2024

• गाड़ी संरचनाः वातानुकूलित चेयर कार-18, गार्ड रूम-02

गाड़ी सं. 04228/04227 वाराणसी-लोकमान्य तिलक (ट.)-वाराणसी आरक्षित ग्रीष्मकालीन विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी

04228 वाराणसी-लोकमान्य तिलक (ट.)			04227 लोकमान्य तिलक (ट.)-वाराणसी	
आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	आगमन	प्रस्थान
---	22:20	वाराणसी	23:20	---
08:30	08:35	कानपुर सेंट्रल	15:15	15:20
10:50	10:52	उरई	12:35	12:37
13:00	13:10	वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी	10:40	10:50
10:30	--	लोकमान्य तिलक (ट.)	--	13:00

• वाराणसी से : गाड़ी सं. 04228, शनिवार दिनांक 04.05.2024 से 25.05.2024 • लोकमान्य तिलक (ट.) से : गाड़ी सं. 04227, सोमवार दिनांक 06.05.2024 से 27.05.2024

• गाड़ी संरचनाः वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी-01, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-02, स्लीपर श्रेणी-08, सामान्य श्रेणी-09 एवं एसएलआर-02

नोट: ट्रेनों की समय-सारणी के सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे 792/24(P)

@CPRONCR North central railways @northcentralrailway www.ncr.indianrailways.gov.in

संक्षिप्त समाचार

थानाध्यक्ष पर चोरों को हिरासत में लेकर छोड़ने की शिकायत एसपी से

सुमेरपुर। गत 14 अप्रैल को थाना क्षेत्र के ग्राम अतरैया में पीडब्ल्यूडी एवं मनरेगा योजना के अवर अभियंता के घर हुई चोरी के मामले में पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपकर थाना पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए दो लोगों को हिरासत से छोड़कर मामले को रफा-दफा करने का आरोप लगाया है।

गत 14 अप्रैल को बांदा में तैनात पीडब्ल्यूडी के अवर अभियंता एवं मनरेगा योजना के अवर अभियंता के अतरैया स्थित आवास से अज्ञात चोर सीढी के सहारे घर में दाखिल होकर नवविवाहिता बहन के जेवरातों के साथ मां के जेवर नगदी सहित करीब 20 लाख का सामान चोरी कर लिए थे। घटना का मुकदमा जेई के छोटे भाई ज्ञानेंद्र कुमार ने दर्ज कराया था। ज्ञानेंद्र ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि पुलिस ने गांव निवासी दस्सी, बिंदा एवं छोटे को हिरासत में लिया था। पूछताछ के दौरान बिंदा ने दो दिन में माल बरामद करने की बात कही थी और छोटे ने दो व्यक्ति राकेश एवं बच्चा द्वारा सीढी लाने की बात बताई थी। इसके बाद पुलिस ने सभी को छोड़ दिया है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि हिरासत में लिए लोगों से पूछताछ की जा रही है। छोड़ने का आरोप निराधार है।

शोक सभा कर मृत आत्मा की शांति की प्रार्थना कर कार्य से रहे विरक्त

मौदहा। स्थानीय तहसील अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष उदय भान सिंह के छोटे पुत्र शैलेंद्र सिंह 33 वर्ष की सड़क दुघर्टना में छतरपुर में मौत हो जाने पर अधिवक्ता संघ मैं तहसील प्रसार में शोक सभा का आयोजन कर मृतक आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और एक दिन काम से विरक्त रहे। शैलेंद्र सिंह श्री कृष्ण छतरपुर ला कालेज में प्रवक्ता के पद पर कार्य करता था। वह कल शाम वापस एक अन्य कर्मी सहित छतरपुर स्थित अपने घर आ रहे थे। तभी बस से कुचल कर उस की मौत हो गयी थी। गुरूवार दोपहर बाद उसका अंतिम संस्कार गांधी विद्यालय निकट मोक्ष धाम में कर दिया गया है ।इस अवसर पर नगर वासी व अधिवक्ता मौजूद रहे।आज तहसील बार भवन में आयोजित शोक श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।इस अवसर पर वरिष्ठ कई अधिवक्ताओं ने शैलेंद्र सिंह के जीवन और कार्यशैली तथा उसके व्यवहार कुशलता के संबंध में चर्चा की अधिवक्ताओं ने उसके पिता बाहर संघ के अध्यक्ष वी परिजनों को इस मुश्किल की घड़ी में धैर्य और सहनशीलता के लिए ईश्वर से प्रार्थना की शांति के लिए मौन रखकर प्रार्थना की।

गौरतलब है कि शैलेंद्र सिंह उदय भान सिंह का छोटा पुत्र था ।

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

सरीला। तहसील क्षेत्र के जलालपुर थाना क्षेत्र के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत होने पर मृतक युवक के भाई ने जलालपुर थाने में लिखित तहरीर देकर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। मौदहा कस्बे के छिमौली गांव के निवासी भरत यादव ने बताया कि उसका भाई कमल सिंह उर्फ़ मलखान मोटरसाइकिल से तेरहवीं में शामिल होने के लिए जालौन जनपद के कदौरा कस्बे में गया हुआ था। तथा वहां से वापस लौटने के दौरान जलालपुर के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसके भाई को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे सरीला अस्पताल ले जाते समय उसके भाई की मौत हो गई। बताया कि उसने जलालपुर थाने में लिखित तहरीर देकर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

टैक्टर ट्रॉली के पलटने से दबकर महिला की हुई मौत

राठ। क्षेत्र के मुस्करा थाना अंतर्गत गहरौली गाँव के पास तेज रफ्तार टैक्टर ट्रॉली के पलटने से उसमें सवार एक महिला की दबकर मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही मृतक महिला के परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस के द्वारा मृतक महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार राठ क्षेत्र के मुस्करा थाना अंतर्गत गहरौली गाँव की निवासी 40 वर्षीय महिला सुनीता पत्नी रामपाल साहू जो कि अपने पति रामपाल व पुत्री पूजा के साथ गाँव के ही भारत राजपूत के टैक्टर में सवार होकर जामुन के पेड़ की लकड़ी भरने के लिए जा रहे थे। तभी रास्ते में गहरौली गाँव के पास ही तेज रफ्तार टैक्टर ट्राली अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे उसमें सवार महिला सुनीता की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। तथा उसकी पुत्री पूजा व पति रामपाल मामूली रूप से घायल गये। मृतका का पति रामपाल मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। मृतका अपने पीछे पुत्री रीता, पूजा व प्रांसी के अलावा दो पुत्र करन और शिवम के अलावा अन्य सभी परिजनों को रोता बिलखता हुआ छोड़ गई है। मामले में मुस्कुरा थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है तथा मामले में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

भाजपा प्रत्याशी भानुप्रताप वर्मा के नामांकन जुलूस में पूर्व पालिकाध्यक्ष विजय चौधरी ने झौंकी ताकत

उरई (जालौन)। जालौन-गरौठा व भोगनीपुर सुरक्षित लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी एवं केन्द्र सरकार के राज्यमंत्री भानुप्रताप वर्मा ने आज शुक्रवार को नामांकन के अंतिम दिन जीआईसी मैदान से अपने हजारों समर्थकों के साथ नामांकन जुलूस निकाला जिसमें अभी हाल ही में भाजपा में शामिल हुए पूर्व नगर पालिका परिषद उरई के अध्यक्ष विजय चौधरी ने भाजपा प्रत्याशी भानुप्रताप वर्मा के नामांकन जुलूस में हजारों अपने समर्थकों को शामिल कर अपने ताकत का एहसास करा दिया। इस दौरान उन्होंने दावा किया कि भाजपा प्रत्याशी भानुप्रताप वर्मा की इस बार भी एतिहासिक जीत दर्ज होगी। इस दौरान पूर्व सभासद अवध सोनी, रामजी परिहार, कैलाश प्रजापति, आशीष दुबे, महेश चौधरी मटरा, शनी चौहान, राहुल बाबा, प्रशांत बाबा, माशूक अली, शशि सिंह, प्रिंस ठाकुर, बाबा, शादाब, आशु हाफिज, विनोद, पूजा सेंगर, शीतल सेंगर, शिखा दुबे, नगर अध्यक्ष आकाश गहोई, अमित समाधिया आदि मौजूद रहे। आपको बता दें 11 बजे तक जनसभा की कुर्सियां खाली रही पूर्व पालिका अध्यक्ष विजय चौधरी के आवास पर हजारों की संख्या में महिलाओं और लोगों की भीड़ जमा रही पूर्व अध्यक्ष और जलील सेठ मुंबई सभी सभासदों के संग जब जीआईसी मैदान में पहुंचे तब बीजेपी की नाक बच पाई, जैसे ही भीड़ मैदान में पहुची तब मंच पर मौजूद वरिष्ठ भाजपाइयों ने विजय के साथ आई भीड़ की सराहना की।

नामांकन के आखिरी दिन विभिन्न दलों के पांच सेट दाखिल

- 27 पर्चो में 13 उम्मीदवारों किए 24 नामांकन पर्चे दाखिल
- आज होगी नामांकन प्रपत्रों की जाँच

हमीरपुर। हमीरपुर, महोबा तिंदवारी लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया के आखिरी दिन शुक्रवार को विभिन्न दलों के कुल पांच नामांकन पत्र दाखिल हुए। नामांकन दाखिल करने वालों की संख्या 13 है। 27 नामांकन पत्र खरीदे गए थे जिसमें से 24 नामांकन पत्र दाखिल हुए है।

शुक्रवार को पहला नामांकन करीब साढ़े बारह बजे बसपा प्रत्याशी ने किया। इसके बाद लगातार प्रत्याशी आते रहे। एक-एक करके नामांकन प्रक्रिया चालू रही।आखिरी दिन कुल पांच नामांकन सेट दाखिल हुए।

जिसमें बसपा से निर्दोष दीक्षित ने एक सेट, सपा के अजेंद्र सिंह ने एक सेट, अल हिन्द पार्टी से धर्मराज ने दो सेट एवं एकलव्य समाज पार्टी के प्रत्याशी सुरेश कुमार ने एक सेट दाखिल किया।अब तक भाजपा प्रत्याशी कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल के चार सेट, सपा प्रत्याशी अजेंद्र सिंह के चार सेट, बसपा प्रत्याशी निर्दोष दीक्षित के तीन सेट, अल हिन्द पार्टी प्रत्याशी धर्मराज के चार सेट,राष्ट्र उदय पार्टी प्रत्याशी का एक सेट, राष्ट्रीय बुंदेलखंड विकास पार्टी के प्रत्याशी का एक सेट, स्पष्ट वादी जन अधिकार पार्टी के प्रत्याशी का एक सेट, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के प्रत्याशी का एक सेट, एकलव्य समाज पार्टी से सुरेश कुमार ने एक सेट एवं चार निर्दलीय प्रत्याशीयों ने एक एक कर चार सेट दाखिल हुए है।अब तक कुल 24 नामांकन पत्र दाखिल हुए है।कल चार मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी , छह मई को नाम वापसी होगी।नामांकन के दौरान कलेक्ट्रेट गेट पर एसडीएम व सीओ की निगरानी में पुलिस बल मुस्तैद नजर आया।

नामांकन दाखिल किये जाने की अंतिम तिथि पर रिर्टनिंग ऑफीसर के साथ सामान्य प्रेक्षक प्रियंका दास ने उपस्थित रहकर नामांकन की प्रक्रिया को देखा।नामांकन प्रक्रिया के दौरान प्रशासनिक तथा पुलिस व्यवस्था चाक-चौबंद रही तथा शान्तिपूर्ण महौल में नामांकन की प्रकिया सम्पन्न हुई।

व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने ली शपथ

हमीरपुर। नगर उद्योग व्यापार मंडल की औपचारिक शपथ 100 व्यापारियों के बीच हुई।7 अप्रैल को हुए चुनाव में चयनित कमेटी की सबरी गेस्ट हाउस में शपथ हुई। जिसमें अमित गुप्ता को नगर का चेयरमैन मनोनीत किया गया। अध्यक्ष धीरेंद्र गुप्ता (धीरू), महामंत्री राकेश साहू,कोषाध्यक्ष जया किशोर गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रोहित गुप्ता,मंत्री मकबूल अहमद साबरी,उपाध्यक्ष सचिन गुप्ता, संगठन मंत्री संतोष सचान ने शपथ ली। मुख्य चुनाव अधिकारी रावेन्द्र सचान सहायक चुनाव अधिकारी दीपक मिश्रा अभिषेक गुप्ता ने शपथ दिलाई। इस मौके पर जिला महामंत्री श्री सूर्यकुमार तिवारी युवा जिला अध्यक्ष अंजनी गुप्ता संजय गुप्ता नरेंद्र बाजपेई अनिल ओमर मुकेश कुमार रहे।इसके बाद मतदाता जागरूकता प्रभारी अकबर अली ने सभी व्यापारियों को आगामी 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने की शपथ दिलाई एवं अध्यक्ष धीरेन्द्र गुप्ता धीरू ने व्यापारियों से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की।

डायरिया के मिले 80 मरीज, 18 भर्ती

ओपीडी में कुल 681 मरीजों ने कराया इलाज, 50 बच्चे डायरिया से पीड़ित

हमीरपुर। भीषण गर्मी व लू के चलते डायरिया से पीड़ित मरीजों की संख्या में लगातार बढोत्तरी हो रही है। शुक्रवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में आए कुल 681 मरीजों में 80 मरीज डायरिया से पीड़ित मिले हैं। जिनमें 50 से अधिक बच्चे शामिल हैं। इनमें 18 मरीजों को भर्ती किया गया है।

लगातार मौसम में हो रहे बदलाव व बढ़ते तापमान के चलते लोगों के बीमार होने का सिलसिला लगातार बढ़ रहा है। जिला अस्पातल की ओपीडी में आज कुल 681 मरीजों का इलाज किया गया। इनमें 80 मरीज उल्टी व दस्त से पीड़ित पाए गए। जिनमें 51 बच्चे शामिल हैं। जबकि शेष युवा बुजुर्ग हैं। इनमें चार बच्चे व 14 युवा बुजुर्ग मरीजों को भर्ती किया गया है। जिनमें नौ मरीजों को इमरजेंसी में भर्ती किया गया है।

बकरी चराने गया किशोर लगी लू

इमरजेंसी वार्ड में भर्ती सुमेरपुर क्षेत्र के कलौलीतीर निवासी किशोर भूरा (16) दस्त से पीड़ित मिला। पूंछने पर उसकी मां भाना देवी ने बताया कि गुरूवार दोपहर बेटा बकरी चराने खेतों में गया था। जहां इसे लू लग गई। शाम को घर आते ही दस्त शुरू हो गई। जिसे जिला अस्पताल लेकर आई है। कहा कि इलाज चल रहा है।

दिनों से बीमार है मां

इमरजेंसी में भर्ती खड़ेहीजार निवासी धम्पत 80 भी पेट दर्द व दस्त से पीड़ित मिली। उसकी बेटी श्यामकुंवर ने बताया कि मां दो दिनों से बीमार थी। पैर में चोंट होने के चलते चलने फिरने में भी असमर्थ है। जिसे जिला अस्पताल लेकर आई है। कहा कि कई बार दस्त हुई हैं।

चार बच्चे किए गए भर्ती

जिला अस्पताल में तैनात बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. आशुतोष निरंजन ने बताया कि की ओपीडी में करीब 150 बच्चों का इलाज किया गया। जिनमें 50 बच्चे उल्टी, दस्त व पेट दर्द (डायरिया) से पीड़ित पाए गए हैं। जिनमें चार बच्चों को गंभीर हालत में भर्ती किया गया है। जिनका इलाज किया जा रहा है।

पांच डायरिया से पीड़ित मरीजों को किया भर्ती

वरिष्ठ फिजीशियन डॉ. आरएस प्रजापति ने बताया कि करीब 250 मरीज ओपीडी में देखे गए हैं। इनमें करीब 20 मरीज उल्टी दस्त से पीड़ित मिले हैं। जिनमें पांच मरीजों को भर्ती किया गया है। कहा कि ऐसे मौसम में लोगों को सावधानी बरतने की जरूरत है।

डायरिया से बचाव के उपाय

चिकित्सक ने बताया कि इस समय मौसम अधिक गर्म है। जिसके चलते बच्चे बीमार हो रहे हैं। जिनपर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। कहा कि ऐसे मौसम में साफ स्वच्छ व उबला हुआ पानी पिएं, धूप में बच्चों को बाहर न निकलने दें, साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें। शरीर में पानी की कमी न होन दें, अधिक से अधिक पानी पिएं। हालत बिगड़ने पर चिकित्सक को दिखाएं।

सामान्य प्रेक्षक ने अधिकारीयों संग बैठक कर चुनाव प्रक्रिया का लिया जायजा

हमीरपुर। सामान्य प्रेक्षक ने नोडल अधिकारियों/ सहनोडल अधिकारियों व नोडल मजिस्ट्रेट/सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा ए0आर0ओ0 के साथ डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम सभागार कलेक्ट्रेट में बैठक ली।

बैठक में प्रेक्षक प्रियंका दास ने लोकसभा 47 हमीरपुर के संबंध में आधारभूत जानकारी प्राप्त की। मतदान के दृष्टिगत जनपद की तैयारीयों को परखा। प्रेक्षक ने विधानसभा 228 हमीरपुर, विधानसभा 229 राठ के मानचित्र की प्रोजेक्टर के माध्यम से अवलोकन किया,तथा जनपद के भौगोलिक मानचित्र की भी जानकारी प्राप्त की। प्रेक्षक ने पुलिस के व्यवस्थापन तथा मतदान कार्मिकों एवं जनपद में वाहन की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। मीटिंग के दौरान प्रेक्षक ने पोलिंग मतदान केन्दो, पोलिंग बूथों तथा जोनल मजिस्ट्रेट/सेक्टर मजिस्ट्रेट के संबंध में जानकारी प्राप्त की, तथा आवश्यक



दिशा निर्देश भी दिए। क्रिटिकल बूथ की भी जानकारी प्राप्त कर निर्देशित किया कि जिन अधिकारियों को जो भी दायित्व सौंपे गए हैं उनका ईमानदारी के साथ निर्वहन करें। वर्तमान समय में गर्मी का मौसम है अतः प्रत्येक बूथ पर छाया पीने का पानी, ओ0आर0एस, आशाबहू, डॉक्टर की सुविधा रहे, तथा बूथों पर मतदान कार्मिको/मतदाताओं के सुविधाओं के लिए मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु कदम उठाए जाएं और यह भी कहा कि मतदान के पूर्व तथा मतदान के दिन विद्युत की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।प्रत्येक बूथ पर ए0एम0एफ0 की भी सुविधा प्रत्येक दशा में सुनिश्चित की जाए सभी का दायित्व है कि लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। प्रेक्षक ने बैठक के उपरांत कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया। जिसमें प्रेक्षक महोदया द्वारा डिस्ट्रिक्ट कंट्रोल रूम, एम0सी0एम0सी0, सुविधा एप्लीकेशन एवं सी0विजिल एप्लीकेशन के कार्यों का अवलोकन किया तथा समस्त संबंधित को गुणवत्तारक निस्तारण तथा कार्रवाई हेतु निर्देशित किया।

रंगोली व मेंहदी प्रतियोगिता कराकर किया मतदाताओं को जागरूक

सुमेरपुर। क्षेत्र के विभिन्न गांवों में स्वीप के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक,रैली व शपथ दिलाकर मतदाताओं को जागरूक किया गया। वहीं कई गांवों में हस्ताक्षर अभियान का आयोजन कर जागरूक किया गया। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल पांडेय के निर्देशन पर शुक्रवार को कैथी व अतरैया में हस्ताक्षर अभियान व संकल्प पत्र शपथ कराकर मजबूत लोकतंत्र सबकी भागीदारी स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न कार्यक्रम चलाकर जागरूक किया गया। शपथ शुभारंभ डिप्टी कलक्टर/ प्रभारी बीडीओ शांतुन कुमार सिनसिनवार ने दिलाई। उन्होंने बताया कि इसके अलावा विभिन्न गांवों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।जिसमें सुरौली में पैदल मार्च,कुम्हउपुर में पिंक रैली,चन्दपुरवा में मनरेगा श्रमिकों को शपथ दिलाई गई। कैथी व अतरैया में बुजुर्ग मतदाताओ का बीच संवाद कर मतदान के लिए जागरूक किया गया। इसके साथ अतरैया में रंगोली व मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

किशोरी का अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म मामले में चार को उम्रकैद दो को तीन तीन वर्ष की सजा

हमीरपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक मोहल्ला निवासी अनुसूचित जाति की किशोरी का अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में तीन दोषियों को उम्रकैद व एक को अपहरण के साथ एससीएसटी में उम्रकैद सुनाई गई है। विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट सुशील कुमार खरवार ने अपहरण व एससीएसटी में दोषी दो दोषियों को तीन वर्ष का कारावास के साथ सभी पर अलग-अलग जुर्माना लगाया है। जुर्माने की धनराशि में से एक लाख रुपये पीड़िता को दिलाने के आदेश दिए है। मामले में आरोपी एक बाल अपचारी का मामला किशोर न्यायालय में चल रहा है।

जिला सहायक शासकीय अधिवक्ता विजय सिंह ने बताया कि सदर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी एक व्यक्ति ने 14 नवंबर 2011 को सदर कोतवाली में तहरीर दी। जिसमें उन्होंने बताया कि 11/12 नवंबर की रात उनकी 13 वर्षीय बेटी को श्रीकांत, रघुराज व भूरा के सहयोग से छेदालाल बहला फुसलाकर ले गया। घर में रखी नकदी व जेवरात साथ ले गए। वह सभी जगह बेटी की तलाश करता रहा लेकिन पता नहीं चला। उसने जवेरात लेकर बेटी की हत्या करने की आशंका जताई। पुलिस ने अपहरण व एससीएसटी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। सात जनवरी 2012 को पुलिस ने किशोरी को बरामद कर बयान कराए। जिसके आधार पर पुलिस ने मुख्यालय के डिग्गी मोहल्ला निवासी छेंदालाल व श्रीकांत, लक्ष्मीबाई तिराहा निवासी रघुराज सिंह, जालौन जनपद के थाना कदौरा अंतर्गत बड़ा गांव निवासी श्याम सिंह व रामऔतार, शिव कुमार निवासी जवार खेड़ा निवासी कोतवाली व जनपद उन्नाव के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म, अपहरण व एससीएसटी में चार्जसीट बना कोर्ट में पेश की। मामले में आरोपी एक किशोर का मुकदमा किशोर न्याय बोर्ड में दाखिल किया गया। किशोरी के बयान के आधार पर विशेष न्यायाधीश सुनील खरवार ने मामले की सुनवाई करते हुए शिव कुमार व रामऔतार को सामूहिक दुष्कर्म के साथ एससीएसटी का दोषी माना। वहीं छेदालाल को गृह भेदन, अपहरण, सामूहिक दुष्कर्म के साथ एससीएसटी का दोषी माना। श्रीकांत को गृह भेदन, अपहरण व एससीएसटी का दोषी मान चारों को उम्रकैद सुनाई। जिस पर शिव कुमार व रामऔतार पर 20-20 हजार रुपये जुर्माना लगाया। जबकि छेदालाल व श्रीकांत पर 30-30 हजार रुपये अर्थदंड लगाया गया। वहीं रघुराज व श्याम सिंह को अपहरण व एससीएसटी का दोषी मान तीन-तीन वर्ष का कारावास व छह-छह हजार रुपये जुर्माना सुनाया है।

ज्वाइंट डारेक्टर ने जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर लिया जायजा

हमीरपुर। बांदा के ज्वाइंट डारेक्टर ने शुक्रवार को जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। जहां उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं को देखने के साथ भर्ती मरीजों से जानकारी ली। जहां तीमारदारों व अन्य लोगों ने जिला अस्पताल में चिकित्सकों की कमी होने की बात कही। जिस पर उन्होंने शीघ्र ही चिकित्सकों की तैनाती के लिए प्रयास करने की बात कही। बांदा के ज्वाइंट डारेक्टर डॉ.आरएस गुप्ता ने शुक्रवार को दोपहर में जिला अस्पताल अचानक पहुंच गए। जहां उन्होंने अस्पताल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने चिकित्सक कक्ष, ओपीडी, इमरजेंसी वार्ड, भर्ती वार्ड सहित स्थानों का निरीक्षण किया। उन्होंने भर्ती वार्ड में मौजूद मरीजों व तीमारदारों से बातचीत की। साथ ही समस्याओं के बारे में जानकारी ली। जिस पर कुछ तीमारदारों ने जिला चिकित्सालय में चिकित्सकों की कमी की बात कही। साथ ही सर्जन की तथा सोनोलॉजिस्ट की तैनाती कराए जाने की मांग की। जिस पर उन्होंने शीघ्र ही इस बारे में शासन को पत्र भेजकर चिकित्सकों की तैनाती कराए जाने के प्रयास की बात कही। इस मौके पर सीएमएस डॉ.सत्यप्रकाश गुप्ता, रोगी कल्याण सलाहकार समिति के सदस्य जलीस खान सहित अन्य चिकित्सक आदि मौजूद रहे।

पंचर बनाने वाला युवक ट्रेन के आगे कूदकर की आत्महत्या

सुमेरपुर। थानाक्षेत्र के चन्दपुरवा गेट के पास एक युवक ने ट्रेन के आगे कूद कर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जालौन जनपद के आटा थानाक्षेत्र के छौंक गांव निवासी मानिकचंद (35) पुत्र रामप्रसाद फैक्टरी एरिया के पास पेट्रोल पंप के बगल में पंचर की दुकान संचालित करता था।यह काफी समय से यहीं रहकर कार्य कर रहा था। शुक्रवार को सुबह जबलपुर लखनऊ चित्रकूट एक्सप्रेस के गुजरने के समय गेट संख्या एस 29 के पास ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।फैक्टरी एरिया चौकी इंचार्ज राहुल मिश्रा ने बताया कि परिजनों को सूचना दी गई है। वह मौके पर पहुंचने वाले हैं। युवक ने किस कारण से आत्महत्या की इसकी जानकारी नहीं हो सकी है।

शिक्षा के लिए गोद ली दो छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मान

राठ। गोल्डन लायनेस क्लब प्रेरणा के द्वारा 4 वर्ष पूर्व शिक्षा के लिए दो छात्राओं को गोद लिए संस्था के पदाधिकारियों ने इंटरमीडिएट में अच्छे अंक के साथ पास होने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

क्लब की अध्यक्ष नीलम कौशल ने बताया कि क्लब के पदाधिकारियों ने संध्या पुत्री बसंत लाल कुशवाहा, कुमारी सुमन पुत्री ललिता प्रसाद को शिक्षा के लिए गोद लिया गया था। इनका नामांकन मां शारदा बालिका विद्यालय में कराया गया था। बताया कि दो छात्राओं को 9वीं कक्षा से लेकर 12वीं तक की शिक्षा के लिए गोद लिया गया था। इन छात्राओं ने इस वर्ष इंटर की परीक्षा प्रथम श्रेणी में पास की है। जिस पर क्लब के पदाधिकारी ने इन छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं हाई स्कूल की परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली कुमारी चंचल सोनी को फूल माला पहनाकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की।अध्यक्ष नीलम कौशल ने बताया कि क्लब आगे भी शिक्षा के लिए अग्रणी रहेगा। इस मौके पर सचिव दीपाली आर्य, कोषाध्यक्ष अल्पना गुप्ता, अनीता कौशल, ज्ञानुका अग्रवाल, पूजा गुप्ता, गुंजन नगायच, सारिका मिश्रा, सूचि शर्मा, सविता बुधौलिया, कमलेश अग्रवाल, उपमा बुधौलिया, अंजली गुप्ता, डॉ हेमलता गुप्ता, श्रद्धा सिंह, कार्यक्रम संयोजक अमृता शिवहरे रही।

दैनिक विश्व परिवार
संस्थापक : **कीर्तिशेष श्री कैलाश चन्द्र जैन**
(पूर्व अध्यक्ष-राज्य विज्ञापन मान्यता समिति उ.प्र. शासन)
मुद्रक एवं प्रकाशक आलोक जैन द्वारा वीरांगना प्रिन्टर्स एण्ड पब्लिसर्श डी-46, इंडस्ट्रीयल एरिया बिजौली झांसी से मुद्रित एवं वीरांगना प्रिन्टर्स एण्ड पब्लिसर्श डी-46, इंडस्ट्रीयल एरिया बिजौली झांसी से प्रकाशित।
सम्पादक : प्रवीण कुमार जैन
स्वात्ताधिकारी : प्रियेश कुमार जैन,
समाचार सम्पादक : डॉ. जिनेन्द्र कुमार जैन
डाक पंजीयन एल. 2-12/516 आर.एन.आई. पंजी. सं. 35394/77
मो.-9450071632, 9415073930
E-mail : dvp.jhs@gmail.com

स्पेशल : वर्ल्ड लाफ्टर डे, 5 मई

मुंह लटकाए बैठे लोग किसी को पसंद नहीं आते, बोरिंग लगते हैं। वहीं हमेशा हंसने वाले खुशमिजाज लोग सबको खूब भाते हैं। हंसना स्वास्थ्य के लिए भी बहुत जरूरी है। हंसने के क्या-क्या फायदे हैं, हम कैसे हंसते रहें, जानो।

हंसो क्योंकि हंसना जरूरी है!

ऑकेजन / अनुराग मनींद्र

मुनमुन को गुमसुम, उदास देखकर मोनू ने पूछा, 'अच्छा सुनो मुनमुन, तीन दोस्त 'चुप', 'गुमसुम' और 'हाहाहा' पार्क में खेल रहे थे। थोड़ी देर बाद चुप और गुमसुम अपने-अपने घर चले गए। बताओ, पार्क में कौन बचा?'

'नहीं बताना!' मुनमुन दूसरी ओर मुंह फेरकर बोली।

मोनू ने कई बार अपना सवाल दोहराया। आखिर मुनमुन को जवाब देना ही पड़ा, 'हाहाहा...।'

मोनू ने फिर पूछा, 'कौन बचा?'

मुनमुन ने दोहराया, 'हाहाहा।'

जब मुनमुन को मोनू की चालाकी समझ में आई, तो वह खिलखिलाकर हंस पड़ी। मुनमुन को हंसता देखकर मोनू हंसते हुए बोला, 'यह हुई न बात!'

दरअसल, उदास बैठी मुनमुन को हंसाने के लिए ही मोनू ने इस तरह सवाल किया था।

लाफ्टर इज द बेस्ट मेडिसिन

बच्चों, हंसी का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। हंसने-हंसाने वाले खुशमिजाज लोग हर किसी को पसंद आते हैं। वहीं चिड़चिड़े और बात-बात पर गुस्सा करने वाले तुनकमिजाज लोगों को कोई पसंद नहीं करता। 'लाफ्टर इज द बेस्ट मेडिसिन' यह कहावत तो बच्चों तुमने जरूर सुनी होगी। हंसना हमारे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है। बच्चों, हंसी के एक नहीं बहुत से फायदे हैं, तुम्हें भी मालूम होना चाहिए।

बढ़ता है ऑक्सीजन लेवल

जब हम खुलकर हंसते हैं तो हमारे शरीर के कई सारे अंग एक साथ सक्रिय हो उठते हैं। हंसने से हमारा ब्लड सर्कुलेशन रेग्युलेट होता है, साथ ही इससे हमारे शरीर का ऑक्सीजन लेवल भी बढ़ता है। इसका असर हमारी स्किन पर भी पड़ता है। अकसर देखा गया है, जो लोग हंसते-मुस्कुराते रहते हैं, उनकी स्किन भी दमकती रहती है। ऐसे लोगों के चेहरे पर एक अलग ही आभा दिखती है।

रिलीज होता है 'हैप्पी हार्मोन'

जब हम खुश रहते हैं, हंसते-मुस्कुराते हैं, तो हमारे शरीर में डोपामाइन, एंडोर्फिन, सिरोटोनिन, ऑक्सीटोसिन जैसे हार्मोंस रिलीज होते हैं। इन्हें 'हैप्पी हार्मोंस' या 'फील गुड हार्मोंस' भी कहते हैं। ये हार्मोंस हमारे गुस्से को कम करते हैं, तनाव यानी टेंशन कम करते हैं, हमारा मूड अच्छा रखते हैं, साथ ही हमें पॉजिटिव एंड हैप्पी रखते हैं।

बढ़ती है इम्यूनिटी

जब हम खुलकर हंसते हैं, तो हमारे शरीर के कई हिस्सों, जैसे- मस्तिष्क, हृदय, हड्डियों और मांसपेशियों में नए सेल्स बनते हैं। इससे हमें फिट एंड एक्टिव रहने में मदद मिलती है। साथ ही इससे हमारी इम्यूनिटी भी स्ट्रॉन्ग होती है, जिससे बीमारियों से लड़ने की क्षमता बढ़ती है।

और भी हैं कई फायदे

बच्चों, हंसने के और भी कई फायदे हैं। अगर तुम हमेशा खुश और हंसते-मुस्कुराते रहोगे, तो सभी तुम्हें पसंद करेंगे। हर कोई तुमसे मिलना, बातें करना और तुम्हारे साथ समय बिताना चाहेगा। खुश रहने से पढ़ाई में तुम्हारा कंसंट्रेशन बढ़ेगा, इस कारण तुम अपने लेसन को जल्दी और आसानी से समझ पाओगे। इससे तुम्हारा कॉन्फिडेंस बढ़ेगा। हंसने-मुस्कुराने और खुश रहने की आदत आगे चलकर तुम्हारे करियर ग्रोथ में भी हेल्पफुल होगी।

बच्चों, जब हंसने-मुस्कुराने के इतने सारे फायदे हैं, तो भला कौन हंसना नहीं चाहेगा, इसलिए खुद खुलकर हंसो और दूसरों को भी हंसाओ। *

हंसने और खुश रहने के लिए ये करो

देखा जाए तो खुश रहने के लिए किसी खास वजह की जरूरत नहीं होती। जो लोग स्वभाव से जिंदादिल और खुशमिजाज होते हैं, वे हर हाल में खुश रहते हैं, हंसते-मुस्कुराते रहते हैं। बच्चो, तुम भी हंसी और खुशमिजाजी को अपने स्वभाव का हिस्सा बनाओ। वैसे, हंसने के कई माध्यम और तरीके हैं, जिन्हें अपनाकर तुम खुलकर हंस सकते हो।

- मजेदार जोक्स पढ़ो। इसे अपने दोस्तों के साथ शेयर करो। उनसे भी बोलो कि वे तुम्हारे साथ हंसाने वाले जोक्स शेयर करें।
- अच्छे लाफ्टर शोज देखो। अच्छी कॉमेडी फिल्में देखो। हंसाने- गुदगुदाने वाले कार्टून शोज देखो।
- मन ही मन वैसी बातें या कोई इंसिडेंट याद करो, जिससे तुम्हें हंसी आए। इससे तुम्हारे चेहरे पर अपने-आप ही मुस्कुराहट आ जाएगी।
- तुमने पार्क में एक-साथ कई सारे लोगों को जोर-जोर से ठहाके लगाते हुए जरूर देखा होगा। ऐसे ही तुम भी अपने दोस्तों के साथ मिलकर अपना किड्स लाफ्टर क्लब बनाकर एकसाथ ठहाके लगा सकते हो।

रोचक जानकारी / शिवानी छाया

गम.. च्युइंगगम.. बबलगम

बच्चों, तुमने च्युइंगगम या बबलगम जरूर खाया होगा। च्युइंगगम और बबलगम, है तो एक ही चीज, लेकिन दोनों में एक अंतर है। बबलगम चबाते हुए हम इसे गुब्बारे की तरह मुंह से फुला सकते हैं लेकिन च्युइंगगम को हम सिर्फ चबा सकते हैं, गुब्बारे की तरह फुला नहीं सकते। बच्चों, तुम सोचते होगे च्युइंगगम और बबलगम की शुरुआत कैसे हुई, हम तुम्हें बताते हैं।

पहले लोग गम चबाते थे: बच्चों, च्युइंगगम या बबलगम हमेशा से ऐसा नहीं था। शुरुआती दौर में यूनान और तुर्की के लोग खाना खाने के बाद गम (गोंद जैसा चिपचिपा पदार्थ) चबाते थे। यह गम वहां उगने वाले मैस्टिक नामक पेड़ से निकाला जाता था। इसी तरह अमेरिका में भी लोग स्पॉडिला नामक पेड़ से गम निकालकर चबाते थे। चूंकि इस गम को लोग चबाते थे, इसलिए इसे 'चबाया जाने वाला गम' यानी 'च्युइंग-गम' भी कहा जाता था। आज भी इसे च्युइंगगम कहते हैं।

मार्केट में कैसे आया च्युइंगगम: च्युइंगगम के प्रति लोगों की दीवानगी देखते हुए सन 1848 में अमेरिका के जॉन बी. कर्टिस ने इसे टेस्टी और आकर्षक बनाने के लिए गम में मोम मिलाकर उबाला, फिर इसे ठंडा करके अलग-अलग शेप्स में काटकर, कलरफुल कागज में पैक किया। पैकिंग के हिसाब से उसने च्युइंगगम को 'शुगर क्रीम', 'व्हाइट माउंटेन' जैसे नामों से बेचना शुरू किया। कर्टिस का यह आइडिया काफी सफल रहा।

टेस्ट और फ्लेवर वाला च्युइंगगम: अब तक बनाए और बेचे जा रहे च्युइंगगम में कोई टेस्ट नहीं होता था। सन 1871 से 1880 के बीच थॉमस एडम्स ने अलग-अलग टेस्ट और फ्लेवर वाले 'ब्लैक जैक' नामक च्युइंगगम लांच किए। इस च्युइंगगम को लोगों ने खूब पसंद किया।

फुलाया जाने वाला बबलगम: 1906 में फ्रैंक एच. फ्लेयर ने एक ऐसा प्रोडक्ट बनाया, जिसे च्युइंगगम की तरह चबाने के साथ-साथ बैलून की तरह फुलाया भी जा सकता था। फ्लेयर ने इसे 'फ्लीसर बबलगम' और 'ब्लिबर ब्लबर' के नाम से बाजार में उतारा। इसमें सबसे बड़ी कमी यह थी कि कुछ देर चबाने के बाद वह बहुत ज्यादा चिपचिपा हो जाता था। इसलिए यह लोगों को ज्यादा पसंद नहीं आया।

आगे चलकर 1928 में फ्लेयर की ही कंपनी में काम करने वाले वाल्टर ई. डायमर ने ऐसा बबलगम बनाया, जो पहले की तुलना में कम चिपचिपा था। इसे देर तक चबाया जा सकता था, साथ ही बैलून की तरह फुलाया भी जा सकता था। कंपनी ने इसे 'डबल बबल' नाम से बाजार में उतारा। इसे लोगों ने खूब पसंद किया। इसके बाद इसकी क्वालिटी में निरंतर चेंज किए जाते रहे। अब तो अलग-अलग कलर, शेप, टेस्ट, फ्लेवर के च्युइंगगम और बबलगम मार्केट में मिलते हैं। *

कविता / शिवचरण चौहान

मेंढक को जुकाम



कहा मेंढकी से मेंढक ने
मुझको हुआ जुकाम।
चाय पिला दो अदरक वाली
जिससे हो आराम।।
मौसम बदल रहा है इससे
आया मुझे बुखार।
सहला दो तुम माथा मेरा
कर दो थोड़ा प्यार।।
बोली तुरंत मेंढकी अब
तुम चलो डॉक्टर पास।
तुमको तेज बुखार हुआ है
रहे जोर से खांस।।
चार गोलियां काली, पीली
और लगा इंजेक्शन।
कहा डॉक्टर ने मेंढक से
तुमको है इंफेक्शन।।
नदियों, नालों, तालाबों में
खूब लगाते गोते।
होता तभी जुकाम जोर का
पड़े-पड़े तुम रोते।।
बता रहा परहेज एक मैं
है जुकाम का तोड़।
अब से तुम पानी में जाना
बिल्कुल ही दो छोड़।।

जीके क्विज- 102

1.भारत के नए नौसेना प्रमुख कौन बने हैं?
2.भारत के किस एयर पोर्ट को दुनिया के टॉप-टेन बेस्ट एयर पोर्ट्स में शामिल किया गया है?
3.पिछले दिनों माउंट रुआंग ज्वालामुखी में भयंकर विस्फोट हुआ था। यह ज्वालामुखी किस देश में स्थित है?
4.सौरमंडल का सबसे बड़ा ग्रह कौन-सा है?
5.रात में दिखाई पड़ने वाला सबसे चमकीला तारा कौन-सा है?
6.स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री कौन थे?
7.जनसंख्या की दृष्टि से भारत का विश्व में कौन-सा स्थान है?
8. व्हाइट गोल्ड किसे कहा जाता है?
9. माउंट एवरेस्ट के शिखर पर पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला कौन थी?
10.'इंडिका' नामक पुस्तक किसने लिखी थी?

जीके क्विज-101 का उत्तर : 1.विराट कोहली, 2.डी. गुकेश, 3.1 मई, 4.हॉकिंस, 5.महात्मा गांधी, 6.एम. एस. स्वामिनाथन, 7.रोएंटजन, 8.सच्चिदानंद सिन्हा, 9. स्वामी दयानंद सरस्वती, 10.हमिंग बर्ड

जीके क्विज-101 का सही उत्तर देने वाले: कबीर-हिसार, नेहा-ईमेल से, गोपाल-ईमेल से, शिवकुमार मधुकर-बिलासपुर, सरबजीत-करनाल, बी.आकांक्षा-अहमदाबाद, ईशान-अहमदाबाद, दीप्ती-कोरबा, हर्ष-भोपाल, रवि-जबलपुर

हंसगुल्ले

टीचर: तुमने होमवर्क क्यों नहीं किया?
रोहित: सर, जब मैं होम वर्क करने बैठा तो लाइट चली गई।
टीचर: तो लाइट आने के बाद तुमने होम वर्क क्यों नहीं किया?
रोहित: सर, मुझे लगा कि कहीं दुबारा से कहीं फिर से लाइट न चली जाए। -अभिजीत, दुर्ग

तन्मय : क्या तुम चीनी भाषा पढ़ सकते हो?
तेजस: हां, अगर वो हिंदी या अंग्रेजी में लिखी हो तो पढ़ लूंगा। -सोनिया, जींद

काव्या: विदेश में छह साल के बच्चे अपने पैरों पे खड़े हो जाते हैं।
मैथिली: हमारे देश में तो दो-तीन साल का बच्चा खड़ा होने के साथ-साथ दौड़ने भी लगता है। -रोहन, भोपाल

हास्य कथा
समीर गांगुली

वह दही-फल बेचने वाला अपने आप में अजूबा था। उसकी बातें, उसके दही-फल जैसी चटपटी थीं। बच्चे उसकी बातें सुनकर 'हो-हो' करके हंसते। एक दिन बड़ी अजब-सी बात हुई। एक पुलिस वाले ने भी उसके दही-फल का स्वाद चखा। इसके बाद लोगों ने जो देखा-सुना, सब दंग रह गए!

दहीवाला.. पुलिसवाला..



भरी-दोपहरी में कॉलोनी में एक आवाज गूंजी, 'दहीवाला...ले लो दही-फल...फल-दही...आ गया दहीवाला!' साथ ही साथ कॉलोनी के दो मंजिले घरों की पहली मंजिल और दूसरी मंजिल के दरवाजे-खिड़कियां खुल गईं। उनसे कई बच्चों के चेहरे बाहर झांकने लगे।

दहीवाला। साईकिल पर बड़ी-सी परात में रखे दो हंडे। मिट्टी के इन हंडों का मुंह लाल कपड़े से बंधा। एक हंडे में दही और दूसरे में केला, अनानास, अंगूर, आम, अमरूद, लीची रखा होता। साथ में चीनी,नमक, मिर्च और अमचूर के डिब्बे। लंबा दुबला दहीवाला। वह रंग-बिरंगा, बड़ी-बड़ी दो जेबों वाला कुर्ता पहनता, उसके नीचे सफेद धोती और सबसे नीचे रबर के काले जूते पहनता, जो चलने पर पक्क-पक्क की आवाज करते थे।

दहीवाले के माथे पर एक बड़ा-सा गूमड़ था, जिसे दिखाकर वह बच्चों से कहता, 'देखना, यहां से एक दिन लंबा-सा सींग निकलेगा।'

छोटकी मालती भी बालकनी पर आ जाती और दहीवाले के साथ सबकी बातें सुनती। उसकी मां कहती, 'ये दहीवाला बहुत झूठ बोलता है।' पापा कहते, 'दहीवाला बहुत मजाकिया है।'

दहीवाले से जब नाम पूछो, तो वो हर बार नया नाम बताता। इतने निराले नाम बताता कि बच्चे हंसते-हंसते लोट-पोट हो जाते। कभी बिच्छू पांडे, कभी गाय प्रसाद, कभी भिंडी भाई, कभी ककरी कालू करताली नाम बताता। लेकिन उसकी फल-दही या दही-फल का कोई जवाब नहीं था। बच्चे उसकी आवाज सुनकर दौड़कर आ जाते और पूछते, 'दहीवाले, दहीवाले इस हंडे में क्या है.. और उस हंडे में क्या है?'

दहीवाला अपनी आंखों को चार-चार गोल-गोल घुमाता और बोलता, 'इसमें है काली, मटियाली गाय का सफेद ताजा दही और इस हंडे में हरे पेड़ हनुमान प्रसाद के मीठे अमरूद। नीले पेड़ चुन्नी लाल के नीले-काले शहतूत।'

बच्चे 'हो-हो' हंस देते। फिर दहीवाला अपने थैले से पत्ते के दोने निकालता। उन्हें एक थाली पर सजाता। इसके बाद एक हंडा खोलता, उसमें से कोई ताजा फल निकालता। जेब से चाकू निकालता, उन्हें काटता, दोने में लगाता फिर दूसरा हंडा खोलता, उसमें से लकड़ी के चम्मच से दही निकालकर दोने में लेता। ऊपर से नमक, चीनी, मिर्च और अमचूर मिलाता। उसके बाद एक छोटे चम्मच से अपना 'अंतर-मंतर गड़बड़ मंतर' पढ़ते हुए सबको मिलाता। फिर 'हो-हो' करके हंसता और सारे बच्चों को एक-एक दोना पकड़ा देता। उसे खाकर बच्चे एक साथ मिलकर दोहराते, 'आ गई मस्ती, भाग गई सुस्ती।'

दहीवाला खुश हो जाता। तब बच्चे पैसे निकालते, दहीवाले को पकड़ाते और उसे 'कल फिर आना' कहकर अपने घरों में लौट आते।

एक दिन भरी दोपहर में। इधर दहीवाले ने आवाज लगाई। उधर एक फटफटिया फट-फट करती कॉलोनी में आई। दहीवाले के पास आकर फटफटिया वाले ने अपना हेलमेट उतारा। अंदर से एक बड़ी-बड़ी घुंघरैली मूंछों वाला पुलिसवाला निकला। दरवाजे और खिड़कियों से झांकते बच्चों की सांसें थम गईं। पुलिसवाला फटफटिया से उतरा, एक बैग से बड़ा-सा कटोरा निकाला और उसे दहीवाले को पकड़ाया।

दहीवाले ने हंडे से केला निकाला, उसे छोटा-छोटा काट कर कटोरे में भरा, फिर एक आम निकाला उसे भी काट-काट कर कटोरे में डाला। पुलिसवाला बोला, 'और डालो।'

दहीवाले ने फिर ऊपर से अंगूर डाले।

पुलिसवाला बोला, 'थोड़ा और।'

दहीवाले ने हंडे से अनानास भी निकाला और उसे उस बड़े कटोरे में डाला। फिर दूसरा हंडा खोला और उससे छह चम्मच दही डाला। पुलिसवाला बोला, 'और डालो।'

दहीवाले ने चार चम्मच और डाला, फिर उसमें नमक, चीनी, मिर्च और अमचूर मिलाया। अपना मंतर गुनगुनाया और पुलिस वाले को पकड़ाया। पुलिस वाले ने भी भुक्कड़ की तरह गड़प-गड़प खाया। फिर उसने पूछा, 'कितने पैसे?'

दहीवाला बोला, 'वैसे तो हुए सौ रुपए, मगर आप जो मन हो दे दो...।'

पुलिसवाले ने बटुआ निकाला, उसमें से सौ-सौ के दो नोट निकाले, दहीवाले को देते हुए बोला, 'ये लो दो सौ रुपए।' इसके बाद पुलिस वाले ने अपना हेलमेट पहना, अपना कटोरा वापस लिया और चलने लगा। एकाएक उसे कुछ ख्याल आया, वह रुका। अपना बैग खोला। उसमें से एक नया गमछा निकाला और दहीवाले को पकड़ा दिया। बोला, 'रखो इसे। बहुत गर्मी है, पसीना पोंछते रहना।'

दहीवाला पुलिस वाले से गमछा लेते हुए हाथ जोड़कर बोला, 'कल फिर आना, दरोगा भैय्या।'

पुलिसवाला फटफटिया चलाते हुए चला गया। बच्चों ने इसे देखा, उनके माता-पिता ने भी देखा। सब दंग थे, पुलिस वाले का व्यवहार देखकर, इतना अच्छा पुलिस वाला..! सब मन ही मन सोच रहे थे, सब दहीवाले का कमाल है! *

रंग भरो-149

रंग भरो-149 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।



तनिष्क, रायपुर

सौम्य, बालोद

समृद्धि, शहडोल

सुयश, बिलासपुर

कनक, रायपुर

विशु, रोहतक

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आरती-भिवानी, सुमित्रा-बालोद बाजार, पलक-अटेली मंडी, प्रकाश-बिलासपुर, सौम्य-दुर्ग, पलक-पलवल, विशाखा-रायपुर, आकांक्षा-दुर्ग, पल्ली-बालोद, प्रत्यूष-अंबिकापुर, सोनिया-बिलासपुर, शिव-हिसार, कल्पना-भोपाल, अदिति-दिल्ली

रंग भरो 150



बच्चो, दिए गए चित्र में राजू और पिंकी खूब खिलखिलाकर हंस रहे हैं। इस प्यारी-सी तस्वीर को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, उम्र और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो: संपादक- फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

रास्ता खोजो

बच्चो, हर्ष को अपने लाफ्टर क्लब के दोस्तों के पास पहुंचना है। लेकिन वहां तक पहुंचने का रास्ता वह भूल गया है। सही रास्ता खोजकर हर्ष को उसके दोस्तों तक पहुंचने में जरा मदद तो करो।



बसपा प्रत्याशी ने किया नामांकन, निर्दलीय व अन्य ने भी भरे

गठबंधन प्रत्याशी प्रदीप जैन आदित्य ने दाखिल किये नामांकन के दो और सेट, ग्रामीण इलाकों में किया जनसम्पर्क

झांसी(विश्व परिवार) । ललितपुर लोक सभा से इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने नोमिनेशन के जुलूस में कल के अभूतपूर्व अपार जनसमूह के उमड़ पड़ने के बाद जन भावनाओं को सम्मान देते हुए दो सेट नामिनेशन फार्म और भर कर दिए। एक नामिनेशन में जिला मीडिया कोऑर्डिनेटर मज़हर अली और दूसरे नामिनेशन फार्म में एड0 बी डी भास्कर प्रस्तावक रहे। कलेक्ट्रेट परिसर में एड0 विवेक बाजपेयी, राजीव अग्रवाल, एड0 अनिल झा, टेक्स बार के पूर्व अध्यक्ष अजय चन्द्र श्रीवास्तव, एड0 शिरामणि जैन, के साथ प्रदीप जैन आदित्य ने वकीलों से जनसंवाद किया और इण्डिया गठबंधन को भारी मतों से विजय दिलाने की अपील की। प्रदीप जैन आदित्य ने वकीलों के मन की बात को समझने की कोशिश की और इण्डिया गठबंधन को विजय श्री दिलाने की अपील की।

गठबंधन के प्रत्याशी पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य के साथ पूर्व बबीना प्रत्याशी यशपाल सिंह यादव ने रक्सा चुनाव कार्यालय का फीता काट कर शुभारम्भ किया। इस मौके पर सीताराम प्रधान डेली, पूर्व प्रधान राव राजा परमार, घनश्याम, चन्द्रपाल सिंह, घांसू गुप्ता, राजा परमार, दीपक गुप्ता बाजना, देवेन्द्र दुबे, महेन्द्र परमार, हर प्रसाद वर्मा, बद्री राजपूत, तरूण सांवल, वीरचंद्र सांवल और अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बड़ागांव चुनाव कार्यालय का उद्घाटन प्रदीप जैन आदित्य द्वारा किया गया। इस मौके पर पुक्खन देवी कुशवाहा, आशा राम कुशवाहा, मनीष दुबे पार्षद, झारखडिया पार्षद, संतोष कुशवाहा, मुन्नादीन परीछा, राजीव रिछारिया, राजीव जैन, रमेश रावत, आदित्य मोहन गुप्ता और अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। चिरगांव चुनाव कार्यालय का उदघाटन मुन्ना सिंह पारीछा द्वारा किया गया । इस मौके पर रमेश चन्द्र कनकने, ओम प्रकाश सेनी, राजपाल सिंह बुन्देला, देवेन्द्र सेन, मकसूदन चौधरी, प्रमोद पाल, संतोष कुशवाहा, अक्कू वर्मा, हरीमोहन पटेरिया, लक्ष्मीनारायण, रवि सोनी, बाबू लाल सेन उपस्थित रहे।

जनसम्पर्क के दौरान प्रदीप जैन आदित्य ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि समय बहुत कम है। हर वोटर को देश के हालात से अवगत कराना है। बुन्देलखण्डी में कहा जाए तो जुट जाओ बस। गठबंधन के सभी कार्यकर्ताओं को कहा गया कि घर-घर जाकर वोट मांगना है और देश की बदहाली से देश को उभारने के लिए दर-दर जाकर गठबंधन को विजयी बनाने की अपील करना है। आज से ही हर गांव हर मोहल्ले की समस्याओं को भी देखो नोट करो और कांग्रेस द्वारा जारी किया गया न्याय पत्र जन-जन तक पहुँचाना है। जनसम्पर्क के दौरान जिला अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह पारीछा, बलवान सिंह यादव, शफीक अहमद मुन्ना, पिंकी जैन, प्रिंस कटियार, अखिलेश गुरूदेव, जगमोहन मिश्रा, अजय जैन, रईस और बहुत से गठबंधन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

झांसी महानगर के शिवाजी नगर एवं सीपरी मंडल में भाजपा प्रत्याशी अनुराग शर्मा ने किया जनसंपर्क

झांसी(विश्व परिवार) । भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी अनुराग शर्मा जोरदार तरीके से घर-घर जाकर जनसंपर्क कर रहे है। भाजपा प्रत्याशी अनुराग शर्मा ने झांसी महानगर के शिवाजी नगर मंडल एवं सीपरी मंडल के विभिन्न वार्डों में जाकर ÷घर-घर जनसंपर्क÷ के दौरान विभिन्न स्थानों पर लोगों के बीच आत्मीय संवाद किया। इस अवसर पर उनके साथ सदर विधायक रवि शर्मा, महापौर बिहारी लाल ,एमएलसी रामतीर्थ सिंघल ,पूर्व मंत्री रविंद्र शुक्ला ,जिला अध्यक्ष हेमंत परिहार ,पूर्व मंत्री रतनलाल अहिरवार ,जिला सहकारी बैंक झाँसी डायरेक्टर जयदेव पुरोहित, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा सुमन पुरोहित ,पूर्व जिला अध्यक्ष जमुना कुशवाहा, मुकेश मिश्रा व संतोष सोनी का भी स्थानीय लोगों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।

इस दौरान आम जनमानस से संवाद करते हुए प्रत्याशी अनुराग शर्मा ने कहा, बीड़ा एवं केन बेतवा परियोजना झांसी के चतुर्मुखी विकास की दस्तक दे रही हैं। इसी कारण युवा, किसान व्यापारी, मजदूर ,एवं सभी वर्गों में आर्थिक और सामाजिक स्तर में उछाल आने वाला है। झांसी ललितपुर क्षेत्र को बेरोजगारी ,भुखमरी ,पलायन के कलंक से मुक्ति दिलाना योगी जी और मोदी जी की छत्रछाया में आपका प्रतिनिधि होने के नाते मेरा संकल्प है, सभी विधायक गणों के सहयोग से क्षेत्र में लाखों करोड़ों की परियोजनाएं आ रही हैं, बीड़ा एवं केन बेतवा परियोजना इसके जीते जागते प्रमाण हैं, बीड़ा परियोजना में किसानों को चार गुना मुआवजा मिल रहा है, तो अन्य किसानों व क्षेत्र वासियों की जमीन की कीमतों में जबरदस्त उछाल आया है, यहां अब नोएडा की तर्ज पर औद्योगिक शहर विकसित होने जा रहा है, निश्चित ही है बीड़ा झांसी के विभिन्न वर्गों में नई क्रांति लेगा, साथ ही वे बोले मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का अर्थ है -देश को नक्सलवाद और आतंकवाद से मुक्ति दिलाना,देश के गरीबों के कल्याण की चिंता करना,देश को विकसित बनाना,जनजातियों के सम्मान की चिंता करना और हमारे उत्तर प्रदेश को पहले नंबर का राज्य बनाना,साथ ही झाँसी ललितपुर में विकास गति और तेज करना है । सदर विधायक रवि शर्मा ने कहा कि पिछली सरकारों में जमीन पर कब्जा करने वाले ,लूट खसोट करने वाले आज कांग्रेस के हाथ के साथ हाथ बांधकर घूम रहे हैं, इनको हमारी सरकार में लस्त - पस्त कर दिया है, अब यह इंडिया गठबंधन के सहारे फिर से ऑक्सीजन पाने की कोशिश कर रहे हैं इनका थोड़ी भी सांस मिली तो हम सब की मेहनत पर पानी फिर जायेगा। पूर्व मंत्री रविंद्र शुक्ला ने कहा कि इंडी गठबंधन परिवारवादी पार्टियों का जमावड़ा है, भ्रष्टाचारियों का जमावड़ा है। इनको सिर्फ अपने परिवार को आगे बढ़ाने से मतलब है, जनता से इनको कोई लेना-देना नहीं है,ये सभी सेवा के नाम पर जीरो हैं और सिर्फ मेवा खाने के लिए हैं,इंडी गठबंधन... ये राम विरोधी और सनातन विरोधी है, ये देश विरोधी ताकतों के पोशक हैं,इन्होंने प्रभु श्रीराम को काल्पनिक बताया था और राम मंदिर निर्माण को अटका रखा था, लटका रखा था और भटका रखा था,मोदी जी के नेतृत्व में आज अयोध्या में भव्य राम मंदिर बन गया है,मोदी जी ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की,आज रोजाना लाखों लोग प्रभु श्रीराम के दर्शन करने जा रहे हैं। जनसंपर्क में, मोहन सिंह यादव अमित चरवरिया संजय पटवारी , जगदीश साहू ,मनमोहन गेडा, गोकुल दुबे ,अंकुर दीक्षित ,मन्नी सरदार,रोहित राजपूत, विकास कुशवाहा मंडल अध्यक्ष शिवाजी नगर दिलीप पूरी , मंडल अध्यक्ष सीपरी संजीव पटेरिया ,बंटी राजा सभासद, प्रेम नारायण साहू ,गोविंद सिंह यादव संजीव बुधौलिया ,ज्योति पटेरिया कविता शर्मा ,रिंकू वर्मा, प्रमोद कुशवाहा, संजय वाल्मीकि, अवतार खटीक, अंकित साहू, धीरज मिश्रा ,बालकिशन कुशवाहा, रंजना तिवारी, कुसुम साहू, नसरीन बानो, गोविंदास, आसाराम राय, पंकज शुक्ला,रम्मू कुशवाहा, दीपक साहू अंकित साहू, धीरज मिश्रा, प्रिंस कुशवाहा ,बादाम सिंह यादव, हरिपथ सहाय कौशिक, देवदास कुशवाहा,कुलदीप सिंह दांगी,अनुज नीखरा ,पार्षद रामजी यादव,रवि गोस्वामी,गोपाल यादव,नरेंद्र यादव,रोहित गोठनकर,अमित श्रीवास्तव,तेज सिंह गौर,कपिल बरसेनिया,पंकज शुक्ला,अभिषेक जैन, आदि उपस्थित रहे।

वहीं जनसंपर्क के क्रम में प्रत्याशी अनुराग शर्मा की बेटी वेदिका शर्मा एवं तारिणी शर्मा ने रामनाथ सिटी, हसारी क्षेत्र में घर-घर जाकर जनसंपर्क किया तथा विकसित संसदीय क्षेत्र के संकल्प को साकार करने के लिए आगामी 20 में को पुनः कमल के सामने वाला बटन दबाने की अपील की इस दौरान उनके साथ जिला महिला मोर्चा की कोषाध्यक्ष अंजली शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष धीरज मिश्रा ,अंकित साहू, पवन राजा, चेतन ओझा ,प्रदीप झा प्रदीप फौजी आदि उपस्थित रहे।

कुंज वाटिका में हुआ कार्यकर्ता सम्मेलन

झांसी(विश्व परिवार)। झांसी-ललितपुर संसदीय सीट के लिए बहुजन समाज पार्टी द्वारा आखिरी समय में घोषित किए गए अधिकृत उम्मीदवार रवि प्रकाश मौर्य ने आज जुलूस के साथ अपना नामांकन दाखिल कर दिया। इसके पूर्व बसपा उम्मीदवार द्वारा दो दिन पहले मुहूर्त नामांकन दाखिल किया गया था।

नामांकन दाखिल करने के पहले कानपुर रोड स्थित कुंज वाटिका में बहुजन समाज पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन भी आयोजित किया गया, जिसमें वक्ताओं ने प्रत्येक कार्यकर्ता से जी जान से जुट कर एक बार फिर से बसपा सुप्रीमो मायावती के हाथों को मजबूत करने की अपील करते हुए झांसी ललितपुर संसदीय सीट के अधिकृत प्रत्याशी रवि प्रकाश मौर्य को भारी बहुमत से विजई बनाने की अपील की। वक्ताओं ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी के शासनकाल में ही दलित, शोषित तथा पिछड़े वर्ग का सम्मान सुरक्षित रहा। आज इन सभी वर्गों के सम्मान के साथ खुलकर खिलवाड़ किया जा रहा है। इनके आरक्षण पर डाका डालने की कोशिश की जा रही है। यदि हम यह चाहते हैं कि आने वाली पीढ़ी को बेरोजगारी की मार न झेलनी पड़े तथा आने वाली पीढ़ियों को अपने अधिकारों से वंचित न रहना पड़े, तो हमें बहुजन समाज पार्टी को मजबूत करने का काम करना होगा।

कार्यकर्ता सम्मेलन को मुख्य रूप से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रभारी शमसुद्दीन राईन, झांसी मंडल प्रभारी मुकेश अहिरवार, चंद्र दत्त गौतम, रविकांत मौर्य, जिला अध्यक्ष एसके गौतम आदि सहित तमाम पदाधिकारियों ने संबोधित किया। कार्यकर्ता सम्मेलन के बाद बसपा प्रत्याशी का नामांकन जुलूस कुंज वाटिका से शुरू हुआ और कलेक्ट्रेट पर समाप्त हुआ, जहां बसपा प्रत्याशी द्वारा विधिवत जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया गया। नामांकन दाखिल करने के बाद वापसी में बसपा प्रत्याशी द्वारा कचहरी चौराहे पर स्थित बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि वह अयोध्या के रहने वाले हैं और निश्चित रूप से झांसी ललितपुर के राम भक्त उनका सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि जब भगवान राम ने उन्हें वीरांगना की धरती पर चुनाव लड़ने के लिए भेजा है, तो यहां के राम भक्त भी कंधे से कंधे मिलाकर हमारा साथ देंगे। बसपा प्रत्याशी ने कहा कि झांसी ललितपुर के मुद्दे आम जनता से जुड़े हुए हैं। बेरोजगारी, पानी की किल्लत, किसानों की समस्याएं आदि तमाम ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सत्ताधारियों ने इस क्षेत्र के लिए यदि काम किया होता तो आज यह मुद्दे नहीं होते। इस अवसर पर मुख्य रूप से उत्कर्ष साहू आदि सहित तमाम वाजपेई मौजूद रहे।

बीयू : बीडा क्षेत्र में सर्वेक्षण कार्य हुआ पूर्ण, अब होगा आँकड़ों का विश्लेषण

आर्थिक, सामाजिक, कौशल मानचित्रण, पर्यावरण व जल संसाधनों पर आधारित था सर्वे

झांसी(विश्व परिवार)। बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय व बुन्देलखण्ड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) के संयुक्त तत्वावधान में बीडा क्षेत्र के 33 गाँवों की आर्थिक, सामाजिक, कौशल मानचित्रण, पर्यावरण व जल संसाधनों पर सर्वे किया जा रहा है जिसके रिपोर्ट के आधार पर उक्त गाँवों समग्र विकास हेतु मास्टर प्लान तैयार किया जायेगा। जिसके प्रथम चरण में विश्वविद्यालय के शिक्षकों व विद्यार्थियों द्वारा इन 33 गाँवों की आर्थिक, सामाजिक, कौशल मानचित्रण, पर्यावरण व जल संसाधनों पर आधारित प्रश्नावली द्वारा उक्त विषयों के संदर्भ में ग्रामीणों से सघन जानकारी एकत्रित की गई। कुलपति प्रो0 मुकेश पांडेय की अध्यक्षता व कुलसचिव विनय कुमार सिंह की उपस्थिति में आयोजित बैठक में उक्त सर्वेक्षण कार्य के समन्वयक प्रो0 सुनील कबिया ने प्रथम चरण में एकत्रित आंकड़ों के विषय में विस्तार से बताया।

प्रो0 कबिया ने बताया कि कुल तीन टीमों द्वारा सर्वेक्षण कार्य किया गया जिसमें प्रत्येक टीम में दो शिक्षक व छः विद्यार्थियों सहित आठ लोग पूर्व निर्धारित गाँवों में जाकर आंकड़ों का संग्रहण कर रहे थे। इस प्रकार लगभग सप्ताह भर चले सर्वेक्षण कार्य में 1500 से ज्यादा प्रश्नावलियों के माध्यम से वृहद जानकारी एकत्रित की गई है जिनका शोधकर्ताओं द्वारा डेटा फीडिंग किया जा रहा है। अब अगले चरण में इन आंकड़ों का विश्लेषण किया जायेगा जोकि अंतिम रिपोर्ट तैयार करने में सहायक सिद्ध होंगे। इस दौरान सर्वेक्षण कार्य में लगे अन्य शिक्षक व विद्यार्थियों ने भी कुलपति के समक्ष अपने अनुभवों को साझा किया। इन बैठक के उपरांत बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के एक प्रतिनिधि मंडल ने प्रो0 सुनील कबिया के नेतृत्व में बीडा के मुख्य कार्यपालक कार्यपालक अधिकारी अमृत त्रिपाठी से मिलकर सर्वेक्षण से सम्बंधित आंकड़ों व सूचनाओं से अवगत कराया। बीडा के सीईओ अमृत त्रिपाठी ने कहा कि बीयू द्वारा जमीनी स्तर पर किये ह्रुगए इस सर्वे से मास्टर प्लान की प्रासंगिकता बढ़ेगी और अकादमी व इंडस्ट्री के परस्पर सहयोग से बीडा क्षेत्र के समग्र विकास को बल मिलेगा। इस अवसर पर डॉ विनीत कुमार, डॉ लवकुश द्विवेदी, डॉ शिल्पा मिश्रा, डॉ ज्योति मिश्रा, डॉ जीके श्रीनिवासन, डॉ चेतन आनंद दुबे, डॉ ग़ज़ाला अहमद, डॉ सत्येंद्र चौधरी, डॉ अंजलि सक्सेना, हेमन्त चंद्रा, हितिका यादव, राज अग्निहोत्री, गंगा तलवार, राधा दुबे, खुशी मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

रंग केसर प्रदर्शनी शुरू, देश भर से आए कलाकार

नई दिल्ली(विश्व परिवार)। राजधानी के संस्कृति जगत में आज एक नई हलचल शुरू हुई है। झाँसी की मणिकर्निका आर्ट गैलरी की तरफ से दिल्ली के हौजखास में स्थित लोकायता आर्ट गैलरी में रंग केसर शीर्षक से राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। प्रदर्शनी में देशभर के 36 वरिष्ठ व युवा कलाकारों की कलाकृतियाँ प्रदर्शित की गई हैं। 2 मई से शुरू हुई यह प्रदर्शनी 5 मई तक दर्शकों के लिए खुली रहेगी। प्रदर्शनी का उद्घाटन कत्थक डांसर डॉ. नलिनी कमलीनी ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में राजस्थान ललित कला अकादमी के सचिव डॉ. रजनीश हर्ष, वरिष्ठ कलाकार एम. के. पुरी, सुनीता लाम्बा, वेद प्रकाश भारद्वाज उपस्थित थे। इस अवसर पर वेद प्रकाश भारद्वाज की पुस्तक इंडियन कांटेम्परेरी आर्ट मल्टीडायमेंशनल टाइम का लोकार्पण किया गया।

इस अवसर पर मणिकर्निका आर्ट गैलरी की डायरेक्टर कलाकार कामिनी बघेल ने बताया कि उनकी गैलरी देश के विभिन्न शहरों में समूह प्रदर्शनियों के आयोजन के माध्यम से युवा प्रतिभाओं के लिए नए अवसर बना रही है। डॉ. नलिनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि कलाएं भावों और विचारों की अभिव्यक्ति है। सभी कलाओं में आंतरिक संबंध होता है। नृत्य और चित्रकल में कला बाहर से पहले अंदर आती है फिर अंदर से बाहर निकलती है। प्रदर्शनी में शामिल सभी कलाकारों को उन्होंने बधाई दी। श्री एम के पुरी ने कहा कि कला जीवन में नए अर्थ संचारित करती है। कलाकारों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि सभी कलाकारों ने अच्छा काम किया है। अपने कला अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि कला एक साधना है। एक कलाकार को अपनी कला के साथ संवाद करना होता है। डॉ. रजनीश हर्ष ने कहा कि आज इस तरह की प्रदर्शनियों की आवश्यकता है जिनमें वरिष्ठ कलाकारों के साथ युवा कलाकारों को संवाद और सीखने का अवसर मिलता है। उन्होंने प्रदर्शनी के आयोजक और कलाकारों को बधाई दी।

प्रदर्शनी में शामिल पेंटिंग्स में विषयों और शैली की विविधता इसे आकर्षक बनाती है। कलाकारों ने समकालीन जीवन के साथ ही मिथक और लोक कला को भी अपना विषय बनाया है। प्रदर्शनी में शामिल सुनीता लाम्बा के शिल्प स्त्री को केंद्र में रखकर जीवन के संवेदनशील पक्ष को उजागर करते हैं। कई कलाकारों ने प्रकृति के सौन्दर्य को अपनी लेंडस्केप पेंटिंग्स में प्रस्तुत किया। डॉ. रजनीश हर्ष की कला पारम्परिक लघुचित्र के गुणात्मक प्रभाव को समकालीन शैली में प्रस्तुत करती है। प्रदर्शनी में कुछ कलाकारों ने लोक कला की शैली में भी काम किया है। संचालन गैलरी कोऑर्डिनेटर सहजेन्द्र सिंह बघेल ने किया।

कई वरिष्ठ कलाकारों जैसे की एमके पुरी नई दिल्ली,वेद प्रकाश भारद्वाज नई दिल्ली ,डॉ प्रमिला सिंह झांसी, जसप्रीत मोहन सिंह लुधियाना, कृष्ण कुमार दुबे भदोही ,पूजा श्रीवास्तव कानपुर ,राम अवस्थी मुंबई,चित्रा सिंह नोएडा ,डॉक्टर पुष्पा अग्रवाल रायपुर,डॉ इंदिरा अग्रवाल,ऋषिका जालान के साथ-साथ आंचल देहरादून, अचिंत्य हजरा कोलकाता ,अदिति राऊत्रे दिल्ली, अंजू दागा भदोही, आयुषी श्रीवास्तव गुड़गांव, बैसाखी शाहा हुगली , इशिता नई दिल्ली, परमजीत कौर होशियारपुर, पायल वर्मा लखनऊ ,पूनम राजपूत नई दिल्ली ,पूनम खानवेलकर मुंबई ,प्रभास कुमार उड़ीसा ,प्रकृति विश्वास कोलकाता ,प्रसाद भंडारी मुंबई प्रीति श्रीवास्तव लखनऊ और श्री विद्या चेन्नई , सविता अजीत कुमार रांची शर्मिष्ठा सेन नई दिल्ली शुभ्रा गुप्ता मुंबई स्मृति अग्रवाल आगरा श्री विद्या सुदर्शन त्रिवेंद्रम केरला सुरोजित माझी कोलकाता नेअपनी कला प्रदर्शित की।

सुपरवाइजर ट्रेनिंग सेंटर झाँसी में हुआ वर्क साइट सेफ्ट विषय पर आधारित संरक्षा सेमिनार

झांसी(विश्व परिवार)। मंडल रेल प्रबंधक, झांसी श्री दीपक कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में रेलवे वर्कशॉप ऑडिटोरियम में वर्क साइट सेफ्टी विषय पर आधारित संरक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया 7 आयोजन कार्यक्रम में रेलवे ठेकेदार एवं कर्मचारियों सहित लगभग 100 कर्मचारियों, पर्यवेक्षकों एवं अधिकारियों ने भाग लिया।

मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक ने संरक्षा संबंधी दिशा निर्देशों का रेलवे कर्मचारियों एवं रेलवे ठेकेदारों द्वारा कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने हेतु काउंसलिंग की। सेमिनार को संबोधित करते हुए मंडल रेल प्रबंधक ने कहा की हमें किसी भी मौके पर संरक्षा का साथ नहीं छोड़ना है, उसका शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करना है 7 मंडल रेल प्रबंधक ने बताया की रेलवे के संरक्षा नियमों का यदि शत प्रतिशत पालन किया जाए तो किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने की संभावना ही नहीं रह जाती 7 वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) श्री आशुतोष चौरसिया ने उदाहरण के तौर पर बताया की वर्क साईट पर यदि ट्रैक के 6 मीटर से 3.5 मीटर की दूरी पर कार्य किया जा रहा हो तो नियमित मार्किंग व बैरिकेट के साथ किया जा सकता है, और यदि 3.5 मीटर से नज़दीक पर कार्य किया जाना हो तो ट्रैफिक / पॉवर ब्लाक लिए बगैर कार्य बिलकुल नहीं किया जाना चाहिए।

संरक्षा संवाद में उपस्थित अन्य सभी अधिकारी / पर्यवेक्षकों ने भी सेमिनार के माध्यम से अपने ज्ञान को पुनश्चर्या किया गया एवं वर्क साईट पर क्या-क्या सुरक्षा सावधानियां बरती जानी चाहिए इस पर विस्तारपूर्वक समझाइश दी गयी, इसी के साथ सभी लोगों को ट्रेन संचालन एवं दैनिक कार्यों में संरक्षा सुनिश्चित करने हेतु ट्रेनिंग के साथ-साथ

हिदायत दी गई। संरक्षा सेमिनार का संचालन वरिष्ठ खंड अभियंता श्री जे एस त्रिपाठी द्वारा तथा समापन वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी श्री गिरीश कंचन द्वारा किया गया।

इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री आर डी मौर्या, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) श्री आशुतोष चौरसिया, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी श्री गिरीश कंचन, सहायक मंडल संरक्षा अधिकारी अनिल कुमार मिश्र, सहायक कार्मिक अधिकारी लवी इब्राहीम, जनसंपर्क निरीक्षक श्री मनोज कुमार सिंह आदि इस दौरान मौजूद रहे और कर्मचारियों के साथ संवाद किया।

झाँसी मंडल में बनी 14.28 लाख लोगों की आभा आई.डी.

- आयुष्मान भारत डिजिटल हैल्थ मिशन के तहत बनायी जा रहीं आभा आई.डी.
- अब किसी भी मरीज की पुरानी बीमारी, जांच रिपोर्ट और दवाओं की जानकारी एक क्लिक में होगी सामने
- सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं डिजिटल हो रहीं है, अब किसी भी मरीज की पुरानी जांच रिपोर्ट और दवाओं की जानकारी एक क्लिक पर सामने होगी

झाँसी। डिजिटल हेल्थ मिशन के तहत सरकार आम जनमानस को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं दे रही है। इसके तहत प्रत्येक मरीज की डिजिटल हेल्थ आईडी जिसे आभा आई.डी. कहते हैं, बनाई जा रही है। झाँसी मंडल की सभी सरकारी अस्पतालों के इलाज कराने वाले सभी मरीजों की हेल्थ आईडी बन रही है। आईडी बनने के बाद सभी मरीजों का ब्योरा आभा पोर्टल पर पर अपलोड होगा जो एक क्लिक पर उपलब्ध रहेगा। इस आईडी में मरीजों की बीमारी के शुरुआत से उपचार और जांच तक का रिकार्ड दर्ज होगा। कहीं भी उपचार लिए जाने पर चिकित्सक द्वारा पोर्टल पर मरीज की आईडी डालने ही एक क्लिक पर बीमारी व पहले हो चुकीं जांचों की रिपोर्ट, दवाएं, ब्लड ग्रुप की जानकारी सामने होगी। ऐसे में चिकित्सकों को मरीजों को सही उपचार करने में मदद मिलेगी।

आभा कार्ड बनने से मरीजों को सबसे बड़ा फायदा यह है कि उन्हें अपने इलाज से संबंधित कोई कागजात संभालकर रखने की जरुरत नहीं है. अगर कोई स्वास्थ्य से संबंधित समस्या होगी तो जहां भी आप इलाज कराने जाएंगे डॉक्टर आसानी से आपके बारें में जान सकेगा और उसी आधार पर आगे का चिकित्सकीय प्रबंधन हो सकेगा।

क्या-है आभा आईडी कार्ड

आभा आईडी कार्ड आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत लांच किया गया है. 14 अंक वाले आभा आईडी कार्ड को हेल्थ आईडी कार्ड हैज इसमें लोगों के हेल्थ का पूरा डाटा रहता है. इस कार्ड के जरिए आप अपने हेल्थ से जुड़ी जानकारी डिजिटल तौर पर अस्पताल, क्लिनिक और बीमा कंपनियों के साथ शेयर कर सकते हैं।

झाँसी मण्डल की प्रगति

झाँसी लक्ष्य 2108121, उपलब्धि- 779465, उपलब्धि प्रतिशत- 37.0
ललितपुर लक्ष्य- 1315912, उपलब्धि- 400702, उपलब्धित प्रतिशत- 30.5
जालौन लक्ष्य- 1606879, उपलब्धि- 248324, उपलब्धि प्रतिशत- 15.5

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झाँसी मंडल के मंडलीय परियोजना प्रबंधक आनन्द चौबे बताते हैं कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत शुरू किए गए ABHA Health ID में किसी भी व्यक्ति का प्रिस्क्रिप्शन, लैब रिपोर्ट, डायग्नोसिस रिपोर्ट, आदि स्वास्थ्य संबंधित सभी विवरण सुरक्षित किए जायेंगे. झाँसी मंडल में आभा ढ्ढष्ठ बनाने का कार्य तेजी से चल रहा है अब तक 14.28 लाख लोगों ने आभा आई.डी. बनवा ली है। नागरिकों से अपील है कि वे नजदीकी आशा, ANM, CHO या किसी भी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क कर अथवा स्वयं आभा आई.डी. बनवा लें।

तख्त चौधरी की पगड़ी जबरन नहीं हथियाने दी जायेगी

झांसी(विश्व परिवार)। आज वाल्मीकि महासभा उ0 प्र0 की जिला शाखा की आवश्यक बैठक श्री वालकृष्ण गांचले की अध्यक्षता एंव भगवान श्री महर्षि वाल्मीकि जन्मोत्सव समारोह महासमिति बुंदेलखण्ड क्षेत्र, झांसी के मुख्य संयोजक एंव वाल्मीकि समाज के जुझारू नेता अशोक प्याल के मुख्य आतिथ्य सुभाष माते, कैलाश खरे ड्रेसर, नरेश डागौर के आतिथ्य में नगर निगम प्रांगण स्थित श्री वाल्मीकि मंदिर उद्यान में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि अशोक प्याल ने कहा कि बबीना में कतिपय दवंगो-सूदखोरो प्रभावी लोगो द्वारा अपनी स्वार्थ पूर्ति हेतु अवैधानिक ढंग से सामाजिक नियमो के विपरीत कार्य करते हुये तख्त चौधरी जैसे अति सम्मानित पद की गरिमा, मर्यादा से खिलवाड करते हुये जवरन पद हथियाने का प्रयास किया जा रहा है, जवकि झांसी जिला के तख्त चौधरी पद पर श्री लल्लन चौधरी, निवासी तलैया मुहल्ला, रानी महल झांसी सर्व सम्मति से पदासीन है, ऐसी स्थिति में किसी दूसरे व्यक्ति को समाज का प्रमुख कैसे निर्वाचित किया जा सकता है, हम सभी समाज बंधु समाज हित को सर्वोपरि मानते हुये बबीना में हो रहे षडयंत्र पूर्वक पद हथियाने की गलत कार्यवाही का खुलकर विरोध कर रहे है। इस संदर्भ में महासभा और समाज की अन्य संस्थाओं द्वारा विरोध करते हुये जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन को अवगत कराते हुये निवेदन किया है कि चुनाव की आदर्श आचार संहिता की अवधि में उक्त मनोनयन प्रक्रिया को रदद करते हुये स्थगित करा दिया जाये, परन्तु प्रशासन ने उक्त मांग को गम्भीरता पूर्वक विचार नही किया है, इससे बबीना में सामाजिक र्दुभावना तथा अशांति फैलाने की सम्भावना प्रतीत हो रही है। इस संदर्भ में आगामी 6 मई 2024 को अपरांह पश्चात श्री वाल्मीकि मंदिर नगर निगम प्रांगण से विरोध जलूस उठेगा और कचहरी में जिला प्रशासन को तत्पर कार्यवाही जनहित में करने की जोरदार मांग करते हुये बबीना में शांति व्यवस्था एंव सद्भावना वनाये रखने का अनुरोध करेगा।

बैठक में सर्व श्री दयाराम पहलवान, प्रदीप वाल्मीकि, रवी माते, ओमप्रकाश शहर खलीफा, सूरज खलीफा, हरीभजन भगत जी, संजीव उर्फ बब्ली, संजू उस्ताज, रामजीसरन करौसिया, सुरेश ठेकेदार, उमेश ड्राईवर, मनोज प्याल, जितेन्द्र आगवान, कुलदीप पहलवान, मनोज सरदार ड्राईवर, नवलकिशोर प्याल, प्रमोद पहलवान, मोहन उर्फ वोरा, रवि खरारे, वीरेन्द्र दवोईया, कुन्दन गांचले, रविडागौर, प्रकाश चौधरी, नीलेश करौसिया, कपिल राय बग्गन, जीतू कर्जरया, कमलेश मटट्रू, सियाशरन दवोईया आदि उपस्थित रहे। संचालन श्री कैलाश जयमाई एंव आभार श्री लल्लन चौधरी ने व्यक्त किया।